वर्ष 24, अंक 306, पृष्ठ 08, मूल्य: 3.00

# अखंड भारत संदेश

www.akhandbharatsandesh.net

प्रयागराज से प्रकाशित

नगर संस्करण प्रयागराज | शुक्रवार 15 मई 2026 | विश्व निर्माण एवं मानव विकास को द्रुतगति प्रदान करने हेतु क्रियायोग आश्रम एवं अनुसंधान आश्रम की अनुपम भेंट

## युद्धस्तर पर हो राहत कार्य- योगी

## 22 जिलों में कुदरत का रौद्र रूप, तूफान-बारिश से 111 की मौत

**उत्तर प्रदेश**

**उत्तर** प्रदेश में भीषण मौसम का कहर जारी है, जहां आंधी, मलबा गिरने और बिजली गिरने जैसी घटनाओं में मरने वालों की संख्या बढ़कर 111 हो गई है। राजस्व सचिव और राहत आयुक्त डॉ. हृषिकेश भास्कर यशोद ने बताया कि पिछले 24 से 36 घंटों में बिजली गिरने और आंधी से संबंधित घटनाओं की समीक्षा के लिए जिला अधिकारियों के साथ बैठक की गई। राहत आयुक्त के अनुसार, मलबे और गिरे हुए पेड़ों के नीचे दबने से 107 लोगों की मौत हो गई, जबकि बिजली गिरने से चार लोगों की मौत हुई। इस आपदा में कुल 72 लोग घायल हुए।



- **अधिकारियों को 24 घंटे के अंदर पीड़ितों को राहत देने के आदेश दिये हैं।**
- **अधिकारियों ने 170 छोटे-बड़े जानवरों के मारे जाने की सूचना दी, जबकि 227 घरों को आंशिक या पूर्ण क्षति पहुंची।**

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रदेश में बेमौसम बारिश, आंधी और बिजली गिरने से हुए नुकसान का संज्ञान लेते हुए अधिकारियों को 24 घंटे के अंदर पीड़ितों को राहत देने के आदेश दिये हैं। अधिकारियों ने 170 छोटे-बड़े जानवरों के मारे जाने की सूचना दी, जबकि 227 घरों को आंशिक या पूर्ण क्षति पहुंची। प्रशासन ने बताया कि नुकसान की जानकारी जिला अधिकारियों से प्राप्त हुई है। अधिकारियों ने बताया कि उत्तर प्रदेश के 22 जिलों में भीषण मौसम के कारण नुकसान हुआ है। जिला मजिस्ट्रेटों को युद्धस्तर पर राहत और बचाव कार्य करने के निर्देश दिए गए हैं। राहत आयुक्त ने कहा कि सरकारी मानदंडों के अनुसार अनुग्रह राशि वितरण की प्रक्रिया शुरू हो गई है और इसकी निगरानी यहीं से की जा रही है। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रभावित क्षेत्रों में राहत कार्यों को तुरंत तेज करने के निर्देश दिए हैं। अधिकारियों ने यह भी बताया कि आपातकालीन हेल्पलाइन नंबर 1070 पर लगातार कॉल आ रहे हैं और तदनुसार कार्रवाई की जा रही है।

## एक्शन नहीं लिया तो अराजकता फैलेगी

### केजरीवाल समेत 5 आप नेताओं के खिलाफ अदालत की आपराधिक अवमानना का नोटिस




**नई दिल्ली**

**दिल्ली** हाईकोर्ट की जस्टिस स्वर्णकांता शर्मा ने अदालत की आपराधिक अवमानना के मामले में कड़ा रुख अपनाते हुए अरविंद केजरीवाल को नोटिस जारी किया है। अदालत ने स्पष्ट चेतावनी दी है कि यदि ऐसे मामलों में सख्त कार्रवाई नहीं की गई, तो समाज में अराजकता फैल जाएगी। इस मामले में केजरीवाल के अलावा आम आदमी पार्टी के अन्य वरिष्ठ नेताओं मनीष सिसोदिया, संजय सिंह और दुर्गेश पाठक के खिलाफ भी अवमानना की कार्रवाई की जाएगी। इस दौरान न्यायपालिका की गरिमा का जिक्र करते हुए कोर्ट ने एक बेहद अहम और कड़ी टिप्पणी की। अदालत ने कहा कि जब न्यायपालिका जैसी सर्वोच्च संस्था को कटघरे में खड़ा करने की कोशिश की जाती है, तो एक जज का यह सर्वोपरि दायित्व बन जाता है कि वह बिना किसी दबाव के काम करे और बदनामी की ऐसी कोशिशों से अपने फैसले को प्रभावित न होने दे। अदालत ने स्थिति को स्पष्ट करते हुए यह भी कहा कि जब जज को इस मामले की सुनवाई से अलग होने की याचिका पर विचार किया जा रहा था, तब कोर्ट को ऐसा लगा था कि यह मुद्दा केवल एक न्यायिक आदेश की वैधता और पक्षपात की आशंका तक ही सीमित है।

इससे पहले, अदालत ने कहा था कि वह आम आदमी पार्टी के नेताओं अरविंद केजरीवाल, मनीष सिसोदिया और दुर्गेश पाठक का प्रतिनिधित्व करने के लिए तीन वरिष्ठ अधिवक्ताओं को एमिकस क्यूरी के रूप में नियुक्त करेगी।

## हिजाब को इजाजत लेकिन नहीं चलेगा भगवा, कांग्रेस की सिद्धारमैया सरकार का नया आदेश

**कर्नाटक**

**कर्नाटक** की कांग्रेस सरकार ने स्कूल और कॉलेज के यूनिफॉर्म संबंधी अपने 5 फरवरी 2022 के आदेश वापस ले लिए और नए दिशानिर्देश जारी किए. इस बीच कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्धारमैया ने गुरुवार (14 मई 2026) को स्पष्ट किया कि शैक्षणिक संस्थानों में भगवा शॉल की अनुमति नहीं होगी. मैसूरु में उन्होंने कहा कि राज्य सरकार के आदेश में स्टूडेंट्स को मौजूदा धार्मिक प्रथाओं का पालन करने की अनुमति दी गई है, लेकिन स्कूलों और कॉलेजों के अंदर नई प्रथाओं को शुरू करने की अनुमति नहीं दी गई है. सीएम सिद्धारमैया ने कहा, 'भगवा रंग की शॉल पहनने की अनुमति नहीं है. इस तरह की शॉल नहीं पहनी जा सकतीं. पगड़ी, जनेऊ, रुद्राक्ष और हिजाब पहने जा सकते हैं.' हालांकि उन्होंने कहा कि केवल पहले से प्रचलित परंपराओं को ही अनुमति दी जाएगी. उन्होंने कहा, 'जब हम पगड़ी की बात करते हैं तो हमारा मतलब उन प्रथाओं से है जो पहले से मौजूद हैं।



## ममता के वकील की पोशाक में कोर्ट में आने पर विवाद


**पश्चिम बंगाल**

**पश्चिम** बंगाल की पूर्व मुख्यमंत्री और तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) की सुप्रीमो ममता बनर्जी गुरुवार को कलकत्ता उच्च न्यायालय में वकील के गाउन में राज्य में कथित चुनावोत्तर हिंसा से जुड़े एक मामले पर बहस करने के लिए पेश हुईं।

वह टीएमसी के वरिष्ठ नेताओं चंद्रिमा भट्टाचार्य और कल्याण बनर्जी के साथ अदालत पहुंचीं।

## जो अब तक नहीं हुआ है वह होकर रहेगा- सिंह

### पाकिस्तान को सीधी चेतावनी




**नई दिल्ली**

**रक्षा** मंत्री राजनाथ सिंह ने पाकिस्तान को कड़ी चेतावनी देते हुए कहा कि अगर उसने एक बार फिर भारत पर बुरी नजर डालने की हिम्मत की, तो ऐसा कुछ होगा जो पहले कभी नहीं हुआ। जयपुर में एक विशाल जनसभा को संबोधित करते हुए सिंह ने जोर देकर कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत ने दुनिया को स्पष्ट संदेश दिया है कि आतंकवाद को किसी भी हालत में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। रक्षा मंत्री ने अपने संबोधन के वीडियो के साथ एक्स पर पोस्ट किया, ऑपरेशन सिंदूर को एक साल पूरा हो गया है। जब पाकिस्तान समर्थित आतंकवादियों ने निर्दोष नागरिकों को निशाना बनाया, तो पूरा देश आक्रोशित हो गया। इसके बाद, भारत ने निर्णायक जवाब दिया और दुश्मन को चौंका दिया। हमने यह स्पष्ट कर दिया है कि भारत अब चुप रहने वाला देश नहीं है; हमलों का जवाब दुश्मन के घर में घुसकर दिया जाएगा, और कोई सीमा हमें रोक नहीं सकती। भारत के आतंकवाद-विरोधी दृढ़ रुख पर प्रकाश डालते हुए सिंह ने कहा कि देश ने शुरू से ही आतंकवाद के खिलाफ शून्य सहिष्णुता की नीति अपनाई है। उन्होंने ऑपरेशन सिंदूर की सफलता के लिए भारतीय सशस्त्र बलों की प्रशंसा करते हुए इसे एक ऐतिहासिक अभियान बताया, जिसने भारत की सैन्य प्रतिक्रिया में एक नया अध्याय जोड़ा है।

## सभी कांग्रेस नेताओं को मिलकर करना होगा काम- शशि थरूर

**केरल**

**कांग्रेस** सांसद शशि थरूर ने गुरुवार को केरल के मुख्यमंत्री चुने जाने पर वी.डी. सतीशान को बधाई दी और इसे पार्टी और राज्य की जनता के प्रति उनके नेतृत्व, समर्पण और सेवा का पूर्णतम सम्मान बताया। उन्होंने सतीशान की नियुक्ति पर खुशी व्यक्त की और विधानसभा चुनावों के दौरान उनके साथ प्रचार करने की यादें साझा कीं। उन्होंने यह भी कहा कि संयुक्त लोकतांत्रिक मोर्चे (यूडीएफ) की जीत गठबंधन के लिए सामूहिक जनादेश है और सभी वरिष्ठ नेताओं और गठबंधन सहयोगियों से राज्य की जनता की



अपेक्षाओं को पूरा करने के लिए मिलकर काम करने का आह्वान किया। थरूर ने एक पोस्ट में लिखा, वी.डी. सतीशान जी को कांग्रेस विधायक दल के नेता और केरल के मुख्यमंत्री पद के उम्मीदवार चुने जाने पर हार्दिक बधाई। यह उनकी दृढ़ता, दृढ़ विश्वास और हमारी पार्टी और जनता के प्रति वर्षों की समर्पित सेवा का पूर्णतम सम्मान है।

## सरकारी कर्मचारियों के लिए 2 दिन घर से काम अनिवार्य

### प्राइवेट कंपनियों को भी मिलेगी सलाह

**नई दिल्ली**

दिल्ली ने सरकारी कर्मचारियों के लिए सप्ताह में 2 दिन घर से काम करना अनिवार्य घोषित किया है, निजी क्षेत्र के लिए जल्द ही परामर्श जारी किया जाएगा। वहीं सरकार प्राइवेट कंपनियों से भी दो दिन के वर्क फ्रॉम होम की अपील करेगी। सीएम ने कहा है कि सरकार पेट्रोल-डीजल बचाने के लिए सरकारी और प्राइवेट दोनों स्तरों पर काम कर रही है। इसके लिए 'मेरा भारत मेरा योगदान' स्कीम शुरू की गई है। दिल्ली सरकार और दिल्ली नगर निगम (एमसीडी) व्यस्त समय में




यातायात जाम और ईंधन की खपत कम करने के लिए कार्यालय समय में भी बदलाव करेंगे। दिल्ली सरकार ईंधन की बचत और ज़िम्मेदार खपत के लिए नागरिकों को प्रोत्साहित करने हेतु एक अभियान शुरू करने की भी योजना बना रही है। सरकार ने सरकारी वाहनों का उपयोग कम करने का भी निर्णय लिया है। अधिकारियों को आवंटित पेट्रोल की सीमा 20% कम कर दी गई है, जिससे मासिक सीमा 200 लीटर से घटकर 200 लीटर हो गई है। सार्वजनिक परिवहन को बढ़ावा देने के उद्देश्य से एक अन्य कदम के तहत, दिल्ली में "मेट्रो दिवस" मनाया जाएगा, साथ ही सरकार लोगों से सप्ताह में एक बार "कार-मुक्त दिवस" मनाने की अपील करेगी।

## प्रतीक यादव पंचतत्व में विलीन, आंखों में आंसू लिए ससुर ने दी मुखाग्नि

**उत्तर प्रदेश**

समाजवादी पार्टी के संस्थापक मुलायम सिंह यादव के छोटे बेटे और बीजेपी नेता अपर्णा यादव के पति प्रतीक यादव का आज सुबह लखनऊ के भैसाकुंड में अंतिम संस्कार हो गया है. प्रतीक यादव के ससुर यानी अपर्णा यादव के पिता अरविंद सिंह बिष्ट ने प्रतीक यादव के पार्थिव शरीर को मुखाग्नि दी. इस दौरान अखिलेश यादव, धर्मेंद्र यादव, आदित्य यादव, शिवपाल सिंह यादव समेत परिवार के अन्य लोग मौजूद रहे.

बुधवार सुबह, 13 मई को अचानक तबीयत बिगड़ने के बाद



उनका निधन हो गया था. महज 38 साल की उम्र में प्रतीक यादव के निधन से राजनीतिक और सामाजिक हलों में शोक पसर गया है. कांग्रेस, बीजेपी और समाजवादी पार्टी के तमाम नेताओं ने इस पर दुख जताया है.

प्रतीक यादव के निधन पर जताया दुख

प्रतीक यादव के अंतिम संस्कार में समाजवादी पार्टी और भारतीय जनता पार्टी के तमाम बड़े नेता शामिल हुए. इस दौरान उन्होंने प्रतीक के अचानक निधन पर दुख जताया. उत्तर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने कहा, "ये बहुत दुखद घड़ी है. प्रतीक यादव असमय हमारे बीच से चले गए. मैं ईश्वर से प्रार्थना करता हूं कि उन्हें अपने श्री चरणों में स्थान दें और पूरे परिवार को इस असहनीय पीड़ा को सहने की ताकत दें." वहीं ब्रजेश पाठक की पत्नी नम्रता पाठक ने कहा कि उन्होंने अपना पूरा जीवन पत्नी और बच्चों में लगाया था और कुछ बड़ा करना चाहते हैं.

यूपी सरकार में कैबिनेट मंत्री ओम प्रकाश राजभर ने कहा कि ये दुखद घटना है. मैं ईश्वर से प्रार्थना करता हूं परिवार को दुख शक्ति दें. उनसे मेरी कभी मुलाकात नहीं हुई थी. यूपी की राज्यमंत्री बेबीरानी मौर्य ने कहा कि वो एक अच्छे इंसान था. मेरा तो उनसे व्यक्तिगत परिचय भी था. उनके चेहरे पर हमेशा मुस्कुराहट रहती थी, लोगों से अच्छी तरह से मिलते थे।

## बंगाल और असम के बाद यहां भी बीजेपी की बंपर जीत, पीएम ने जताया आभार

**हरियाणा**

**भारतीय** जनता पार्टी (भाजपा) ने बुधवार को हरियाणा नगर निकाय चुनावों में शानदार जीत हासिल की. प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा कि यह जीत एक बार फिर भाजपा के नेतृत्व वाली राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) सरकार की विकास और सुशासन नीतियों में जनता के अटूट विश्वास को दशार्ती है. मोदी ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा, हरियाणा के नगर निकाय चुनावों में भाजपा की शानदार विजय के लिए राज्य के मेरे



परिवारजनों का बहुत-बहुत आभार! उन्होंने कहा, इस जीत से एक बार फिर स्पष्ट हो गया है कि जनता-जनार्दन का भाजपा-राजग सरकार द्वारा किए जा रहे विकास और सुशासन की नीतियों पर अटूट विश्वास है. यह विजय राज्य की डबल इंजन सरकार पर हरियाणा के लोगों के भरोसे का भी प्रतीक है

मोदी ने कहा, ह्यह्यइस अवसर पर पार्टी के उन सभी कार्यकताओं का मैं हृदय से अभिनंदन करता हूं, जिन्होंने भाजपा की इस जीत में अहम भूमिका निभाई है उकलाना में 23 वर्षीय एक छात्र ने निर्दलीय उम्मीदवार के रूप में नगर समिति के अध्यक्ष पद पर जीत हासिल की। पार्टी ने हरियाणा के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा के गढ़ माने जाने वाले सांपला में नगरपालिका समिति अध्यक्ष पद पर जीत हासिल की।

## जिस तरह किया कोविड का मुकाबला, उसी तरह इस संकट भी करना होगा- सीएम योगी

**उत्तर प्रदेश**

**मुख्यमंत्री** योगी आदित्यनाथ ने कहा कि जिस तरह कोविड-19 जैसी वैश्विक महामारी के दौरान देशवासियों ने एकजुट होकर संकट का सामना किया था, पश्चिम एशिया में उत्पन्न परिस्थितियों के बीच उसी सामूहिक जिम्मेदारी और राष्ट्रीय भावना के साथ आगे बढ़ने की आवश्यकता है. यह वैश्विक संकट है, जिसका असर ईंधन, खाद्य व उर्वरक आपूर्ति पर पड़ सकता है. ऐसे समय हर नागरिक का दायित्व बनता है कि वह पब्लिक ट्रांसपोर्ट और रिन्यूएबल एनर्जी जैसे विकल्पों को अपनाकर देश के आत्मनिर्भरता अभियान को मजबूती दे.

मुख्यमंत्री ने पीएम मोदी की अपील का उल्लेख करते हुए ईंधन की बचत के लिए रिन्यूएबल एनर्जी, वैकल्पिक ऊर्जा स्त्रोतों, कार पूलिंग, मेट्रो, इलेक्ट्रिक व्हीकल और शटल बस जैसी व्यवस्थाओं को अपनाने का आह्वान किया. उन्होंने 7700 से अधिक गोआश्रय स्थलों में संरक्षित 15 लाख से अधिक गोवंश के माध्यम से ग्रामीण क्षेत्रों में गोबर गैस प्लांट आधारित सामूहिक किचन मॉडल विकसित करने की बात कही, जिससे एलपीजी पर निर्भरता कम हो सके. मुख्यमंत्री ने कहा कि संकट के समय देशहित सर्वोपरि होना चाहिए. हर नागरिक का दायित्व है कि वह राष्ट्र के साथ खड़ा होकर अपना योगदान दे.

उन्होंने अधूरी जानकारी के आधार पर नकारात्मक टिप्पणी करने वालों को आड़े हाथ लेते हुए कहा कि प्रधानमंत्री की अपील को पूरी गंभीरता से पढ़कर, समझकर और चिंतन-मनन के बाद ही निष्कर्ष निकालना चाहिए. देश रहेगा तो हम सब रहेंगे, प्रदेश सुरक्षित रहेगा तो हम



सब सुरक्षित रहेंगे और देश समृद्ध होगा तो हम सब भी समृद्धि की ओर अग्रसर होंगे.

बालिग होती पीढ़ी को सही जानकारी देना आवश्यक

मुख्यमंत्री ने कहा कि बालिग होती पीढ़ी को उत्तर प्रदेश के बारे में सही जानकारी देना आवश्यक है. 500 से 1500 वर्ष पूर्व तक भारत की विश्व अर्थव्यवस्था में हिस्सेदारी 44-45 प्रतिशत थी, कारण था जीवन के हर क्षेत्र में सामूहिकता, समन्वय और परस्पर सहयोग. भारत के पास दुनिया की सर्वश्रेष्ठ भूमि और जल संसाधन थे. विभिन्न क्षेत्रों में अलग-अलग प्रकार की परंपरागत खेती होती थी. खाद्य सुरक्षा के साथ-साथ मैन्युफैक्चरिंग और हस्तशिल्प का भी उत्कृष्ट तंत्र विकसित था. सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्योगों का जाल फैला हुआ था. भारतीय कारीगर और व्यापारी विश्व बाजार तक अपनी वस्तुओं को पहुंचाते थे. खेती, मैन्युफैक्चरिंग और पर्यटन की व्यापक संभावनाओं के कारण भारत विश्व की आर्थिक महाशक्ति बना.

मुख्यमंत्री ने कहा कि दुनिया में आज जो आर्थिक समृद्धि दिखाई दे रही है, उसकी जड़ें मात्र 400-500 वर्ष पुरानी हैं, जबकि भारत में यह समृद्धि इससे बहुत पहले विद्यमान थी।

## यूपी में गन्ना किसानों के खाते में भेजी गई राशि, 3.21 लाख करोड़ से अधिक का किया गया भुगतान

**मुख्यमंत्री** योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में प्रदेश सरकार पहले दिन से ही किसानों के हित में कार्य कर रही है. अपने पहले फैसले में किसानों की 36 हजार करोड़ रुपये से अधिक की कर्जमाफी करने वाली योगी सरकार के निर्देश पर किसानों को समय से गन्ना मूल्य भुगतान कराया जा रहा है.

योगी सरकार की नीतियों, पारदर्शी व तकनीक आधारित व्यवस्था ने गन्ना किसानों को वर्ष 2017 से अब तक कुल 3,21,963 करोड़ का रिकॉर्ड गन्ना मूल्य भुगतान कराकर इतिहास रचा है. भुगतान की धनराशि सीधे किसानों के बैंक खातों में भेजी जा रही है, जिससे बिचौलियों की भूमिका भी समाप्त हो गई. गन्ना एवं चीनी उद्योग अब प्रदेश की ग्रामीण अर्थव्यवस्था की रीढ़ बन चुका है. योगी सरकार किसानों की समृद्धि, युवाओं के रोजगार एवं ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूत बनाने के लिए पूरी प्रतिबद्धता के साथ कार्य कर रही है.

9 साल में रिकॉर्ड 3,21,963 करोड़ रुपये का भुगतान किया

गन्ना किसानों को समय से भुगतान करने में योगी सरकार की नीति पूर्व की सरकारों पर भारी पड़ी. 2007 से 2012 में गन्ना किसानों को 52,131 करोड़ रुपये का भुगतान किया गया, जबकि 2012 से 2017 में 95,215 करोड़ रुपये का भुगतान किया गया. वहीं 9 साल में योगी सरकार ने रिकॉर्ड 3,21,963 करोड़ रुपये का भुगतान किया।

# तेज आंधी-तूफान का कहर : महुआ का पेड़ गिरने से महिला की दर्दनाक मौत

अखंड भारत संदेश






**उतरांव।** प्रयागराज जनपद के उतरांव थाना क्षेत्र अंतर्गत सिंधौरा गांव में मंगलवार शाम आए तेज आंधी-तूफान ने एक परिवार की खुशियां छीन लीं। तेज हवा और बारिश के बीच घर के बाहर रखी उपली हटाने गई महिला पर अचानक महुआ का विशाल पेड़ गिर पड़ा, जिससे उसकी मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। घटना के बाद गांव में कोहराम मच गया और परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।

मिली जानकारी के अनुसार सिंधौरा गांव निवासी राज देवी (55 वर्ष) पत्नी स्वर्गीय जीत लाल विश्वकर्मा मंगलवार शाम तेज तूफान के दौरान घर के बाहर रखी उपली सुरक्षित करने के लिए गई थीं। उसी दौरान तेज हवाओं के कारण पास में खड़ा महुआ का पुराना पेड़ अचानक भरभराकर गिर पड़ा। पेड़ की चपेट में आने से राज देवी गंभीर रूप से घायल हो गईं। आसपास मौजूद ग्रामीण दौड़कर मौके पर पहुंचे, लेकिन तब तक उनकी मौत हो चुकी थी।

घटना की सूचना मिलते ही उतरांव थाना पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस मामले की आवश्यक विधिक कार्रवाई में जुटी हुई है।

बताया जा रहा है कि मृतका के परिवार की आर्थिक स्थिति बेहद कमजोर है। उनके चार बेटे संजय, संदीप, प्रदीप और रवि मजदूरी कर परिवार का भरण-पोषण करते हैं। वहीं बेटियां मंजू, संजू, अंजू और रंजू का भी रो-रोकर बुरा हाल है। गांव में घटना के बाद शोक की लहर दौड़ गई है। ग्रामीणों ने प्रशासन से पीड़ित परिवार को आर्थिक सहायता दिलाने की मांग की है।

## आठ महीने से लापता बुजुर्ग की तलाश में जुटी मांडा पुलिस, परिजनों ने आमजन से मांगी मदद



**मांडा।** इलाकाई थाना क्षेत्र के शुक्लपुर गांव निवासी गुलाब शंकर मिश्रा बीते आठ महीनों से लापता हैं। 24 सितंबर को घर से जिगिना के लिए निकले वृद्ध की राह देखते-देखते उनका परिवार अब चिंता में डूबा है, लेकिन इस कठिन समय में मांडा पुलिस का संवेदनशील रवैया पीड़ित परिवार के लिए उम्मीद की एक किरण बना हुआ है।परिजनों की तहरीर पर मांडा थाने में गुमशुदगी दर्ज होने के बाद से ही स्थानीय पुलिस पूरी तत्परता के साथ जांच में जुटी है। मामले की संवेदनशीलता को समझते हुए उप-निरीक्षक (दरोगा) अमीर खान उस्मानी ने व्यक्तिगत रुचि दिखाई है। दरोगा उस्मानी ने भरोसा दिलाया है कि पुलिस की विशेष टीम लगातार बुजुर्ग की खोजबीन कर रही है। उन्होंने कहा हम इस मामले को प्राथमिकता पर ले रहे हैं और हर संभव प्रयास किया जा रहा है कि गुलाब शंकर मिश्रा को जल्द से जल्द सुरक्षित बरामद कर उनके परिजनों से मिलाया जा सके।

**परिजनों ने की जनता से अपील**

लापता वृद्ध के भाई लक्ष्मीकांत मिश्रा ने बताया कि पुलिस मामले को गंभीरता से देख रही है और जांच आगे बढ़ रही है। परिवार ने मीडिया के माध्यम से आम जनमानस से भावुक अपील की है। उन्होंने कहा, हमारा परिवार आठ महीने से गहरे सदमे में है। यदि किसी भी सज्जन को कहीं भी गुलाब शंकर मिश्रा दिखाई दें, तो वे तत्काल मांडा पुलिस या हमें सूचित करें। आपकी एक छोटी सी जानकारी किसी परिवार को बिखरने से बचा सकती है।यदि आपके पास लापता गुलाब शंकर मिश्रा के बारे में कोई भी सूचना हो, तो कृपया मांडा थाने से संपर्क करें या उनके परिजनों को सूचित करें। मानवता के नाते इस संदेश को अधिक से अधिक साझा करें ताकि यह सूचना सही व्यक्ति तक पहुँच सके।

## आंधी में टूटी छत की बाउंड्री बनी जानलेवा महिला की इलाज के दौरान मौत

अखंड भारत संदेश

**प्रयागराज।** जनपद के कौंधियारा थाना क्षेत्र में आई तेज आंधी और तूफान ने एक परिवार की खुशियां छीन लीं। सलैया नौगवां गांव में तेज हवाओं के चलते मकान की छत पर बनी बाउंड्री अचानक भरभराकर गिर गई, जिसकी चपेट में आने से एक बुजुर्ग महिला गंभीर रूप से घायल हो गईं। परिजन उन्हें आनन-फानन में उपचार के लिए निजी अस्पताल ले गए, जहां गुरुवार को इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई। घटना के बाद पूरे गांव में शोक का माहौल है और परिवार का रो-रोकर बुरा हाल है।

मिली जानकारी के अनुसार सलैया नौगवां गांव निवासी सिपाही लाल पाल की पत्नी गुजराती देवी (65 वर्ष) बुधवार शाम घर के बाहर मौजूद थीं। उसी दौरान क्षेत्र में तेज आंधी और बारिश शुरू हो गई। अचानक तेज हवा के दबाव से मकान की छत पर बनी पुरानी बाउंड्री दीवार भरभराकर नीचे गिर पड़ी। बाउंड्री सीधे गुजराती देवी के ऊपर आ गिरी, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गईं। हादसे की आवाज सुनकर आसपास के लोग और परिजन मौके पर दौड़े और उन्हें मलबे के नीचे से बाहर निकाला।

घटना के तुरंत बाद परिजन घायल महिला को लेकर नजदीकी निजी अस्पताल पहुंचे, जहां डॉक्टरों ने उनकी हालत गंभीर बताते हुए इलाज शुरू किया। सिर और शरीर के अन्य हिस्सों में गंभीर चोट लगने के कारण उनकी स्थिति लगातार नाजुक बनी रही। काफी प्रयास के बावजूद गुरुवार को उपचार के दौरान गुजराती देवी ने दम तोड़ दिया। महिला की मौत की खबर मिलते ही परिवार में चीख-पुकार मच गई। गांव के लोग भी परिवार को सांत्वना देने पहुंच रहे हैं।

स्थानीय ग्रामीणों का कहना है कि बुधवार शाम अचानक मौसम ने करवट ली थी। तेज आंधी और तूफान के चलते कई जगह पेड़ टूटकर गिर गए तथा कच्चे और पुराने मकानों को भी नुकसान पहुंचा। ग्रामीणों के अनुसार कई मकानों की दीवारें और छतें कमजोर हालत में हैं, जिससे इस तरह की घटनाओं का खतरा बना रहता है। लोगों ने प्रशासन से मांग की है कि जर्जर मकानों और कमजोर निमार्णों की जांच कर आवश्यक कार्रवाई की जाए, ताकि भविष्य में ऐसी दुर्घटनाओं को रोका जा सके।

घटना के बाद पूरे गांव में मातम पसरा हुआ है। गुजराती देवी गांव में मिलनसार स्वभाव की महिला मानी जाती थीं। उनके निधन से ग्रामीणों में भी दुख व्याप्त है। परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। वहीं ग्रामीणों ने प्राकृतिक आपदा में हुई इस मौत पर प्रशासन से आर्थिक सहायता दिलाने की मांग भी उठाई है।

## विवाहिता मौत मामले में पति समेत पांच पर दहेज हत्या का केस

**करछना प्रयागराज।** करछना थाना क्षेत्र के करछना गांव में विवाहिता की मौत के मामले में पुलिस ने पति समेत पांच ससुरालीजनों के खिलाफ दहेज हत्या और उत्पीड़न का मुकदमा दर्ज किया है। पुलिस ने आरोपित पति को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। जानकारी के अनुसार गांव निवासी सुहानी प्रजापति पत्नी शिवानंद प्रजापति ने सात मई की सुबह कमरे के अंदर फंदे से लटककर जान दे दी थी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया था। पोस्टमार्टम रिपोर्ट में मौत का कारण फांसी लगना बताया गया। मृतका के मायके पक्ष ने ससुराल वालों पर दहेज के लिए प्रताड़ित करने और हत्या का आरोप लगाते हुए तहरीर दी। इसके आधार पर पुलिस ने पति शिवानंद, सास-ससुर, जेठ और जेठानी के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

## प्रधानमंत्री पर टिप्पणी के विरोध में भाजपाइयों का प्रदर्शन, पुतला दहन कर जताया आक्रोश

अखंड भारत संदेश



**शंकरगढ़।** यमुनापार क्षेत्र के बारा विधानसभा में भारतीय जनता पार्टी के पूर्व जिलाध्यक्ष विभवनाथ भारती के नेतृत्व में जोरदार विरोध प्रदर्शन किया गया। यह प्रदर्शन सपा सांसद अजेंद्र सिंह लोधी द्वारा माननीय प्रधानमंत्री के खिलाफ कथित अभद्र टिप्पणी तथा राजकुमार भाटी द्वारा ब्राह्मण समाज पर की गई कथित आपत्तिजनक टिप्पणी के विरोध में आयोजित किया गया। इस दौरान शिवराजपुर-शंकरगढ़ चौराहे पर दोनों नेताओं के पुतले फूंके गए। प्रदर्शनकारियों ने जमकर नारेबाजी करते हुए अपने आक्रोश का इजहार किया और दोनों नेताओं के बयानों की कड़ी निंदा की।

पूर्व जिलाध्यक्ष विभवनाथ भारती ने कहा कि देश के प्रधानमंत्री और किसी भी समाज के सम्मान के खिलाफ अपमानजनक भाषा कतई बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने दोनों नेताओं से सार्वजनिक रूप से माफी मांगने की मांग की।प्रदर्शन के दौरान क्षेत्र का राजनीतिक माहौल गरमाया रहा और बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता मौजूद रहे। इस अवसर पर संतोष त्रिपाठी, मसुरियादीन वर्मा, कमलेश त्रिपाठी, शिवराम सिंह परिहार, छेदी लाल कोटार्य, सोम नाथ वर्मा, दीपक केसरवानी, लल्लू त्रिपाठी, डॉ सत्यरंजन समद्दार, देव द्विवेदी, मुन्ना मिश्रा, रमेश मिश्रा, हुकुम नाथ, सत्येन्द्र चौरसिया, देव दुबे, अशोक यादव, राकेश सिंह, श्रीकांत, विजय शर्मा सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## प्राथमिक विद्यालय अल्हवा की बाउंड्रीवॉल क्षतिग्रस्त

### प्रधान की मांग पर विधायक ने निर्माण हेतु बीएसए को लिखा पत्र

अखंड भारत संदेश



**पसना।** प्रयागराज जिले के कोरांव ब्लॉक स्थित अल्हवा प्राथमिक विद्यालय की बाउंड्रीवॉल क्षतिग्रस्त हो गई है। इससे विद्यालय परिसर असुरक्षित हो गया है। ग्राम प्रधान अहद अहमद सिद्दीकी उर्फ शहजादे की मांग पर कोरांव विधायक राजमणि कोल ने जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी (इरअ) को पत्र लिखा है। विद्यालय की बाउंड्रीवॉल ध्वस्त होने से उसकी सुरक्षा और रखरखाव में समस्या आ रही है। ग्राम प्रधान ने पहले जिला प्रशासन और क्षेत्रीय विधायक से इस निर्माण कार्य के लिए धन उपलब्ध कराने की अपील की थी।

ग्राम पंचायत अल्हवा की ग्राम निधि बहुत कम है, जिससे समग्र ग्रामीण विकास संभव नहीं हो पाता। हालांकि, ग्राम प्रधान ने 2021-22 में चुनाव जीतने के बाद बाहरी जनप्रतिनिधियों और मनरेगा के माध्यम से कई विकास कार्य कराए हैं, जो पहले कागजों पर ही होते थे।

ग्राम प्रधान ने मनरेगा योजना और अन्य वित्तीय मदों से खंड विकास अधिकारी, जिला विकास अधिकारी और मुख्य विकास अधिकारी जैसे अधिकारियों से बाउंड्रीवॉल निर्माण के लिए धन स्वीकृति की मांग की थी, लेकिन किसी ने भी इसे मंजूरी नहीं दी। खंड विकास अधिकारी ने तो मनरेगा से भी इसके निर्माण की अनुमति नहीं दी थी।

इसके बाद ग्राम प्रधान ने भाजपा विधायक कोरांव राजमणि कोल से इस मामले में हस्तक्षेप का आग्रह किया। विधायक ने फोन पर जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी, इलाहाबाद से बात की और उन्हें बाउंड्रीवॉल के निर्माण के संबंध में एक पत्र भी भेजा है।

## खाना पकाने के बाद भड़की चूल्हे की आग, गृहस्थी का सामान जलकर राख

अखंड भारत संदेश



**प्रयागराज।** जनपद के कौंधियारा थाना क्षेत्र अंतर्गत बड़गोहना खुर्द गांव में गुरुवार दोपहर एक बड़ा हादसा होते-होते टल गया, जब एक घर में अचानक आग लगने से अफरा-तफरी मच गई। आग इतनी तेजी से फैली कि देखते ही देखते घर में रखा गृहस्थी का सामान जलकर राख हो गया। ग्रामीणों की तत्परता और घंटों की मशक्कत के बाद किसी तरह आग पर काबू पाया जा सका। घटना के बाद पीड़ित परिवार का रो-रोकर बुरा हाल है और उसने प्रशासन से आर्थिक सहायता की मांग की है।

जानकारी के अनुसार बड़गोहना खुर्द गांव निवासी राजकरन उर्फ नाऊ वर्मा पुत्र स्वर्गीय महादेव दानी के घर में गुरुवार दोपहर लगभग एक बजे अचानक आग लग गई। बताया जा रहा है कि सुबह परिवार द्वारा भोजन बनाया गया था और चूल्हे में आग पूरी तरह बुझाई नहीं गई थी। दोपहर के समय घर के अंदर रखे चूल्हे से निकली चिंगारी धीरे-धीरे फैल गई और देखते ही देखते उसने विकराल रूप धारण कर लिया।

प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक सबसे पहले पड़ोसियों ने घर से उठता हुआ धुएं का गुबार देखा। धुआं और लपटें निकलती देख गांव में हड़कंप मच गया। पड़ोसियों ने शोर मचाकर आसपास के लोगों को बुलाया, जिसके बाद बड़ी संख्या में ग्रामीण मौके पर पहुंच गए। ग्रामीणों ने बाल्टी, ड्रम और हैंडपंप के सहारे पानी डालकर आग बुझाने का प्रयास शुरू किया। काफी देर की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया जा सका, लेकिन तब तक घर में रखा जरूरी सामान जल चुका था।

पीड़ित राजकरन ने बताया कि वह सुबह खाना बनाने के बाद चूल्हे में थोड़ी आग छोड़कर आम के पेड़ के पास चले गए थे। उन्हें अंदेशा नहीं था कि वही आग इतनी बड़ी दुर्घटना का कारण बन जाएगी। उन्होंने बताया कि आग लगने से घर में रखा अनाज, कपड़े, बिस्तर तथा अन्य घरेलू सामान जलकर नष्ट हो गया। घटना के बाद परिवार के सामने रोजमर्रा की जरूरतों का संकट खड़ा हो गया है।

ग्रामीणों का कहना है कि यदि समय रहते आग पर काबू नहीं पाया जाता तो आग आसपास के अन्य घरों तक भी पहुंच सकती थी, जिससे बड़ा हादसा हो सकता था। गांव के लोगों ने प्रशासन से पीड़ित परिवार को तत्काल राहत सामग्री और आर्थिक सहायता उपलब्ध कराने की मांग की है।

घटना के बाद गांव में लोगों के बीच भय और चिंता का माहौल है। ग्रामीणों ने लोगों से अपील की है कि खाना पकाने के बाद चूल्हे की आग को पूरी तरह बुझाकर ही घर से बाहर जाएं, ताकि इस प्रकार की घटनाओं से बचा जा सके। वहीं पीड़ित परिवार अब प्रशासन से मदद मिलने की उम्मीद लगाए बैठा है।

## बेटे ने वृद्ध पिता की हत्या कर शव को घर के पीछे खेत में दफनाया

अखंड भारत संदेश

**उतरांव।** उतरांव थाना क्षेत्र के शीठोली गांव में दो दिन पहले बेटे ने अपने वृद्ध पिता की हत्या कर शव को घर के पीछे खेत में दफना दिया था। सूचना पर उतरांव पुलिस मौके पर पहुंचकर आरोपी बेटे से पूछ तांछ कर शवको खुदवा कर कब्जे में लेकर पीएम के लिए भेज दिया। शीठोली गांव निवासी दयाराम यादव 60 किसान है। उनका सबसे छोटा बेटा विजय कुमार 2 दिन पहले पिता दयाराम यादव की रात के समय दलान में लाठी डंडे से पीट कर हत्या कर उनका शव घर के पीछे खेत में दफना दिया था। बुधवार को विजय कुमार जहां अपने पिता का

> **पुलिस को बताया कि खाने में नमक रोटी देते थे इसलिए हत्या कर दिया।**

शव दफन किया था वहीं पर मिट्टी फेंक रहा था। इस बात की शंका उसके चचेरे भाई को हुई तो उसने घटना की सूचना 112 पर दी। पुलिस मौके पर पहुंच गई। 112 पुलिस द्वारा उतरांव पुलिस को सूचना दी। जहां उत्तरांव पुलिस भी मौके पर पहुंच गई। विजय कुमार को पकड़ कर कड़ाई से पूछताछ किया । पिता की हत्या की बात स्वीकार करते हुए यह कहा कि खाने में नमक रोटी देते थे इसलिए हमने हत्या कर दी। फिलहाल पुलिस ने विजय कुमार के निशान देही पर शव को कब्र से खुदवा कर कब्जे में लेकर पीएम के लिए भेज दिया। मृतक दयाराम यादव चार भाइयों में सबसे छोटे थे। इनके तीन बेटे थे। सबसे छोटा बेटा विजय कुमार था। दूसरे नंबर का बेटा संजय हत्या के मामले में जेल में है। पहले नंबर का बेटा परिवार सहित बाहर रहता है। पत्नी पैरालिसिस से पीड़ित है। थाना अध्यक्ष उतरांव विनय कुमार सिंह ने बताया कि पिता के हत्या आरोपी बेटे को पूछताछ के लिए हिरासत में लिया गया है। उसकी मानसिक स्थिति ठीक नहीं है। तहरीर मिलने पर विधि कार्यवाही की जाएगी।

## देखि सुदामा की दीन दशा करुणा करिके करुणानिधि रोए...

अखंड भारत संदेश






**जंघई।** बभनियांव, शुक्लान पंडितान गांव में मुख्य यजमान विष्णुभूषन शुक्ल एवं गीता देवी के निवास पर आयोजित संगीतमय श्रीमद्भागवत महापुराण कथा ज्ञान यज्ञ महोत्सव में सातवें दिन कथा व्यास राघवेंद्र प्रप्पनाचार्य जी महाराज श्रीधाम वृंदावन ने सुदामा चरित्र और राजा परीक्षित मोक्ष आदि प्रसंगों का सुंदर वर्णन करते हुए कहा सुदामा जी जितेंद्रिय एवं भगवान कृष्ण के परम मित्र थे हमेशा भगवान के ध्यान में मग्न रहते थे। धर्म पत्नी सुशीला सुदामा जी से बार-बार आग्रह करती कि आपके मित्र तो द्वारकाधीश हैं उनसे जाकर मिलो शायद वह हमारी मदद कर दें। पत्नी के कहने पर सुदामा द्वारका पहुंचते हैं और जब द्वारपाल भगवान कृष्ण को बताते हैं कि सुदामा नाम का ब्राम्हण आया है। तो श्रीकृष्ण यह सुनकर नंगे पैर दौड़कर आते हैं और अपने मित्र को गले से लगा लेते। उनकी दीन दशा देखकर कृष्ण के आंखों से अश्रुओं की धारा प्रवाहित होने लगती है। सिंघासन पर बैठाकर कृष्ण जी सुदामा के चरण अपने अश्रु से धोते हैं। सुदामा जी श्री कृष्ण से विदा लेकर अपने घर लौटते हैं तो भगवान कृष्ण की कृपा से अपने यहां महल बना पाते हैं लेकिन सुदामा जी अपनी घास फूंस की बनी कुटिया में रहकर भगवान का सुमिरन करते हैं महाराज ने परीक्षित मोक्ष की कथा सुनाकर कथा को संपन्न किया कथा का श्रवण कर समस्त श्रोता मंत्र मुग्ध हो गए कथा संपन्न होने पर पूणार्हुति हवन महाप्रसाद का आयोजन किया गया। इस अवसर पर इंजीनियर घनश्याम पांडेय, जिला पंचायत सदस्य बृज कुमारी पांडेय, बृजेश मिश्रा, पिंटू मिश्रा, पंडित शशिभूषण शुक्ल, पंडित उमेश शुक्ल, पंडित श्रीभूषण शुक्ल, पंडित भालचंद्र शुक्ल, पंडित अखिलेश नारायण शुक्ल, सर्वेश शुक्ल, देवेश शुक्ल, लोकेश शुक्ल, धर्मेश शुक्ल, ज्ञानेश शुक्ल, नितिश शुक्ल, यश शुक्ल, हर्ष शुक्ल, आदर्श, गणेश, गोलू उद्धव शुक्ल, शिवांश शुक्ल, प्रवीण तिवारी, छोटू तिवारी, हरिओम पांडेय, धर्मराज तिवारी, रामबिहारी मिश्रा, पंडित शुभम तिवारी, सतीश तिवारी, अशोक मिश्रा, दीपनारायण पांडेय, हर्ष, उद्धव, दीपेश सहित तमाम लोग मौजूद रहे।

# ईंधन बचत एवं स्वच्छ ऊर्जा को बढ़ावा देने हेतु नगर निगम प्रयागराज में विशेष बैठक आयोजित




**अखंड भारत संदेश**

**प्रयागराज।** नगर निगम प्रयागराज द्वारा पेट्रोल, डीजल एवं सीएनजी की बचत तथा वैकल्पिक ऊर्जा स्त्रोतों को बढ़ावा देने के उद्देश्य से नगर निगम की नई बिल्डिंग सभागार में एक विशेष बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता महापौर उमेश चंद्र गणेश केसरवानी ने की।

इस अवसर पर महापौर ने कहा कि राष्ट्रहित में ऊर्जा संरक्षण समय की आवश्यकता है। उन्होंने माननीय प्रधानमंत्री के आह्वान का उल्लेख करते हुए नागरिकों से अपील की कि निकट दूरी के कार्यों के लिए निजी वाहनों का कम उपयोग करें तथा स्मार्ट सिटी परियोजना के अंतर्गत विभिन्न चौराहों पर उपलब्ध साइकिल सुविधा का अधिकाधिक उपयोग करें। उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में इलेक्ट्रिक वाहनों को भी बढ़ावा दिया जा रहा है, जिससे ईंधन की बचत के साथ पर्यावरण संरक्षण में भी सहायता मिलेगी। नगर आयुक्त श्री साई तेजा ने बैठक में बताया कि नगर निगम द्वारा डोर-टू-डोर कूड़ा संग्रहण व्यवस्था को और अधिक प्रभावी बनाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि लगभग 300 टन गीले कूड़े से 25 से 30 प्रतिशत तक सीएनजी उत्पादन में सफलता प्राप्त हुई है तथा कूड़ा संग्रहण प्रक्रिया को और बेहतर बनाकर अतिरिक्त 10 प्रतिशत सीएनजी उत्पादन का लक्ष्य रखा गया है।

नगर आयुक्त ने संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश देते हुए कहा कि कार्यों में किसी प्रकार की लापरवाही स्वीकार नहीं की जाएगी तथा स्वच्छ ऊर्जा उत्पादन एवं कूड़ा प्रबंधन को प्राथमिकता के साथ आगे बढ़ाया जाए। बैठक में माननीय पार्षदगण, अपर नगर आयुक्त, नगर निगम के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

## चकडीहा में कोटे की दुकान का चयन : जिलाधिकारी के आदेश पर आज होगी बैठक, पुरानी प्रक्रिया निरस्त

**मांडा।** यमुनापार क्षेत्र के विकास खंड मांडा की ग्राम पंचायत चकडीहा में कोटे की दुकान के चयन को लेकर 15 मई, शुक्रवार को पुनः बैठक आयोजित की जाएगी। प्रयागराज जिलाधिकारी के आदेश पर यह निर्णय लिया गया है, क्योंकि पूर्व में हुई चयन प्रक्रिया को निरस्त कर दिया गया था। ग्राम पंचायत चकडीहा में राशन की दुकान के संचालक के खिलाफ कार्ड धारकों द्वारा भ्रष्टाचार और अनियमितता की शिकायतें मिली थीं। शीर्ष अधिकारियों ने विगत महीनों में इन शिकायतों की गहनता से जांच की, जिसमें शिकायतें सत्य पाई गईं। इसके बाद कोटे की दुकान का लाइसेंस रद्द कर दिया गया था। जिलाधिकारी के निर्देश पर दो माह पूर्व कोटे की दुकान के लिए खुली बैठक कर चयन किया गया था। हालांकि, यह चयन प्रक्रिया शासनादेश के अनुरूप नहीं थी, जिसके कारण इसे भी निरस्त कर दिया गया। बीडीओ मांडा अनीस अहमद ने बताया कि 2023 में बनी समूह सखी टीम को राशन की दुकान का चयन कर दिया गया था, जबकि शासनादेश 7 जुलाई 2020 से पहले के समूह को प्राथमिकता देने का था। इसी के सापेक्ष, अब पुनः 15 मई, शुक्रवार को बैठक आयोजित की गई है। इस चयन प्रक्रिया में नायब तहसीलदार मांडा, बीडीओ मांडा, एडीओ (आईएसबी) और सेक्टर प्रभारी एडीओ (एसटी) सहित अन्य अधिकारी शामिल रहेंगे।

## डिजिटल जनगणना को लेकर प्रयागराज में जागरूकता अभियान तेज

### 14 मई तक करीब 19,782 लोगों ने की स्व-गणना, गांवों तक पहुंचाई जा रही जानकारी

**अखंड भारत संदेश**

**प्रयागराज।** जनगणना-2027 को पूरी तरह डिजिटल माध्यम से कराने की तैयारी के तहत प्रयागराज में स्व-गणना अभियान तेज कर दिया गया है। जिलाधिकारी की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट में शुरू किए गए इस अभियान के अंतर्गत आमजन को मोबाइल और ऑनलाइन माध्यम से स्वयं अपनी जनगणना करने के लिए प्रेरित किया जा रहा है।प्रशासन की ओर से 7 मई से 21 मई तक 14 दिवसीय विशेष जन-जागरूकता एवं सहभागिता अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में गुरुवार को ह्लएजुकेशन डेह्व के रूप में मनाते हुए विभिन्न शिक्षण संस्थानों और विभागों के माध्यम से लोगों को स्व-गणना के लिए जागरूक किया गया।नगर पंचायत मऊआइमा में स्व-गणना अभियान के प्रचार-प्रसार के लिए पोस्टर और लाउडस्पीकर लगी कूड़ा गाड़ियों का उपयोग किया गया। वहीं टीएससीटी के पदाधिकारियों तथा बेसिक शिक्षा विभाग के शिक्षक-शिक्षिकाओं ने भी स्व-गणना कर लोगों को इसके लिए प्रेरित किया।प्रशासन ने बताया कि स्व-गणना के लिए निर्धारित पोर्टल पर सभी प्रश्नों का उत्तर भरने के बाद एक एसई-आईडी जारी होगी। इसे सुरक्षित रखना होगा और क्षेत्रीय प्रगणक को उपलब्ध कराने के बाद ही जनगणना प्रक्रिया पूर्ण मानी जाएगी।अधिकारियों ने लोगों से अपील की है कि स्व-गणना करते समय की फोटो सोशल मीडिया और व्हाट्सएप स्टेटस पर साझा कर जागरूकता अभियान में सहयोग करें। किसी प्रकार की समस्या होने पर टोल फ्री नंबर 1855 पर संपर्क किया जा सकता है। प्रशासन ने उपजिलाधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि ग्राम प्रधानों और कोटेदारों के माध्यम से गांव-गांव तक स्व-गणना की जानकारी पहुंचाई जाए, ताकि अधिक से अधिक लोगों की भागीदारी सुनिश्चित हो सके। प्रशासनिक आंकड़ों के अनुसार 14 मई तक प्रयागराज में 19,782 लोग स्व-गणना प्रक्रिया पूरी कर चुके हैं।

## बसपा की मंडलीय समीक्षा बैठक में संगठन विस्तार, कई पदाधिकारियों की हुई नियुक्ति

- बहन कुमारी मायावती के निर्देश पर प्रयागराज मंडल में हुई समीक्षा बैठक
- अजय मिश्रा बने बसपा जिला उपाध्यक्ष कौशांबी

**अखंड भारत संदेश**

**प्रयागराज।** बहुजन समाज पार्टी की प्रयागराज मंडल स्तरीय समीक्षा बैठक गुरुवार को आयोजित की गई। बैठक में पार्टी की राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं उत्तर प्रदेश की पूर्व मुख्यमंत्री मायावती के निर्देश पर संगठन को मजबूत करने के उद्देश्य से जनपद कौशाम्बी में कई नए पदाधिकारियों की नियुक्ति की घोषणा की गई।

बैठक मंडल प्रभारी गया चरण दिनकर एवं दिनेश चंद्रा के निर्देशन में संपन्न हुई।जिला अध्यक्ष शैलेन्द्र कुमार ने बताया कि पार्टी संगठन को बूथ स्तर तक मजबूत करने तथा आगामी कार्यक्रमों को प्रभावी ढंग से संचालित करने के लिए यह बदलाव किए गए हैं।घोषित पदाधिकारियों में अजय मिश्रा को जिला उपाध्यक्ष,गिरीश पासी को जिला महासचिव,सुकुरु लाल निर्मल एवं सावन कुमार गौतम को जिला कार्यकारिणी सदस्य बनाया गया है। इसके अलावा गंगावी देवी को जिला वामसेफ सपोर्टर,सुभाष रमन को जिला संयोजक वीवीए, ओवैद अख्तर को विधानसभा मंझनपुर का कोषाध्यक्ष तथा अभिनव कुमार को रामसेवक मंझनपुर का विधानसभा संयोजक नियुक्त किया गया। इसी क्रम में रामचंद्र सरोज को सिराथू विधानसभा महासचिव, मो.विटेव को सिराथू विधानसभा कोषाध्यक्ष,आरती सिंह को समाजक संयोजक तथा हर्षित वर्मा को वामसेफ चायल का संयोजक बनाया गया है।जिला अध्यक्ष शैलेन्द्र कुमार ने कहा कि सभी नवनियुक्त पदाधिकारी पार्टी की नीतियों को जन-जन तक पहुंचाने का कार्य करेंगे और संगठन को और अधिक मजबूत बनाएंगे।

# भाकियू प्रयाग की ललकारा से गूँज उठी बारा तहसील, अवैध कब्जा, एकतरफा पैमाइश प्रशासनिक मिलीभगत के खिलाफ

### किसानों की जमीनों पर कब्जा कराने वालों के विरुद्ध आंदोलन की दिया चेतावनी, डीएम के नाम का सौंपा ज्ञापन

**अखंड भारत संदेश**

**बारा प्रयागराज।** भारतीय किसान यूनियन प्रयाग ने किसानों, मजदूरों एवं गरीब भूमिधरों की जमीनों पर बढ़ते अवैध कब्जों, फर्जी पैमाइश, प्रशासनिक मिलीभगत तथा भूमाफियाओं के बढ़ते प्रभाव के खिलाफ आखिर में संगठन ने गरीबों के हक दिलाने का मोर्चा खोल दिया है। संगठन ने जिलाधिकारी प्रयागराज को ज्ञापन सौंपते हुए चेतावनी दी है कि यदि दोषियों पर निष्पक्ष कार्रवाई नहीं हुई तो तहसील से लेकर जिला स्तर तक व्यापक धरना-प्रदर्शन और आंदोलन किया जाएगा।

भाकियू प्रयाग द्वारा सौंपे गए ज्ञापन में आरोप लगाया गया है कि तहसील बारा सहित विभिन्न क्षेत्रों में गरीब किसानों और मजदूरों की भूमिधरी जमीनों को जानबूझकर विवादित बनाया जा रहा है। बिना किसी वैधानिक प्रक्रिया और लिखित आदेश के जमीनों की पैमाइश कराकर प्रभावशाली लोगों, भूमाफियाओं और पैसे वालों को कब्जा दिलाने का कार्य किया जा रहा है। इससे किसान लगातार तहसीलों और अधिकारियों के चक्कर काटने को मजबूर हैं, लेकिन उन्हें न्याय नहीं मिल रहा।

संगठन ने गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि कई मामलों में लेखपालों और कानूनगो द्वारा झूठी एवं विरोधाभासी रिपोर्ट लगाई जा रही हैं। कहीं दोनों पक्षों के समर्थन में अलग-अलग रिपोर्ट तैयार की जा रही है तो कहीं मृतक व्यक्तियों की जमीनों पर दूसरे लोगों को खड़ा कर कब्जा कराने के प्रयास किए जा रहे हैं। इससे गांवों में तनाव, मारपीट और आपराधिक घटनाओं का खतरा बढ़ता जा रहा है।

भाकियू प्रयाग ने कहा कुछ धन लोभी दलाल भू माफियाओ और प्रभावशाली लोगों के पक्ष में कब्जा दिलाने का कार्य किया जा रहा है।ज्ञापन में यह भी कहा गया कि किसानों की जमीनों पर दबाव बनाने आने वाले कई लोगों की गाड़ियों पर ह्लअधिवक्ताह्व और ह्लउच्च न्यायालयह्व जैसे बोर्ड लगे रहते हैं, जबकि उनका



न्यायालयों से कोई वास्तविक संबंध नहीं होता। ऐसे बोर्डों का उपयोग केवल भय और प्रभाव पैदा करने के लिए किया जा रहा है। संगठन ने ऐसे लोगों को चिन्हित कर बार काउंसिल एवं सक्षम अधिकारियों से शिकायत करने की बात कही है।

भाकियू प्रयाग ने आरोप लगाया कि कुछ लेखपाल और कानूनगो स्वयं अपने हल्कों में तालाबों तथा सरकारी भूमि पर कब्जा किए हुए हैं, लेकिन प्रशासन इन मामलों में मौन बना हुआ है। संगठन का कहना है कि यदि निष्पक्ष जांच कराई जाए तो कई अधिकारियों और कर्मचारियों की अवैध संपत्तियों तथा गैरकानूनी कमाई का खुलासा हो सकता है।

संगठन ने मांग की है कि किसानों और मजदूरों की जमीनों पर हो रहे अवैध कब्जों की उच्चस्तरीय जांच कराई जाए, फर्जी रिपोर्ट लगाने वाले अधिकारियों एवं कर्मचारियों के विरुद्ध विभागीय एवं कानूनी कार्रवाई हो, भूमाफियाओं को संरक्षण देने वाले अधिकारियों को भी चिन्हित किया जाए। भाकियू प्रयाग ने स्पष्ट कहा है कि यदि शीघ्र एवं निष्पक्ष कार्रवाई नहीं हुई तो संगठन बड़े स्तर पर आंदोलन करने के लिए बाध्य होगा, जिसकी सम्पूर्ण जिम्मेदारी प्रशासन की होगी।

ज्ञापन में विकासखंड जसरा के चिल्ला गांव में संचालित सहकारी सस्ते गल्ले की दुकान को लगभग चार किलोमीटर दूर गौहानी में अटैच किए जाने का मुद्दा भी प्रमुखता से उठाया गया। ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि इससे गरीब उपभोक्ताओं, बुजुर्गों और महिलाओं को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। संगठन ने सस्ते गल्ले की दुकान को बमुरी गांव में संचालित किए जाने की मांग की।

इसी प्रकार विकासखंड शंकरगढ़ की ग्राम पंचायत लोहगरा के मजरा जज्जी का पुरा निवासी एक आदिवासी महिला ने आरोप लगाया कि उसे पट्टा आवंटित होने के बावजूद आज तक जमीन पर कब्जा नहीं मिल सका। संगठन ने प्रशासन से तत्काल कब्जा दिलाने की मांग उठाई।

भाकियू प्रयाग ने नीबी और लोहगरा गांवों में पेयजल संकट का मुद्दा भी उठाते हुए कहा कि भीषण गर्मी में ग्रामीण पानी के लिए परेशान हैं, लेकिन जिम्मेदार अधिकारी समस्या के समाधान को लेकर गंभीर नहीं हैं। संगठन ने तत्काल पेयजल व्यवस्था दुरुस्त कराने की मांग की।

इसके अलावा लोक निर्माण विभाग प्रांतीय खंड प्रतापपुर चौराहे पर सरकारी जमीन को अतिक्रमण मुक्त कराने तथा चिल्ला, गौहानी के मजरा बमुरी में चकमार्ग निकलवाने की मांग भी ज्ञापन में शामिल रही।

धरना-प्रदर्शन के दौरान संगठन पदाधिकारियों ने चेतावनी दी कि यदि किसानों, मजदूरों और गरीब ग्रामीणों की समस्याओं का शीघ्र समाधान नहीं किया गया तो तहसील से लेकर जिला स्तर तक व्यापक आंदोलन किया जाएगा।

इस मौके पर पार्वती, बेबी चौधरी, शीतल भारतीय, विमला देवी, प्रभाबती, रेनू, कुसुम चौधरी, इंद्रावती, सुनीता, संतलाल चौधरी, कोषाध्यक्ष रूपेंद्र, दिनेश पटेल, राजनाथ पाल, बसंत लाल, धर्मराज, हरिशंकर, राजेश सहित बड़ी संख्या में किसान एवं मजदूर मौजूद रहे।

## प्राधिकरण कार्यालय में उपाध्यक्ष ने किया औचक निरीक्षण

**गंदगी और अव्यवस्थित अभिलेखों पर जताई नाराजगी, अधिकारियों को दिए सुधार के निर्देश**

**अखंड भारत संदेश**



**प्रयागराज।** प्राधिकरण के उपाध्यक्ष ने शुक्रवार को प्राधिकरण कार्यालय का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान कार्यालय परिसर में कई स्थानों पर गंदगी पाए जाने पर उन्होंने नाराजगी जताई और संबंधित अधिकारियों को तत्काल सफाई व्यवस्था दुरुस्त कराने के निर्देश दिए।निरीक्षण के दौरान विभिन्न अनुभागों में पत्रावलियां और अभिलेख अव्यवस्थित ढंग से रखे मिले। इस पर उपाध्यक्ष ने अधिकारियों और कर्मचारियों को सभी दस्तावेजों को व्यवस्थित तरीके से सुरक्षित रखने के निर्देश दिए, ताकि कार्य संचालन में किसी प्रकार की असुविधा न हो।उन्होंने कहा कि कार्यालय की स्वच्छता और अभिलेखों का सुव्यवस्थित रखरखाव प्रशासनिक कार्यप्रणाली का महत्वपूर्ण हिस्सा है। इसमें लापरवाही स्वीकार नहीं की जाएगी। उपाध्यक्ष ने संबंधित अधिकारियों को नियमित मॉनिटरिंग करने और व्यवस्था में सुधार सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिए।

## मांडा ऊंचडीह गौशाला के टीन शेड आंधी में उड़े

**मांडा।** विकास खंड मांडा की ग्राम पंचायत ऊंचडीह में स्थित गौशाला के टीन शेड बुधवार शाम तेज आंधी-तूफान के कारण उड़ गए। इससे कमरे में रखा भूसा खुले आसमान के नीचे आ गया। इस चक्रवाती तूफान से क्षेत्र में व्यापक क्षति हुई है। कई पेड़, पौधे और मकान धराशायी हो गए, जबकि गरीबों के छप्पर और कई घरों के परखच्चे उड़ गए। सूचना मिलने पर गुरुवार को मांडा बीडीओ अनीस अहमद ने ऊंचडीह गौशाला का औचक निरीक्षण किया। उन्होंने आंधी में टीन शेड उड़ने पर चिंता व्यक्त की और बताया कि इस प्राकृतिक आपदा से जनहानि के साथ-साथ सरकारी संपत्तियों को भी नुकसान पहुंचा है। उन्होंने यह भी कहा कि कई परिवारों के घर खुले आसमान के नीचे आ गए हैं। गौशाला में पशुओं को छाया देने के लिए लगे टीन शेड उड़ जाने से पशु खुले आसमान के नीचे रहने को विवश हैं। बीडीओ मांडा ने यह भी बताया कि ग्राम प्रधान बीमार हैं और उनका इलाज अस्पताल में चल रहा है।

# 'अनुभव वीथिका' में दिव्यांग बच्चों ने स्पर्श से महसूस की सांस्कृतिक विरासत

**अखंड भारत संदेश**

**प्रयागराज।** इलाहाबाद संग्रहालय में दिव्यांगजन बच्चों के लिए तैयार की गई 'अनुभव वीथिका' का गुरुवार को जगद्गुरु स्वामीराम भद्राचार्य और संजय त्रिनेतने भ्रमण कर अवलोकन किया। इस दौरान दोनों अतिथियों ने वीथिका में स्थापित ऐतिहासिक धरोहरों और वन्यजीवों की प्रतिकृतियों को देखा तथा इसकी सराहना की।संग्रहालय में बनाई गई इस विशेष वीथिका में 11 प्रमुख विरासत स्थलों और 10 वन्यजीवों की प्रतिकृतियां स्थापित की गई हैं। इन्हें ब्रेल लिपि, श्रव्य उपकरणों और स्पर्श आधारित तकनीकों के माध्यम से इस प्रकार विकसित किया गया है, ताकि दिव्यांगजन बच्चे ऐतिहासिक और सांस्कृतिक धरोहरों को अनुभवात्मक तरीके से समझ सकें।

भ्रमण के दौरान मंडलायुक्त एवं इलाहाबाद संग्रहालय की निदेशक सौम्या अग्रवाल ने अतिथियों का स्वागत किया और संग्रहालय की ऐतिहासिक विरासत, सांस्कृतिक महत्व तथा संरक्षित धरोहरों की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि इलाहाबाद संग्रहालय देश के प्रमुख संग्रहालयों में शामिल है, जहां स्वतंत्रता आंदोलन, साहित्य, कला और पुरातत्व से जुड़ी महत्वपूर्ण धरोहरों का संरक्षण किया जा रहा है। इस अवसर पर स्वामी रामभद्राचार्य को संग्रहालय की ओर से 19वीं शताब्दी की राजस्थानी शैली में निर्मित ह्यराम विवाहह्ण का लघु चित्र भेंट किया गया। उन्होंने वीथिका में स्थापित श्रीराम मंदिर और काशी विश्वनाथ मंदिर की प्रतिकृतियों को स्पर्श कर अनुभव प्राप्त किया। उन्होंने कहा कि इस तरह की पहल दिव्यांगजन बच्चों को सांस्कृतिक विरासत से जोड़ने का प्रभावी माध्यम है और इससे उनके आत्मविश्वास को नई दिशा मिलेगी।कार्यक्रम के दौरान दिव्यांग छात्र हिमांशु ने गायन प्रस्तुति दी, जिसकी यूपीपीएससी अध्यक्ष संजय श्रीनेत ने सराहना की। उन्होंने छात्र-छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि दृढ़ इच्छाशक्ति, निरंतर प्रयास और सकारात्मक सोच ही सफलता की असली कुंजी है।कार्यक्रम का संचालन डॉ. संजू मिश्रा ने किया। आयोजन में दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग के उपनिदेशक अभय कुमार श्रीवास्तव, अशोक कुमार गौतम तथा संग्रहालय के सहायक प्रशासनिक अधिकारी सुनील कुमार पाण्डेय का विशेष सहयोग रहा।गौरतलब है कि ह्यअनुभव वीथिकाह्ण का उद्घाटन गत 6 मई को आनंदीबेन पटेलद्वारा किया गया था। यह वीथिका 16 मई तक आमजन के लिए संचालित रहेगी।

# स्वामी विवेकानन्द विद्याश्रम जार्जटाउन में स्पिक मैकी के तहत सितार वादन से मंत्रमुग्ध हुए सभी

**संगीत भी जीवन का अंग है एक - प्रबंधक विजय कुमार तिवारी**

**अखंड भारत संदेश**



**प्रयागराज।** विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास और मानसिक तनाव कम करने के उद्देश्य से स्वामी विवेकानन्द विद्याश्रम इण्टर कालेज जार्जटाउन प्रयागराज में स्पिक मैकी के तहत भव्य संगीतमय कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में प्रख्यात सितारवादक उस्ताद सईद जफर खान ने अपनी भाव-विभोर कर देने वाली प्रस्तुति से सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया। तबले पर उनका साथ उस्ताद बाबुर लतीफ ने दिया। सितार और तबले की जुगलबंदी ने छात्रों व शिक्षकों को भारतीय शास्त्रीय संगीत की गहराई से परिचित कराया। उस्ताद सईद जफर खान ने छात्रों को संबोधित करते हुए कहा कि संगीत एक सार्वभौमिक भाषा है जो जीवन को सबसे अधिक समृद्ध करती है। यह भावनात्मक प्रतिक्रियाओं को जगाती है, रचनात्मकता को अद्वितीय रूप से प्रेरित करती है और भाषायी क्षमता, लेखन व एकाग्रता का विकास करती है। संगीत तनाव कम करने के साथ बच्चों का आत्मविश्वास भी बढ़ाता है। कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय के प्रधानाचार्य अजय कुमार मिश्र ने अतिथियों के स्वागत व माल्यार्पण के साथ सभी का सम्मान बढ़ाया । इस अवसर पर विद्यालय के समस्त छात्र-छात्राएं एवं शिक्षक गण उपस्थित रहे। समापन से विद्यालय के प्रबन्धक विजय कुमार तिवारी ने सभी का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि संगीत एवं कला का क्षेत्र भी अत्यंत व्यापक है। इस क्षेत्र में आगे बढ़ने वाले बच्चे इंजीनियर, डॉक्टर व खिलाड़ियों की तरह देश-विदेश में अपने परिवार व देश का नाम रोशन करते हुए देश का भविष्य कहलायेंगे। कार्यक्रम का बेहतर संचालन व अतिथियों का परिचय माता प्रसाद शुक्ल द्वारा किया गया। प्रधानाचार्य अजय कुमार मिश्र ने कहा कि स्पिक मैकी भारत की एक प्रसिद्ध संस्था है जो विभिन्न शिक्षण संस्थाओं में बड़े संगीतकारों व वादकों के कार्यक्रम आयोजित कर संगीत के क्षेत्र में रुचि रखने वाले छात्रों को प्रोत्साहन एवं सही मार्गदर्शन प्रदान करती है। इस मौके पर विद्यालय परिवार में गया प्रसाद द्विवेदी, डॉ रविकांत सिंह, आशीष, गौरी शंकर, दूबे, स्तुति श्रीवास्तव, देवेश सहित समस्त विद्यालय स्टॉफ मौजूद रहे वहीं अभिभावकों के रूप में गणेश वर्मा, सहित कई गणमान्य मौजूद रहे।

## आंधी में आम बीनते बच्चे की मौत : मांडा में पेड़ की डाल गिरने से 9 वर्षीय मासूम की जान गई



**मांडा।** विकास खंड मांडा के भौसरा नरोत्तम गांव में बुधवार शाम तेज आंधी के दौरान एक 9 वर्षीय बच्चे की मौत हो गई। आम बीनने गए आदित्य उर्फ ननकऊ पर पेड़ की डाल गिर गई, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। अस्पताल ले जाने पर डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। जानकारी के अनुसार, आदित्य अपने कुछ साथियों के साथ बुधवार शाम आई तेज आंधी के बीच आम बीनने के लिए गया था। इसी दौरान तेज हवा के झोंके से आम के पेड़ की एक भारी डाल अचानक टूटकर आदित्य के ऊपर गिर पड़ी। हादसे के बाद साथी बच्चों की चीख-पुकार सुनकर गांव के लोग मौके पर पहुंचे।

उन्होंने तत्काल डाल हटाकर आदित्य को बाहर निकाला। परिजन उसे लेकर नजदीकी अस्पताल भागे, लेकिन चिकित्सकों ने जांच के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। उक्त घटना से परिजनों के घर कोहराम मचा रहा तथा मांडा क्षेत्र में तेज आंधी में दो मासूमों की मौत होने से मातम छाया रहा ।

## यमुनापार क्षेत्र में ध्वस्त पड़ी विद्युत व्यवस्था अविलंब हो बहाल : योगेश शुक्ल

### वरिष्ठ भाजपा नेता ने बीते बुधवार को आए भीषण आंधी तूफान में हुए जनहानि पर व्यक्त की संवेदना जताया दुःख, जिला प्रशासन से अविलंब मुआवजा देने की किया मांग



**मेजा।** भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता योगेश शुक्ल ने जनपद प्रयागराज के यमुनापार क्षेत्र में कल आए आंधी तूफान से हुए जनहानि पर गहरा दुख प्रकट करते हुए कहा कि कल के इस प्रकोप में उन परिजनों के प्रति मेरी गहरी संवेदनाएं हैं जिन्होंने अपने परिवार का सदस्य खोया है। श्री शुक्ल ने जिला प्रशासन से तत्काल प्रभाव से स्थलीय अवलोकन करवा कर समुचित मुआवजा के लिए कार्यवाही की मांग की है। उन्होंने कल से ध्वस्त पड़ी विद्युत व्यवस्था को लेकर जिलाधिकारी प्रयागराज को पत्र के माध्यम से संबंधित विद्युत विभाग के अधिकारियों एवं कर्मचारियों को तत्काल प्रभाव से युद्ध स्तर पर जुटने के लिए आग्रह किया जिससे इस उमस भरी गर्मी में आम जन मानस को समस्या न हो तथा शीघ्र ही प्रत्येक क्षेत्र में विद्युत व्यवस्था बहाल हो जाए। भाजपा नेता श्री शुक्ल ने सभी सामाजिक कार्यकताओं ,जन संगठनों एवं क्षेत्र के युवाओं से भी अपने अपने क्षेत्र में विद्युत व्यवस्था बहाल करवाने में प्रशासन का सहयोग करने की अपील किया है। उन्होंने कहा कि क्षेत्र में जिन स्थानों पर पेड़ गिरने से नुकसान हुआ है उन क्षेत्रों में भी सहयोग करें जिससे जन जीवन सामान्य हो सके। उन्होंने कहा कि इस दैवी आपदा में पीड़ित लोगों और प्रशासन का सहयोग करना हम सबकी ये नैतिक जिम्मेदारी है।

# प्रमोद व मोना ने रामपुरखास में बहुमुखी विकास में तेजी बनाए रखने का दिलाया भरोसा

अखंड भारत संदेश



**लालगंज।** राज्यसभा में विपक्ष के उपनेता प्रमोद तिवारी तथा क्षेत्रीय विधायक एवं कांग्रेस विधानमण्डल दल की नेता आराधना मिश्रा मोना ने गुरूवार को विभिन्न स्थानों पर आयोजित कार्यक्रमो में रामपुरखास के सर्वश्रेष्ठ विकास को अनवरत जारी रखने का लोगों को भरोसा दिलाया। वहीं दो दिवसीय दौरे के पहले दिन सांसद प्रमोद तिवारी एवं विधायक आराधना मिश्रा ने क्षेत्र के चतुर्दिक बहुमुखी विकास से जुड़ी योजनाओं के संचालन में स्थानीय लोगों व कार्यकताओं से निरंतर मिल रहे सहयोग को विकास की सफलता का द्योतक कहा। राज्यसभा सदस्य प्रमोद तिवारी तथा विधायक आराधना मिश्रा मोना सांगीपुर वार्ड में मां चतुर्भुजी देवी मन्दिर के समीप नवनिर्मित भगवान शंकर जी के मंदिर प्राण प्रतिष्ठा उत्सव में शामिल हुए। यहां चेयरपर्सन अनीता द्विवेदी एवं प्रतिनिधि संतोष द्विवेदी ने सभासदों के साथ सांसद प्रमोद तिवारी व विधायक मोना को महादेव धाम तथा मां दुर्गा का चित्र भेंट कर सम्मानित किया। इसके बाद सांसद प्रमोद तिवारी दीवानी वार्ड मनीपुर में पूर्व शिक्षक रामेश्वर प्रसाद तिवारी व रामकैलाश त्रिपाठी एवं डॉ0 दिनेश तिवारी के संयोजन में कामेश्वरी संगीत महाविद्यालय परिसर में भगवान श्रीराम दरबार एवं श्रीगणेश भगवान व देवाधिदेव महादेव के प्राण प्रतिष्ठा उत्सव में भी शामिल हुए। कार्यक्रम के दौरान सांसद प्रमोद तिवारी ने लालगंज संयुक्त अधिवक्ता संघ के नवनिर्वाचित अध्यक्ष राजेशचंद्र तिवारी को माल्यार्पण कर सम्मानित किया। इसके बाद विधायक आराधना मिश्रा मोना के साथ सांसद प्रमोद तिवारी बेलहा गांव पहुंचे। यहां ब्लाक प्रमुख इं0 अमित प्रताप सिंह पंकज व समाजसेवी लालदेव सिंह के संयोजन में भगवान जगदीश्वरनाथ मन्दिर स्थापना उत्सव में राज्यसभा सदस्य प्रमोद तिवारी ने कहा कि उपासना की संस्कृति सदैव हमें परोपकार व लोक कल्याणकारी वातावरण की मजबूती में प्रतिबद्धता का बोध कराती है। विधायक आराधना मिश्रा ने कहा कि धर्म का पथ सदैव मानवीय मूल्यों के प्रति हमें जरूरतमंद की सेवा पर बढ़ते रहने की प्रेरणा है। इसके पहले सांसद प्रमोद तिवारी ने सांगीपुर में कार्यकताओं से संवाद करते हुए कहा कि वह लोकतंत्र को चोट पहुंचाने की भाजपा की हर कोशिश को नाकाम करने में पार्टी के संघर्ष को मजबूती प्रदान करें। नीट पेपरलीक को लेकर सांसद प्रमोद तिवारी ने कहा कि भाजपा की डबल इंजन सरकार युवाओं के भविष्य के साथ खिलवाड़ कर रही है। उन्होने कहा कि मोदी सरकार के राज में दूसरी बार नीट की परीक्षा में पेपर लीक होना एक गंभीर सुनियोजित षडयन्त्र है। वहीं विधायक आराधना मिश्रा मोना ने क्षेत्र के आमीशंकरपुर, गोड़वा, पूरे कालूराम, बेलहा व नौढ़िया के तरैया में आयोजित कार्यक्रमों में शामिल हुई। इस मौके पर रवीन्द्र मिश्र, अनिल त्रिपाठी महेश, डॉ0 रामसमुझ त्रिपाठी, केदारनाथ तिवारी, दयाशंकर तिवारी, जमुना प्रसाद तिवारी, राहुल तिवारी, उधम सिंह, आशुतोष सिंह रज्जन, प्रीतेन्द्र ओझा, कपिल तिवारी, छोटे लाल सरोज, महमूद आलम, कमलेश शर्मा, भानु प्रताप सिंह, अरविंद सिंह आदि रहे।

## न्यूज झरोखा

### ट्रैक्टर से टकराई बाइक, दो घायल

**पट्टी।** गुरुवार दोपहर पट्टी-रानीगंज मार्ग पर गडौरी गांव के पास एक तेज रफ्तार बाइक अनियंत्रित होकर ट्रैक्टर-ट्रॉली से टकरा गई। इस हादसे में बाइक सवार दो युवक गंभीर रूप से घायल हो गए, जिन्हें प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल रेफर किया गया है।घायलों की पहचान हरिहरपुर विश्वनाथगंज निवासी ताहिर पुत्र मसीयुद्दीन और उसके चाचा के लड़के अरहम पुत्र इरशाद के रूप में हुई है। बताया गया कि दोनों युवक पट्टी कस्बे में अपने एक दोस्त से मिलने आए थे और गुरुवार दोपहर करीब 3रू30 बजे घर लौटते समय यह हादसा हुआ।हादसे के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई। स्थानीय लोगों और राहगीरों ने तत्काल 108 एंबुलेंस की मदद से दोनों घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पट्टी पहुंचाया। वहां प्राथमिक उपचार के बाद उनकी गंभीर हालत को देखते हुए चिकित्सकों ने उन्हें जिला अस्पताल रेफर कर दिया। घटना की सूचना मिलते ही हल्का दरोगा कमलेश कुमार मौके पर पहुंचे। उन्होंने ट्रैक्टर और क्षतिग्रस्त बाइक को कब्जे में लेकर मामले की जांच शुरू कर दी है।इलाज कर रहे चिकित्सक डॉक्टर के प्रसाद ने बताया एक घायल के पैर और कमर में गंभीर चोटे आई हैं जबकि दूसरे घायल के सीने व गले पर गंभीर चोटें आई हैं दोनों को प्राथमिक उपचार के पश्चात बेहतर इलाज के लिए जिला अस्पताल रेफर किया गया है।

### अनियंत्रित बाइक से गिरकर दारोगा घायल

**पट्टी।** कोतवाली में तैनात उपनिरीक्षक सरनाम सिंह बृहस्पतिवार दोपहर करीब 3 बजे आसपुर देवसरा थाना क्षेत्र के लबेदा गांव में चल रही पैमाइश की ड्यूटी से वापस लौट रहे थे। इसी दौरान रास्ते में अचानक सामने कुत्ता आ जाने से उनकी बाइक अनियंत्रित हो गई और वह सड़क पर गिर पड़े। हादसे में दरोगा गंभीर रूप से घायल हो गए।घटना के बाद स्थानीय लोगों की मदद से उन्हें तत्काल उपचार के लिए अस्पताल पहुंचाया गया। इमरजेंसी में तैनात डॉक्टर के प्रसाद ने बताया कि सड़क दुर्घटना में घायल उपनिरीक्षक का इलाज किया जा रहा है। सूचना मिलते ही पुलिस महकमे में हड़कंप मच गया और कई पुलिसकर्मी अस्पताल पहुंच गए।

### विवाद में फ्लोरडीजे संचालक को पीटा

**पट्टी।** डीजे बंद करने के विवाद में संचालक को मारा पीटा गया। इस मामले में तहरीर पुलिस को दी गई है। क्षेत्र के डेईडीह, धौरहरा गाँव निवासी आदर्श सरोज वैवाहिक कार्यक्रम में डीजे लगाता है। वह फ्लोर डीजे लेकर दो दिनों पूर्व गाँव में ही गया हुआ था। इस दौरान देर रात होने पर मेहंदी कार्यक्रम के दौरान उसकी वहां पर कुछ कहासुनी हो गई थी। आरोप है कि दूसरे दिन जब रिश्तेदार वहां पर आए तो उन्होंने उसे गाली गलौच करते हुए पकड़ लिया। लोहे की राड से उस पर हमला कर दिया। इसमें उसे गंभीर चोटें आई।परिजन इलाज के लिए लेकर गए। बृहस्पतिवार को वह कोतवाली पहुंचा। इस मामले में नामजद तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है।

### अनुराग के चयन पर लोगों ने जताई खुशी

**पट्टी।** क्षेत्र के अशोकपुर के मूल निवासी एवं वर्तमान में नगर के मौर्य नगर निवासी पंडित पंकजराम तिवारी के पुत्र अनुराग तिवारी का चयन आईआईटी नई दिल्ली में एम.टेक. के लिए हुआ है। उनकी सफलता से परिवार के लोग गदगद हैं।
अनुराग तिवारी एनआईटी मिजोरम से बीटेक कर रहे थे।उनका यह अंतिम वर्ष है। एमटेक के लिए प्रवेश क्वालीफाई उन्होंने किया है। उसकी सफलता पर नगर पंचायत अध्यक्ष अशोक कुमार जायसवाल, धीरेन्द्र मिश्रा, जयराम पाण्डेय, मानिक चंद्र शुक्ल सहित अन्य ने प्रसन्नता जताते हुए उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।

### सऊदी अरब की जेल में बंद युवक की रिहाई के लिए पूर्व मंत्री ने विदेश मंत्री को लिखा पत्र

**पट्टी।** रोजी-रोटी के सिलसिले में एजेंट के माध्यम से सऊदी अरब गए युवक की वहां जेल में बंद होने की सूचना मिलने पर उसकी रिहाई के लिए पूर्व मंत्री राजेंद्र प्रताप सिंह मोती सिंह ने प्रयास शुरू कर दिया है। उन्होंने भारत सरकार के विदेश मंत्री एस. जयशंकर को पत्र भेजकर मामले में हस्तक्षेप करते हुए युवक को शीघ्र भारत वापस बुलाने की मांग की है।वींद मुजाही गांव निवासी अमरनाथ गौतम पुत्र राम गौतम, दिल्ली के एक एजेंट के माध्यम से 3 अक्टूबर 2025 को गाड़ी चलाने के वीजा पर रियाद गया था। अमरनाथ के बड़े भाई शोभनाथ गौतम ने पूर्व मंत्री से मिलकर बताया कि एजेंट द्वारा 1700 रियाल मासिक वेतन पर उसे भेजा गया था, लेकिन वहां पहुंचने के बाद मालिक द्वारा तय वेतन नहीं दिया गया और खाने-पीने तक के लिए पर्याप्त पैसे नहीं मिलते थे। कम वेतन और प्रतिकूल परिस्थितियों से परेशान होकर अमरनाथ ने नौकरी छोड़ दी और अपना छोटा व्यवसाय शुरू कर दिया। इसी दौरान रियाद पुलिस ने उसे पकड़ लिया और 10 दिसंबर 2025 को सफर जेल में बंद कर दिया।परिजनों ने युवक की रिहाई के लिए काफी प्रयास किए, लेकिन सफलता नहीं मिली। इसके बाद बड़े भाई शोभनाथ गौतम ने पूर्व मंत्री राजेंद्र प्रताप सिंह मोती सिंह से मिलकर मदद की गुहार लगाई।

# जगह-जगह हुए भण्डारे श्रद्धालुओं ने ग्रहण किया प्रसाद

**प्रतापगढ़।** भगवान की मूर्तियों की प्राण प्रतिष्ठा तथा मंदिर स्थापना के वार्षिकोत्सव को लेकर गुरूवार को क्षेत्र में धार्मिक आयोजनों में श्रद्धालुओं की जगह जगह भीड़ जुटी दिखी। बेलहा में भगवान शंकर के मंदिर जगदीश्वरनाथ धाम के स्थापना वार्षिकोत्सव में गुरूवार को हवन पूजन हुआ। यहां भक्ति संगीत के कार्यक्रमों में श्रद्धालुओं को मंत्रमुग्ध देखा गया। कार्यक्रम को लेकर हुए भण्डारे में लालदेव सिंह, अमित सिंह पंकज, उधम सिंह, प्रीतेन्द्र ओझा, प्रदीप सिंह, राव वीरेन्द्र सिंह, अभिनव शुक्ल, अतुल शुक्ल आदि श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरण करते दिखे। सांगीपुर वार्ड में प्राथमिक विद्यालय के समीप महादेव धाम में भी प्राण प्रतिष्ठा को लेकर भण्डारे में श्रद्धालुओं ने देर शाम तक प्रसाद ग्रहण किया। भण्डारे में शिक्षक विधायक उमेश द्विवेदी भी शामिल हुए। यहां सरोज कुमार द्विवेदी, शैलेन्द्र मिश्र, शास्त्री सौरभ, अनीता द्विवेदी, निधि, संतोष द्विवेदी, मनीष मिश्र, राजकुमार मिश्र, आदि भक्तों की सेवा संगत में जुटे दिखे। दीवानी वार्ड के मनीपुर में श्रीराम जानकी दरबार की स्थापना को लेकर संस्कृत विद्वान डॉ0 रामसमुझ त्रिपाठी व पं0 अनिल कुमार त्रिपाठी के वैदिक मंत्रोच्चारण के मध्य हवन पूजन में श्रद्धालुओं ने लोकमंगल की प्रार्थना की। यहां हुए भण्डारे में आचार्य दिवाकर नाथ शुक्ल, विनोद मिश्र, शैलेन्द्र तिवारी, कौशलेन्द्र तिवारी, लालजी त्रिपाठी, तीर्थराज शुक्ल, माताफेर मिश्र, गिरीश मिश्र, सच्चिदानंद तिवारी, अशोक तिवारी, स्वामीनाथ तिवारी, पन्नालाल तिवारी, राजकुमार विश्वकर्मा, गुरू प्रसाद नापित, तेज प्रताप सिंह, रघुनंदन प्रसाद शुक्ल, राकेश सिंह, रमेश यादव, कृष्ण कुमार द्विवेदी को श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरण में सराहनीय योगदान में देखा गया।

### दुष्कर्म का आरोपी धराया, गया जेल

**लालगंज।** कोतवाली पुलिस ने दुष्कर्म व पास्को एक्ट में वांछित आरोपी को गुरूवार की सुबह दबोचकर जेल भेज दिया। कोतवाली के दरोगा दीपक कुमार फोर्स के साथ गश्त पर निकले थे। रायपुर तियांई चैराहा के पास से दुष्कर्म तथा पास्को के मुकदमें में वांछित कोतवाली क्षेत्र के भटपुरवा मधुकरपुर निवासी विनीत शर्मा उर्फ शुभम शर्मा पुत्र चंद्रभान शर्मा को हिरासत मे ले लिया। पुलिस ने आरोपी को जेल भेज दिया।

### उप शिक्षा निदेशक के औचक निरीक्षण से हडकंप

**प्रतापगढ़।** डीएलएड द्वितीय सेमेस्टर की परीक्षा को लेकर गुरूवार को डॉयट प्राचार्य एवं उप शिक्षा निदेशक के अचानक परीक्षा केन्द्र पर आ धमकने से हडकंप मच गया। उप शिक्षा निदेशक रमेश कुमार तिवारी सचल दल के साथ स्थानीय राम अंजोर मिश्र इण्टर कालेज के परीक्षा केंद्र का औचक निरीक्षण किया। उप निदेशक के निरीक्षण में केंद्र पर परीक्षा व्यवस्था दुरूस्त पायी गयी। मानक के अनुसार परीक्षा संचालन को लेकर उप शिक्षा निदेशक ने प्रधानाचार्य सुनील कुमार शुक्ल व पर्यवेक्षक डॉ0 कमल किशोर यादव की सराहना भी की।

# अधिवक्ता हितों के प्रति धारदार संघर्ष का लिया गया संकल्प, हुआ सम्मान



**लालगंज।** तहसील सभागार में गुरूवार को संयुक्त अधिवक्ता संघ के नव निर्वाचित पदाधिकारियों को समारोहपूर्वक सम्मानित किया गया। वर्तमान कार्यकारिणी के द्वारा आयोजित कार्यक्रम में नव निर्वाचित अध्यक्ष राजेशचंद्र तिवारी को निवर्तमान अध्यक्ष अनिल त्रिपाठी महेश ने चुनाव समिति के अध्यक्ष ज्ञानप्रकाश शुक्ल की मौजूदगी में कार्यभार भी ग्रहण कराया। कार्यक्रम में नव निर्वाचित पदाधिकारियों ने अधिवक्ताओं के हितों के प्रति सर्वोच्च प्राथमिकता का सामूहिक संकल्प भी ग्रहण किया। निवर्तमान अध्यक्ष अनिल त्रिपाठी महेश, वरिष्ठ उपाध्यक्ष अम्बुज पाण्डेय तथा महामंत्री हरिश्चंद्र पाण्डेय ने नव निर्वाचित अध्यक्ष राजेशचंद्र तिवारी, वरिष्ठ उपाध्यक्ष अबरार अहमद, उपाध्यक्ष नामवर सिंह, महामंत्री शिवरंजन यादव, कोषाध्यक्ष अतुल सिंह, आय व्यय निरीक्षक संतोष तिवारी, प्रचार मंत्री अमन द्विवेदी व कार्यकारिणी सदस्य निर्वाचित हुए कमलनाथ सरोज, राजकुमार मिश्र, निर्भय शुक्ल, प्रशान्त पटेल को माल्यार्पण कर सम्मानित किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता निवर्तमान अध्यक्ष अनिल त्रिपाठी महेश व संचालन चुनाव समिति के अध्यक्ष ज्ञानप्रकाश शुक्ल ने किया। पूर्व अध्यक्ष राव वीरेन्द्र सिंह ने स्वागत भाषण तथा चुनाव समिति के महामंत्री वीरेन्द्र सिंह अगई ने आभार प्रदर्शन किया। समारोह को पूर्व अध्यक्ष बेनीलाल शुक्ल, प्रवीण शुक्ला, हेमन्त पाण्डेय, विपिन शुक्ला, अनूप पाण्डेय ने भी संबोधित करते हुए नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को शुभकामनाएं दी। इस मौके पर संतोष पाण्डेय, शिवाकांत शुक्ला, शिव नारायण शुक्ल, सिंटू मिश्र, सुमित त्रिपाठी, केके शुक्ला, धीरेन्द्र शुक्ला, अशोक मौर्या, कमलेश त्रिपाठी, अनिल मिश्र, अरूण पाण्डेय, लालता प्रसाद पाण्डेय आदि अधिवक्ता मौजूद रहे।

# जिलाधिकारी ने हीटवेव आपदा के दृष्टिगत अधिकारियों के साथ की वर्चुअल बैठक

अखंड भारत संदेश



**प्रतापगढ़।** जिलाधिकारी अभिषेक पाण्डेय ने आज कैम्प कार्यालय में हीटवेव आपदा के दृष्टिगत अधिकारियों के साथ आनलाइन (वर्चुअल) बैठक की। बैठक में जिलाधिकारी ने जिला पंचायत राज अधिकारी को निर्देशित किया कि जो भी हैण्डपम्प खराब या चालू स्थिति में नहीं है उन्हें एक सप्ताह के अन्दर मरम्मतध्रिबोर कराकर सही कराये और एडीओ पंचायत के साथ बैठक कर ली जाये जिससे शत प्रतिशत हैण्डपम्प की मरम्मतध्रिबोर हो सके। मुख्य पशु चिकित्साधिकारी को निर्देशित किया कि गर्मी के दृष्टिगत गौशालाओं में शीतल जल, चूनी-चोकर, पशु आहार की उपलब्धता सुनिश्चित रहे। बैठक में पाया गया कि विकास खण्ड पट्टी व शिवगढ़ में गौशालाओं पर्याप्त शेड की व्यवस्था नहीं है जिस पर जिलाधिकारी ने जिला विकास अधिकारी को निर्देशित किया कि खण्ड विकास अधिकारियों से वार्ता कर शेड की व्यवस्था सुनिश्चित करा दी जाये। डीएम ने विद्युत विभाग के अधिकारी को निर्देशित किया कि गर्मी के दृष्टिगत विद्युत सम्बन्धी समस्याओं का निराकरण यथाशीघ्र कराया जाये जिससे कोई भी शिकायत न प्राप्त हो। उन्होने उपजिलाधिकारियो को निर्देशित किया कि आपदा के कारण किसी भी प्रकार की जनहानि से सम्बन्धित सूचनाओं को समय से प्रेषित करें जिससे अग्रिम कार्यवाही की जा सके। स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी को निर्देशित किया गया कि सीएचसी एवं पीएचसी पर मरीजों हेतु सभी व्यवस्थाये उपलब्ध रहे जिससे गर्मी के दृष्टिगत किसी भी मरीज को परेशानी का सामना न करना पड़े। इसी प्रकार हीटवेव आपदा के सम्बन्ध में अन्य महत्वपूर्ण बिन्दुओं पर समीक्षा कर आवश्यक दिशा निर्देश दिये गये। इसके उपरान्त डीएम ने स्वगणना के सम्बन्ध में नोडल अधिकारी नैन्सी सिंह से जानकारी प्राप्त कर आवश्यक दिशा निर्देश दिये गये। वर्चुअल बैठक में अपर जिलाधिकारी (वि0व्रा0) आदित्य प्रजापति, जिला आपदा विशेषज्ञ अनुपम तिवारी सहित समस्त उपजिलाधिकारी, सम्बन्धित जिला स्तरीय अधिकारी ने प्रतिभाग किया।

### दहेज हत्या के वांछित धराए, गये जेल

**प्रतापगढ़।** दहेज हत्या के दो वांछितों को लालगंज कोतवाली पुलिस ने गुरूवार को रायबरेली रोड के पूरे हरिकिशुन मोड़ से हिरासत में लेकर जेल भेज दिया। लालगंज कोतवाली के पूरे नक्का निवासी प्रमोद यादव की तहरीर पर पूरे हरिकिशुन निवासी संतोष यादव की पत्नी पूनम यादव की मौत को लेकर दो आरोपियों के खिलाफ पुलिस ने बुधवार को दहेज हत्या का केस दर्ज किया। कोतवाली के दरोगा रामनरेश यादव तथा महिला दरोगा दीपिका सिंह ने गश्त के दौरान पूरे हरिकिशुन मोड़ से मुकदमें में वांछित पूरे हरिकिशुन दुबे निवासी संतोष यादव पुत्र शिव बहादुर यादव तथा मालती पत्नी शिव बहादुर को हिरासत में ले लिया। पुलिस ने आरोपियों को दोपहर बाद जेल भेज दिया।

# कुंडा में अधिवक्ताओं की हड़ताल खत्म, न्यायिक कार्य शुरू

**कुंडा।** तहसील कुंडा में कई माह से चल रही अधिवक्ताओं की हड़ताल बुधवार को समाप्त हो गई। बार एसोसिएशन की आपात बैठक में सर्वसम्मति से न्यायिक कार्य शुरू करने का फैसला लिया गया।कुछ अधिवक्ता तहसीलदार कुंडा के न्यायिक आदेश अपने पक्ष में न होने के कारण हड़ताल और तालाबंदी कर रहे थे। इससे तहसील का न्यायिक कार्य पूरी तरह ठप था।समाधान के लिए जिलाधिकारी प्रतापगढ़ ने 13 मई 2026 को अपने कार्यालय में सामंजस्य बैठक बुलाई। बैठक में बार एसोसिएशन के अध्यक्ष, महामंत्री और कार्यकारिणी सदस्य मौजूद रहे।तहसीलदार ने बैठक में बताया कि उनके खिलाफ मिली शिकायतों की जांच चल रही है। दोषी पाए जाने पर नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी। जिलाधिकारी ने तत्काल हड़ताल खत्म कर न्यायिक कार्य शुरू करने का निर्देश दिया।इससे पहले राजस्व परिषद भी तहसीलदार और अधिवक्ताओं को बैठक कर हड़ताल खत्म करने का निर्देश दे चुका था। लेकिन कुछ अधिवक्ताओं ने उस आदेश का पालन नहीं किया था।14 मई 2026 को बार एसोसिएशन की आपात बैठक बुलाई गई। अध्यक्ष गुरु प्रसाद श्रीवास्तव की अध्यक्षता में हुई बैठक में तय हुआ कि जिलाधिकारी और राजस्व परिषद के निर्देशों का पालन करते हुए हड़ताल खत्म की जाए।संघ ने कहा कि न्यायिक कार्य बाधित होना आम जनता और वादकारियों के हित में नहीं है। जनहित को देखते हुए काम बहाल किया जा रहा है। बैठक में सोमनाथ द्विवेदी, पुष्पेन्द्र यादव, दिलीप तिवारी, ओम नामधर पाण्डेय, धीरेन्द्र सिंह, सुशान्त श्रीवास्तव, अजय, विजय त्रिकम, राकेश सरोज, गोमा धा दुबे, भुवन त्रिपाठी, अशोक पाण्डेय, अजय पाण्डेय, आशुतोष पाण्डेय, रमेश मिश्रा, मुरारी अग्रवाल, राकेश त्रिकम समेत कई अधिवक्ता मौजूद रहे। संचालन सुनील त्रिपाठी और रघुराज तिवारी ने किया।

### घायल महिला की इलाज के दौरान मौत, कोहराम

**प्रतापगढ़।** गुरूवार को अचानक आंधी तूफान में छप्पर के गिरने से घायल महिला की गुरूवार की सुबह इलाज के दौरान मौत हो गयी। मौत की सूचना घर पहुंची तो कोहराम मच गया। लालगंज कोतवाली के पूरे तिगुनाईत कैथौला निवासी भुटटू यादव की पत्नी चंद्रकली 72 बुधवार को अचानक आये आंधी तूफान में छप्पर गिरने से गंभीर रूप से चुटहिल हो गयी थी। परिजन इलाज के लिए उसे पडोसी जिले रायबरेली के सलोन में ले गये। वहां स्थिति गंभीर देख चिकित्सकों ने घायल को रेफर कर दिया। रायबरेली एम्स में इलाज के दौरान गुरूवार की सुबह चंद्रकली की सांसे थम गयी। मौत की सूचना जब घर पहुंची तो परिजनों में कोहराम मच गया।

# रास्ते को बंद करने का आरोप, पीड़िता ने सीओ से लगाई न्याय की गुहार

**पट्टी।** आसपुर देवसरा थाना क्षेत्र के गधियावा गांव में रास्ते को लेकर विवाद का मामला सामने आया है। गांव निवासी सिम्पी सिंह ने बृहस्पतिवार की सुबह करीब 11 बजे पुलिस क्षेत्राधिकारी पट्टी को शिकायती पत्र देकर आरोप लगाया कि उनके घर तक जाने वाला रास्ता पूर्वजों के समय से चला आ रहा था, जिस पर गांव के लोग वर्षों से आवागमन करते रहे हैं। आरोप है कि पड़ोसियों ने जबरन रास्ता बंद कर दिया है, जिससे उनके परिवार के सामने आवागमन की गंभीर समस्या उत्पन्न हो गई है।पीड़िता का कहना है कि रास्ता बंद होने के कारण घर से बाहर निकलना तक मुश्किल हो गया है। रोजमर्रा के कार्यों के साथ बच्चों और महिलाओं को भी काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। कई बार पड़ोसियों से रास्ता खोलने की बात कही गई, लेकिन कोई समाधान नहीं निकला। आरोप है कि विरोध करने पर विवाद की स्थिति उत्पन्न हो जाती है। मामले को लेकर सिम्पी सिंह ने पुलिस क्षेत्राधिकारी पट्टी से न्याय की गुहार लगाते हुए रास्ता खुलवाने और दोषियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है।इस संबंध में क्षेत्राधिकारी पट्टी मनोज कुमार सिंह रघुवंशी ने बताया कि पीड़िता का प्रार्थना पत्र प्राप्त हो गया है। मामले की जांच कराई जा रही है। जांच में यदि आरोप सही पाए जाते हैं तो नियमानुसार आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

### चाय में दिखी छिपकली तो महिला को लेकर अस्पताल पहुंचे परिजन

**पट्टी।** आसपुर देवसरा क्षेत्र के आमापुर बाजार में चाय में छिपकली गिर गई। महिला के चाय पीने के बाद जब उसमें छिपकली देखी तो उसके होश उड़ गए। परिवार के लोग उसे लेकर सीएचसी पट्टी आए। बताया गया है कि गाँव की निवासी सुशीला चाय बना रखी थी। इसी दौरान छिपकली चाय में गिर गई।सुशीला ने वहीं छिपकली गिरीवाली चाय पी ली।बाद में जब उसने देखा तो वह परेशान हो उठी। उसने परिजनों को बताया। परिवार के लोग उसे लेकर सीएचसी पट्टी आए। यहां पर प्राथमिक उपचार उसका किया गया। स्वास्थ्य में सुधार होने के बाद उसे यहां से छोड़ दिया गया। पीड़ित महिला ने बताया कि उसको कोई दिक्कत नहीं हुई, लेकिन शंका बस यहां पर वह आई थी।

# योजनाओं का लाभ अंतिम पायदान पर बैठे व्यक्तियों तक पहुंचे : धीरेन्द्र वाल्मीकि

अखंड भारत संदेश



**प्रतापगढ़।** केन्द्र सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ समाज के अंतिम पायदान पर बैठे जरूरतमंद लोगों तक पहुंचाना सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है। यह बात भारत सरकार की प्रधानमंत्री अनुसूचित जाति अभ्युदय योजना (पी0एम0 अजय) केन्द्रीय सलाहकार समिति के सदस्य धीरेन्द्र वाल्मीकि ने गुरुवार को लोक निर्माण विभाग के गेस्ट हाउस में आयोजित समीक्षा बैठक के दौरान कही। बैठक में जनपद में संचालित केन्द्र एवं प्रदेश सरकार की विभिन्न विकास एवं कल्याणकारी योजनाओं की प्रगति की विस्तृत समीक्षा की गई। सदस्य धीरेन्द्र वाल्मीकि ने अधिकारियों से योजनाओं के क्रियान्वयन, पात्र लाभार्थियों को मिल रहे लाभ तथा लंबित कार्यों की स्थिति के बारे में जानकारी प्राप्त की। उन्होंने स्पष्ट निर्देश देते हुए कहा कि सभी विभाग आपसी समन्वय बनाकर योजनाओं को धरातल पर प्रभावी ढंग से लागू करें, ताकि गरीब, दलित, पिछड़े एवं वंचित वर्ग के लोगों को समय पर लाभ मिल सके।

उन्होंने कहा कि सरकार की मंशा केवल योजनाएं बनाना नहीं, बल्कि उनका वास्तविक लाभ गांव और शहर के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाना है। इसके लिए अधिकारियों को पूरी जिम्मेदारी और संवेदनशीलता के साथ कार्य करना होगा। उन्होंने कहा कि योजनाओं के क्रियान्वयन में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। बैठक में प्रधानमंत्री आदर्श ग्राम योजना, स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण, प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना, विद्युत सौभाग्य योजना, समाज कल्याण विभाग, नगरीय निकाय एवं जल निगम द्वारा संचालित योजनाओं की समीक्षा की गई। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि अधूरे कार्यों को निर्धारित समय सीमा के भीतर पूर्ण कराया जाए तथा योजनाओं की नियमित मॉनिटरिंग सुनिश्चित की जाए। उन्होने कहा कि स्वच्छता, बिजली, पेयजल, आवास एवं सामाजिक सुरक्षा जैसी मूलभूत सुविधाएं प्रत्येक जरूरतमंद व्यक्ति तक पहुंचना आवश्यक है। इसके लिए सभी विभाग गंभीरता से कार्य करें और पात्र लाभार्थियों को योजनाओं से जोड़ने में तेजी लाएं। बैठक के दौरान अधिकारियों ने विभिन्न योजनाओं की प्रगति रिपोर्ट प्रस्तुत की तथा जनपद में चल रहे विकास कार्यों की जानकारी दी। इस अवसर पर जिला विकास अधिकारी सन्तोष कुमार सिंह, संबंधित विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

# बाइक सवार युवकों को ट्रैक्टर ने कुचला, चार की मौत एक घायल

अखंड भारत संदेश

**करारी कौशांबी।** करारी थाना क्षेत्र के महाराजगंज के पास अनियंत्रित तेज रफ्तार ट्रैक्टर ट्राली ने बाइक सवार पांच युवकों को कुचल दिया है दुर्घटना में चार युवकों की दर्दनाक मौत हो गई है दुर्घटना देखकर आसपास के लोग मौके पर पहुंचे मामले की सूचना थाना पुलिस और एंबुलेंस को दी गई है घायल युवक को इलाज के लिए अस्पताल पहुंचाया गया है दुर्घटना की जानकारी मिलते ही थाना पुलिस समेत पुलिस अधिकारी घटना स्थल पर पहुंचे हैं और बचाव एवं राहत कार्य में लग गए हैं मृतक चारों युवकों के शव को कब्जे में लेकर पुलिस ने पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है दुर्घटना की जानकारी मिलते ही घर परिवार रिश्तेदार समेत गांव के सैकड़ो लोग रोते बिलखते घटनास्थल पर पहुंच गए हैं। जानकारी के मुताबिक करारी थाना क्षेत्र के धनपरा गांव निवासी

## दुर्घटना के बाद पलट गई ट्राली, ट्रैक्टर का इंजन लेकर चालक हुआ फरार



राहुल कुमार उम्र 14 वर्ष पुत्र महेश प्रसाद अपने साथी और रिश्तेदार आकाश सरोज उम्र 25 वर्ष पुत्र पृथ्वी सरोज व अमन उम्र 22 वर्ष पुत्र केशन वा छोटू निवासी थांभा वा विकास कैथवास निवासी मध्यप्रदेश के साथ एक बाइक में सवार होकर गुरुवार की रात्रि 8:00 बजे कहीं जा रहे थे जैसे ही बाइक सवार करारी थाना क्षेत्र के महाराजगंज के पास पहुंचे तेज रफ्तार ट्रैक्टर ट्राली ने बाइक सवार युवकों को कुचल दिया है जिससे बाइक सवार युवक ट्रैक्टर ट्राली के पहिए के नीचे आ गए दुर्घटना इतनी तेज थी की मौके पर चार युवकों राहुल आकाश अमन और छोटू की दर्दनाक मौत हो गई है दुर्घटना में विकास गंभीर घायल है दुर्घटना देखकर आसपास के लोग मौके पर पहुंचे मामले की सूचना थाना पुलिस और एंबुलेंस को दी गई पुलिस ने घायल विकास को इलाज के लिए एंबुलेंस से अस्पताल भेजा है और मृतक चारों युवकों के शव को कब्जे में लेकर पुलिस ने पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है दुर्घटना की जानकारी मिलते ही पूरे गांव के लोग घटना स्थल पर पहुंच गए हैं घटनास्थल पर कोहराम मचा हुआ है दुर्घटना के बाद ट्रैक्टर की ट्राली पलट गई है और उसके बाद ट्रैक्टर के इंजन को लेकर चालक फरार हो गया है जिसकी तलाश पुलिस कर रही है।

## ट्रैक्टर से चार लोगों की मौत के बाद फिर खड़े हुए पुलिस और एआरटीओ पर सवाल!

**कौशांबी।** जिले के करारी थाना क्षेत्र के महाराज गंज में गुरुवार की रात ट्रैक्टर ट्राली से टकराने के बाद चार युवकों की मौके पर दर्दनाक मौत हो गई है और एक युवक गंभीर घायल है इस दर्दनाक घटना के बाद थाना पुलिस और एआरटीओ की व्यवस्था पर बड़े सवाल खड़े हो गए हैं ट्रैक्टर के पास एआरटीओ कार्यालय में ट्राली का पंजीकरण नहीं था तो फिर बिना पंजीकरण के ट्रैक्टर में ट्राली लगाकर कैसे सड़कों पर दौड़ रहे थे अवैध तरीके से जिले में हजारों ट्रैक्टर ट्रालियां बिना ट्राली के पंजीकरण के सड़कों पर दौड़ रही है जिन पर एआरटीओ और थाना पुलिस लगातार मेहरबानी बनाए हुए हैं यातायात पुलिस के भी इन अवैध वाहनों पर मेहरबानी कम नहीं है जिससे यातायात पुलिस पर भी सवाल खड़े हैं अवैध तरीके से सड़कों पर दौड़ रहे ट्रैक्टर ट्रालियां दुर्घटना का कारण बन रही हैं अवैध तरीके से ट्रैक्टर की ट्रालियों के परिचालन पर रोक लगा दी जाए तो दुर्घटनाओं पर रोक लग सकती है लेकिन ट्रैक्टर में बिना रजिस्ट्रेशन के ट्राली लगाकर बालू ईटा गिट्टी और मिट्टी का परिवहन खुलेआम सड़कों पर हो रहा है जो कानून का सीधा उल्लंघन है बाइक सवार चार युवकों की मौत के बाद फिर कानून व्यवस्था की हकीकत खुलकर सामने आ गई है।

# कार्यकाल खत्म चुनाव टले प्रधानों को प्रशासक बनाने के प्रस्ताव पर गांवों में उबाल

## राजनीतिक विवाद और ग्रामीण स्तर पर विरोध और तेज होने की संभावना जताई जा रही है

अखंड भारत संदेश

**कौशाम्बी।** ग्राम प्रधानों का कार्यकाल इसी महीने समाप्त हो रहा है,लेकिन पंचायत चुनाव समय पर न कराए जाने की स्थिति में पंचायती राज विभाग ने ग्राम पंचायतों में प्रशासक नियुक्त करने का प्रस्ताव शासन को भेजा है प्रस्ताव में सहायक विकास अधिकारी पंचायत के साथ मौजूदा प्रधानों को भी प्रशासक बनाए जाने का मसौदा शामिल बताया जा रहा है। हालांकि यह प्रस्ताव सामने आते ही गांवों में विरोध तेज हो गया है। ग्रामीणों और सामाजिक संगठनों ने इसे भ्रष्टाचार को खुली छूट देने वाला कदम करार दिया है।ग्रामीणों का कहना है कि जिन प्रधानों का कार्यकाल पूरा हो चुका है,यदि उन्हें ही प्रशासक बनाकर दोबारा वित्तीय और प्रशासनिक अधिकार दे दिए गए,तो ग्राम पंचायतों में लूट-खसोट,भ्रष्टाचार और अनियमितताओं के बढ़ने की प्रबल संभावना से इनकार नहीं किया जा सकता। आरोप है कि पहले से ही कई पंचायतों में विकास कार्यों,मनरेगा भुगतान,इंटरलॉकिंग,शौचालय और पंचायत भवन निर्माण जैसे मामलों में पारदर्शिता को लेकर सवाल उठते रहे हैं। ऐसे में बिना जनादेश के उन्हीं प्रधानों को फिर से अधिकार देना ग्रामीणों के बीच असंतोष पैदा कर रहा है हालांकि विभागीय सूत्रों का तर्क है कि चुनाव होने तक पंचायतों के कामकाज को बाधित होने से बचाने के लिए अंतरिम व्यवस्था जरूरी है। वहीं दूसरी ओर विरोध करने वालों का कहना है कि यदि प्रशासक नियुक्त करना ही है तो जिम्मेदारी पूरी तरह प्रशासनिक अधिकारियों को दी जाए ताकि वित्तीय लेनदेन और विकास कार्यों की निगरानी निष्पक्ष तरीके से हो सके।गौरतलब है कि,पंचायत चुनाव को लेकर अब तक स्पष्ट कार्यक्रम घोषित नहीं किया गया है,जिससे गांवों में असमंजस की स्थिति बनी हुई है। कई ग्रामीणों का कहना है कि लोकतांत्रिक व्यवस्था में कार्यकाल पूरा होने के बाद दोबारा उसी व्यक्ति को प्रशासनिक अधिकार देना जनभावनाओं के विपरीत है।अब शासन के अंतिम फैसले पर सबकी नजर टिकी है। यदि सरकार मौजूदा प्रधानों को प्रशासक नियुक्त करती है तो आने वाले दिनों में इसे लेकर राजनीतिक विवाद और ग्रामीण स्तर पर विरोध और तेज होने की संभावना जताई जा रही है।

# बधाई पूजने गए परिजनो के साथ गंगा में समाए 5 बच्चे तीन को बचाया दो लापता

## बचाव कार्य जारी दो बच्चों को अभी तक नहीं खोज पायी बचाव टीम

अखंड भारत संदेश

**कोखराज कौशाम्बी।** कोखराज थाना क्षेत्र के महमद पुर में दिनांक 14/05/2026 को समय 11:00 बजे ग्राम महमदपुर के रजनीश निषाद पुत्र संतोष निषाद व आसपास के लोग महमदपुर ग्राम के गंगा के किनारे बधाई के उपलक्ष्य में पूजा अचर्ना के लिए गए थे इसी दौरान पांच बच्चे अर्जुन निषाद 13 वर्ष पुत्र नन्दलाल निषाद वा आर्यन उम्र 11 वर्ष पुत्र सोहनलाल वा साजन सरोज उम्र 14 वर्ष पुत्र बिहारी लाल वा आँचल निषाद उम्र 13 वर्ष पुत्र नन्दलाल निषाद वा नलकुल सरोज पुत्र गणेश निवासीगण महमदपुर थाना कोखराज गंगा नदी में घुस कर स्नान करने लगे तभी गंगा नदी के गहरे पानी में जाने से पांचों बच्चे डूबने लगे बच्चों के नदी में डूबने की जानकारी मिलते ही गंगा किनारे पर रहे तमाम लोगों के बीच अफरा तफरी मच गयी जिसकी सूचना कोखराज पुलिस को दी गयी जिस पर



थाना कोखराज पुलिस मौके पर पहुँची और बचाव के लिए कुछ नाविकों की मदद से गंगा नदी में डूब रहे बच्चों को बचाया गया उक्त सूचना पर तत्काल पुलिस बल पहुंचकर ग्रामीणों की सहायता से तीन बच्चों को सकुशल बचा लिया गया है दो बच्चे अर्जुन निषाद पुत्र नन्दलाल निषाद वा आर्यन पुत्र सोहनलाल दो बच्चों की तलाश जारी है मौके पर पुलिस बल मौजूद है एसडीआरएफ टीम को सूचना देकर बुलवाया गया हैं जो लगातार बच्चों की तलाश कर रही है मौके पर नाव वालों से समन्वय स्थापित कर स्थानीय गोताखोरों की मदद से जाल लगाकर बच्चों की तलाश जारी है खबर लिखे जाने तक दो बच्चों को खोजा नही जा सका हैं जिससे परिजनों का रो रो कर हाल बेहाल है।

# तरसौरा गांव में लगी भीषण आग, 11 घर जलकर राख

अखंड भारत संदेश

**टेढ़ीमोड़ कौशाम्बी।** सिराथू तहसील के तरसौरा गांव में बुधवार को अचानक भीषण आग लग गई। आग लगने के दौरान तेज आंधी भी आ गई जिससे आग गांव में फैल गई देखते-देखते आग की चपेट में आकर करीब 11 घर जलकर राख हो गए। घरों में रखा अनाज,कपड़े, बर्तन बिस्तर इलेक्ट्रॉनिक सामान फनीचर नगदी सहित सब कुछ आग में जल जाने से स्वाहा हो गया। ग्रामीणों ने कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया।तेज हवा के कारण आग तेजी से फैली। घरों में रखे छप्पर,लकड़ी और भूसा ने आग को और भड़का दिया ग्रामीणों ने हैंडपंप और सबमर्सिबल चलाकर आग बुझाने की कोशिश की।सूचना पर पहुंची फायर ब्रिगेड की गाड़ी ने कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया।हादसे मे लाखों रुपए के नुकसान का अनुमान है। गनीमत रही कि कोई जनहानि नहीं हुई सूचना पर एसडीएम सिराथू

## बचाव एवं राहत कार्य में जुटा प्रशासन लाखों का नुकसान, आग में जल जाने से लोगों के सामने मुसीबत का पहाड़ टूट पड़ा है खाना खाने का सामान नहीं बचा है रहने सोने के लिए बिस्तर घर नहीं बचे हैं



और तहसीलदार मौके पर पहुंचे लेखपाल को नुकसान का आकलन करने के निर्देश दिए गए हैं।पीड़ित परिवारों को आपदा राहत कोष से तत्काल सहायता देने का आश्वासन दिया गया है।आग लगने का कारण शॉर्ट सर्किट या चूल्हे की चिंगारी पुलिस जांच कर रही है।आग की चपेट में आने से एक भैंस की जलने से मौके मौत हो गई दूसरी झुलस गई है वही एक बकरी की मौत दो बकरी झुलस गई है अग्निकांड में शिव बालक पुत्र मसूरिया दीन का बक्सा और घर का सारा सामान जल गया सेठ लाल पुत्र छोटेलाल,फूलमती पति स्वगीय रोशन लाल,सुखदेव प्रसाद पुत्र मसूरिया दीन सुकरी पत्नी स्वगीय श्याम लाल, अनोखेलाल पुत्र छोटेलाल, इंद्रलाल पुत्र समई, लक्ष्मण पुत्र सोनेलाल, प्रेमचंद पुत्र सोनेलाल, कलावती पत्नी रोशन लाल,देवतादीन सहित कई लोगों के घरों में आग लग गई है और अग्निकांड की इस घटना में अनाज, कपड़े, बर्तन बिस्तर इलेक्ट्रॉनिक सामान फनीचर नगदी सहित सब कुछ आग में जल जाने से लोगों के सामने मुसीबत का पहाड़ टूट पड़ा है खाना खाने का सामान नहीं बचा है रहने सोने के लिए बिस्तर घर नहीं बचे हैं।

## विवाहिता की हत्या करने वाले पति ससुर सास सात महीने बाद हुए गिरफ्तार

**4 महीने पूर्व हुई थी विवाहिता की शादी पिता की शिकायत पर दर्ज हुआ था मुकदमा**

**कोखराज कौशांबी।** कोखराज थाना क्षेत्र के खालिसपुर जरौंहा गांव में 28 सितम्बर 2025 को विवाहिता की हत्या उसके पति सास ससुर ने मिलकर कर दी थी विवाहिता के पिता विन्देश्वरी पुत्र स्व0 रामदुलारे निवासी संजेती करारी थाना ने बताया कि बेटी की शादी लगभग 04 माह पूर्व ग्राम जरौंहा खालिसपुर थाना कोखराज में सुरजेश पुत्र कल्लू के साथ हुयी थी, शादी के बाद से ही ससुरालजनों द्वारा अतिरिक्त दहेज की मांग को लेकर प्रताड़ित किया जाता था एवं दिनांक 28.09.2025 को उसकी हत्या कर दी गई थाना कोखराज पर मु0अ0सं0 412/20265 धारा 80(2)/85 बीएनएस व 3/4 डीपी एक्ट पंजीकृत हुआ उपरोक्त क्रम में दिनांक 14.05.2026 को कोखराज थाना पुलिस ने मुकदमा उपरोक्त से सम्बन्धित 03 अभियुक्तों पति सुरजेश पुत्र कल्लू वा ससुर कल्लू पुत्र श्रीपति वा सास केतकी पत्नी कल्लू को गिरफ्तार किया गया विधिक कार्यवाही के पश्चात अभियुक्त को न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया गया।

## पति समेत ससुरालियों पर मारपीट और प्रताड़ना का आरोप, मुकदमा दर्ज

**अझुवा कौशाम्बी।** सैनी कोतवाली क्षेत्र के ग्राम सभा कनवार के मजरा जोरावरपुर गांव की एक विवाहिता ने अपने पति और ससुराल पक्ष के लोगों पर मारपीट,गाली-गलौज और प्रताड़ना का आरोप लगाते हुए पुलिस से शिकायत की है। पुलिस ने मामले में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।जानकारी के अनुसार जोरावरपुर गांव निवासी राजकुमारी पत्नी अमरनाथ ने पुलिस को दिए शिकायती पत्र में बताया कि उसकी शादी करीब 17 वर्ष पूर्व हिन्दू रीति-रिवाज से अमरनाथ पुत्र प्रभु के साथ हुई थी। विवाहिता के तीन छोटे बच्चे हैं। आरोप है कि पति अमरनाथ आए दिन शराब के नशे में मारपीट करता है और गाली-गलौज करता रहता है। महिला ने ससुर प्रभु,देवर प्रमोद, विनोद,पप्पू समेत अन्य पर भी प्रताड़ित करने का आरोप लगाया है।पीड़िता का कहना है कि पारिवारिक स्तर पर कई बार समझौते का प्रयास किया गया, लेकिन स्थिति में कोई सुधार नहीं हुआ। आरोप है कि 9 मई 2026 की रात करीब 11 बजे पति ने शराब के नशे में उसके साथ बेरहमी से मारपीट की,जिससे उसे गंभीर चोटें आईं। शोर सुनकर आसपास के लोग मौके पर पहुंचे,जिसके बाद उसकी जान बच सकी।घटना के बाद पीड़िता किसी तरह अपने मायके पहुंची और सैनी थाने में तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की। पुलिस ने मामले में एनसीआर दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# डीएम ने ग्राम चौपाल लगाकर सुनी ग्रामवासियों की समस्याएं

अखंड भारत संदेश

**जिलाधिकारी ने अधिकारियों को ग्राम में कैम्प लगाकर छूटे हुए सभी पात्र लोगों को लाभान्वित करने के दिए निर्देश**

**पश्चिम शरीरा से भगवतपुर मोढ़ तक सड़क की मरम्मत कराने के निर्देश**

**कौशांबी।** जिलाधिकारी डॉ.अमित पाल ने गुरुवार को गॉव की समस्या,गॉव में समाधान के अन्तर्गत विकास खण्ड सरसवा की ग्राम-डेढ़ावल में ग्राम चौपाल लगाकर ग्रामवासियों की समस्याओं को सुना एवं सम्बन्धित अधिकारियों को शीघ्र निस्तारित करने के निर्देश दिए जिलाधिकारी ने अधिशासी अभियंता, लोनिवि को पश्चिम शरीरा से भगवतपुर मोढ़ तक सड़क की मरम्मत कराने के निर्देश दिए। उन्होंने ग्राम के लाभार्थियों से पुष्टाहार मिलने, पेंशन, शौचालय का लाभ मिलने, राशन मिलने, कन्या सुमंगला योजना एवं आवास आदि योजनाओं से लाभान्वित होने की जानकारी प्राप्त करते हुए सम्बन्धित अधिकारियों से कहा कि ग्राम में कैम्प लगाकर छूटे हुए सभी पात्र लोगों को शीघ्र लाभान्वित किया जाय। उनके द्वारा नजदीकी सामुदायिक/प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में उपलब्ध स्वास्थ्य सुविधाओं की जानकारी प्राप्त करने पर ग्रामवासियों ने बताया कि बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं मिल रही हैं। उन्होंने ग्रामवासियों से पूछा कि विद्यालय में अध्यापक समय से आते हैं एवं ठीक प्रकार से शिक्षण कार्य करते हैं या नहीं, जिस पर बताया गया कि अध्यापक समय से विद्यालय आते हैं एवं ठीक प्रकार से शिक्षण कार्य भी कर रहे हैं। जिलाधिकारी ने गर्भवती महिलाओं को पौष्टिक आहार प्रदान किया एवं बच्चों को अन्नप्राशन भी कराया। उन्होंने खण्ड विकास अधिकारी को ग्राम के हैंडपंपों की क्रियाशीलता सुनिश्चित कराने के निर्देश दिए। उन्होंने मुख्य पशु



चिकित्साधिकारी को पशुओं का टीकाकरण कराने के निर्देश दिए। उन्होंने तहसीलदार को ग्राम में आबादी के पास आंगनबाड़ी केंद्र के निर्माण के लिए भूमि चिन्हित करने के निर्देश दिए।मुख्य विकास अधिकारी विनोद राम त्रिपाठी ने बताया कि प्रधानमंत्री आवास योजना के अन्तर्गत 130 परिवारों को चिन्हित किया गया है, सभी पात्र लोगों को शीघ्र आवास योजना से लाभान्वित किया जाएगा। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री आवास योजना के अंतर्गत 37 परिवारों को चिन्हित किया गया है, जिसमें से 13 परिवारों को लाभान्वित कर दिया गया है,शेष परिवारों को शीघ्र ही लाभान्वित कर दिया जाएगा ग्राम चौपाल में मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. संजय कुमार सहित अन्य अधिकारियों ने ग्रामवासियों को विभागीय योजनाओं /कार्यक्रमों की जानकारी देकर योजनाओं का लाभ उठाने की अपील की। सहायक अभियंता,जल निगम ने बताया कि जल जीवन मिशन के अंतर्गत जुलाई माह से संपूर्ण ग्राम में पेयजल आपूर्ति शुरू हो जाएगी।

## डीएम की चौपाल में शिकायत के बाद बौखलाए कब्जा धारकों किया गाली गलौज आगजनी


**आठ नामजद सहित दर्जन भर लोगों के विरुद्ध सैनी कोतवाली में दर्ज हुआ मुकदमा**

**अझुवा कौशाम्बी।** सिराथू तहसील क्षेत्र के धुमाई गांव में 12 मई को जिला अधिकारी की चौपाल थी जिसमें सरकारी जमीन बंजर पर बाबूलाल इंदल और उनके परिवार के लोगों द्वारा कब्जे के प्रकरण की शिकायत मनोज कुमार आदि लोगों द्वारा डीएम से किया गया डीएम के निर्देश के बाद नायब तहसीलदार राजस्व टीम वा पुलिस के साथ बंजर भूमि से अवैध कब्जा हटाने गई थी सरकारी जमीन कब्जा करने वाले बाबूलाल इंदल व उनके परिवार के लोगों द्वारा दर्जन पर बाहरी लोगों के साथ नायब तहसीलदार और पुलिस की मौजूदगी में हंगामा कर दिया गया जमकर गाली गलौज झगड़ा लड़ाई हंगामा किया गया इतना ही नहीं आरोपियों द्वारा झोपड़ी में खुद आग लगा दी गई जिससे मौके पर हड़कंप मच गया लेखपाल की शिकायत पर बाबूलाल इंदल और उनके परिवार के आठ लोग सहित दर्जन भर अज्ञात के विरुद्ध लेखपाल की रिपोर्ट पर सैनी कोतवाली में पुलिस ने सरकारी कार्य में बाधा उत्पन्न करने सहित विभिन्न गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज कर आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है सरकारी जमीन कब्जा करने वाले लोगों का इतना मनोबल बढ़ा था कि डीएम से शिकायत के बाद भी सरकारी जमीन खाली करने के बजाय वह हंगामा करने लगे हैं।

## न्यूज झरोखा

### सीबीएसई बोर्ड का इंटर का रिजल्ट जारी भवंस मेहता विद्याश्रम भरवारी में टॉपर बनी वैष्णवी द्विवेदी

**भरवारी कौशांबी।** केन्द्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड सीबीएसई के इंटर मीडिएट का परिणाम बुधवार को घोषित हुआ है। जिसमें भवंसमेहता विद्याश्रम भरवारी में वैष्णवी द्विवेदी ने विद्यालय की टॉपर बनी। वैष्णवी द्विवेदी ने 500 में से 484 अंक प्राप्त किया। वही भास्कर ने 90.8 प्रतिशत अंक प्राप्त कर टॉपर सूची में दूसरा स्थान प्राप्त किया और अनामिका सिंह ने 89.6 प्रतिशत अंक प्राप्त कर टॉपर सूची में तीसरा स्थान प्राप्त किया।मोहम्मद जकरिया ने 89 प्रतिशत अंक प्राप्त कर टॉपर सूची में चौथा स्थान और आलोक केसरवानी ने 88.8 प्रतिशत अंक प्राप्त कर टॉपर सूची में पांचवां स्थान प्राप्त किया है।विद्यालय के प्रबंधक डॉक्टर संदीप सक्सेना एवं प्रधानाचार्य ने सभी उत्तीर्ण छात्रों को शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना किया है।




### पत्रकारिता जगत के भीष्म पितामह का लंबी बीमारी के बाद निधन



**कौशांबी।** पत्रकारिता जगत के भीष्म पितामह पंडित उपेंद्रनाथ शुक्ला उम्र 85 वर्ष निवासी सिंघिया भरवारी का लंबी बीमारी के बाद गुरुवार को निधन हो गया है उनके निधन की जानकारी मिलते ही पूरे पत्रकारिता जगत में शोक की लहर व्याप्त है बताते चलें की सिंघिया भरवारी कस्बे के रहने वाले उपेंद्रनाथ शुक्ला उर्फ राम जी पंडित दिल्ली के बहुचर्चित समाचार पत्र ब्लिट्ज जैसे सम्मानित समाचार पत्रों में उत्तर प्रदेश प्रभारी के पद पर कार्यरत रह चुके हैं पत्रकारिता जगत में उन्होंने एक मुकाम हासिल किया उनके बेटे अनुराग शुक्ला उर्फ अन्नू भाई प्रेस ट्रस्ट ऑफ इंडिया पीटीआई के पत्रकार हैं उपेंद्रनाथ शुक्ला की मौत की जानकारी मिलने के बाद पत्रकारों ने गहरा दुख व्यक्त किया है अपनी मौत के पीछे वह भरा पूरा परिवार छोड़कर गए हैं।

### पत्रकार के पिता का हुआ निधन

**कौशांबी।** दिल्ली के पत्रकार कौशाम्बी जिले के भरवारी निवासी अविनाश तिवारी के पिताजी एवं भारत समाचार की दिल्ली प्रभारी अंकिता जी के ससुर त्रिभुवन नाथ तिवारी का बीती रात को आकस्मिक निधन हो गया अंतिम संस्कार गंगा नदी के किनारे संदीपन घाट में शाम को सैकड़ो लोगों की मौजूदगी में किया गया ईश्वर आत्मा को अपने श्री चरणों में स्थान दे।

### अंधेरी जिंदगी में खिल उठी उम्मीद की रोशनी

**आश्रम संचालक ने कराया बुजुर्ग की आंख का ऑपरेशन**



**कौशांबी।** जनपद मुख्यालय मंझनपुर के ओसा स्थित वृद्धाश्रम के संचालक आलोक राय ने एक आंख से अंधे और बेसहारा बुजुर्ग को नई रोशनी देकर मानवता की मिसाल पेश की है। उनके इस नेक कार्य की पूरे इलाके में जमकर सराहना हो रही है।गुरुवार को आलोक राय किसी जरूरी काम से मंझनपुर मुख्यालय जा रहे थे। जैसे ही वह ओसा-मंझनपुर मार्ग पर शराब के ठेके के पास पहुंचे,उनकी नजर सड़क किनारे बैठे एक लाचार बुजुर्ग पर पड़ी। बुजुर्ग की हालत देखकर वह खुद को रोक नहीं सके और तुरंत उनके पास पहुंच गए। बातचीत में बुजुर्ग ने अपना नाम जलेश्वर सिंह पुत्र राजा सिंह निवासी बिहार बताया। बुजुर्ग ने दर्द भरी दास्तान सुनाते हुए बताया कि वह पिछले करीब दो वर्षों से इलाके के एक होटल में मजदूरी कर रहे थे। लेकिन होटल संचालक ने उन्हें मेहनताना तक नहीं दिया। कुछ समय बाद होटल भी बंद हो गया, जिसके बाद वह पूरी तरह बेसहारा हो गए। एक आंख की रोशनी जा चुकी थी और पेट भरने के लिए उन्हें इधर-उधर मांगकर गुजर-बसर करनी पड़ रही थी। यह बात सुनते ही आलोक राय का दिल पसीज गया। उन्होंने बिना देर किए बुजुर्ग को अपने साथ मंझनपुर जिला अस्पताल पहुंचाया। वहां डॉक्टरों से संपर्क कर एक आंख का ऑपरेशन कराया। सफल ऑपरेशन के बाद अब बुजुर्ग की जिंदगी में फिर से उजाला लौट आया है। आलोक राय ने बताया कि फिलहाल बुजुर्ग को वृद्धाश्रम में रखा जाएगा। उनके परिजनों से संपर्क कर उन्हें मिलवाने का प्रयास किया जाएगा।

### महिला पर गिरी पेड़ की डाल, मौत

**कौशांबी।** कड़ा धाम थाना क्षेत्र के जहांगीरा बाद कसारी गांव की महिला शकुंतला देवी पत्नी बच्चन कुशवाहा बुधवार की रात्रि 8:00 बजे पेड़ के नीचे चारपाई डालकर बैठी हुई थी इसी बीच अचानक पेड़ की डाल टूट कर महिला के ऊपर गिर गई जिससे महिला गंभीर रूप से घायल हो गई परिवार के लोग महिला को इलाज के लिए अस्पताल ले जा रहे थे लेकिन रास्ते में महिला की मौत हो गई है डॉक्टर ने महिला के मौत की पुष्टि कर दी है पुलिस ने महिला के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है महिला की मौत के बाद परिवार में कोहराम मचा हुआ है।

### घोघपुर में दो भैंसा की चोरी का खुलासा नहीं, पुलिस ने लगाई अंतिम रिपोर्ट

**महेवा घाट कौशांबी।** महेवाघाट थाना क्षेत्र के घोघपुर गांव में एक साथ चोरी हुए दो मुर्रा नस्ल के पाड़ों के खुलासा के मामले में पुलिस को कोई सफलता नहीं मिली है। पुलिस ने मामले में अंतिम रिपोर्ट न्यायालय भेज दी है। इससे पीड़ित परिवारों में नाराजगी है। उनका कहना है कि मामले की गंभीरता से जांच नहीं की गई।महेवाघाट थाना क्षेत्र के घोघपुर गांव निवासी उमेश ने बताया कि 12 फरवरी 2026 की रात उसके और पड़ोसी दुर्गा प्रसाद के घर के बाहर बंधे दो पाड़े (भैंसा) एक ही रात में चोरी कर लिए गए थे। काफी तलाश के बाद भी जब कोई सुराग नहीं मिला तो महेवाघाट थाने में तहरीर दी थी। पुलिस ने प्राथमिकी संख्या 24/2026 दर्ज कर जांच शुरू की थी।ग्रामीणों के मुताबिक घटना के बाद कुछ दिनों तक पुलिस ने पूछताछ की,लेकिन बाद में जांच की रफ्तार धीमी पड़ गई। पीड़ितों का आरोप है कि पुलिस ने संभावित संदिग्धों से पूछताछ नहीं की और न ही आसपास के इलाकों में प्रभावी तरीके से तलाश कराई गई। इसी वजह से चोरी गए पशुओं का कोई पता नहीं चल सका हालांकि पुलिस का कहना है कि मामले में उपलब्ध तथ्यों के आधार पर जांच की गई,लेकिन कोई ठोस साक्ष्य या बरामदगी नहीं हो सकी। वहीं दूसरी ओर गांव के लोगों का कहना है कि क्षेत्र में पशु चोरी की घटनाएं पहले भी हो चुकी हैं,लेकिन कई मामलों में अब तक खुलासा नहीं हो पाया। इससे ग्रामीणों में असुरक्षा का माहौल बना हुआ है। किसानों का कहना है कि पशुधन उनकी आजीविका का महत्वपूर्ण साधन है और चोरी की घटनाएं उन्हें आर्थिक रूप से कमजोर कर रही हैं।

### रहस्यमय ढंग से लापता हुई युवती, पिता ने युवक पर बहला-फुसलाकर ले जाने का लगाया आरोप

**अझुवा कौशाम्बी।** सैनी कोतवाली क्षेत्र से एक युवती के रहस्यमय परिस्थितियों में लापता होने का मामला सामने आया है। युवती के पिता ने एक युवक पर बहला-फुसलाकर ले जाने का आरोप लगाते हुए पुलिस से कार्रवाई की मांग की है।पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।जानकारी के अनुसार नगर पंचायत अझुवा निवासी व्यक्ति ने सैनी थाने में तहरीर देकर बताया कि वह वर्तमान में मंझनपुर तहसील में वरिष्ठ सहायक के पद पर कार्यरत हैं और सिराथू परिसर स्थित सरकारी आवास में परिवार सहित रहते हैं। उनकी 26 वषीय पुत्री ब्यूटी पार्लर में कार्य सिखाने जाती थी,आरोप है कि 13 मई 2026 की सुबह करीब 11 बजे युवती ड्यूटी के लिए घर से निकली थी,लेकिन वापस नहीं लौटी। परिजनों ने काफी खोजबीन की, लेकिन उसका कोई पता नहीं चल सका। इसी दौरान जानकारी मिली कि सुभान राजपूत नामक युवक जिससे युवती की पहले बातचीत होती थी उसे बहला-फुसलाकर अपने साथ ले गया है।पीड़ित पिता ने पुलिस से बेटी की बरामदगी और आरोपी के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## सम्पादकीय

# मोदी ने मान ली बड़ी नाकामी

**पिछले** 12 सालों से देश की सत्ता पर काबिज भाजपा सरकार हर मोर्चे पर किस कदर नाकाम हो चुकी है, इसके सबूत अब खुद प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने ही पेश कर दिए हैं। ये और बात है कि अपनी असफलता को श्री मोदी छद्म देशभक्ति के आवरण में छिपा रहे हैं। अब जनता का अपना विवेक है कि वो देशभक्ति के नाम पर किस हद तक अपना शोषण और उत्पीड़न होने देती है और कहां तक सरकार की शाहखर्ची को चुपचाप बर्दाश्त करती है।

जानकारी के लिए बता दें कि रविवार को तेलंगाना में एक सभा में नरेन्द्र मोदी ने पश्चिम एशिया में चल रहे संकट का जिक्र करते हुए विदेशी मुद्रा भंडार बचाने की बात कही और इसके लिए उन्होंने पेट्रोलियम उत्पादों के इस्तेमाल को कम करने, विदेशी मुद्रा की बचत और आत्मनिर्भरता पर जोर जैसे सुझाव दिए। पेट्रोल-डीजल बचाने के लिए प्रधानमंत्री ने कारपूलिंग या मेट्रो से सफर की बात कही और कोविड के दौरान जिस तरह वर्क फ्राम होम किया जाता था, उसी को फिर से अपनाने की अपील की। नरेन्द्र मोदी ने कहा कि विदेश में शादियां, यात्राएं और छुट्टियां मनाने का चलन बढ़ रहा है। इसलिए उन्होंने अपील की कि संकट के इस समय में कम से कम एक साल तक विदेश यात्राएं स्थगित कर दें। साथ ही त्योहारों पर सोने की खरीदारी को भी एक साल के लिए टालने की सलाह दी। नरेन्द्र मोदी ने यह भी कहा कि, मैं लंबे समय से कह रहा हूं कि खाना पकाने के तेल का उपयोग 10प्रतिशत कम करें। इससे न सिर्फ देश को संकट के समय मदद मिलेगी, बल्कि आपके परिवार की सेहत भी सुधरेगी। ध्यान रहे कि जिस प.एशिया के संकट के हवाले से आर्थिक तंगी की बात मोदी ने की है, वो एक-दो हफ्ते में नहीं कायम हुआ है। 28 फरवरी को जब अमेरिका-इजरायल ने ईरान पर हमला किया था और 2 मार्च को होर्मुज जलडमरूमध्य मार्ग को बंद करने का ऐलान ईरान ने किया था, तभी से वैश्विक बाजार में संकट दिखने लगा था। भारत में भी एलपीजी सिलेंडर की मारामारी शुरू हो चुकी थी। तब नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने सरकार से इस मामले में स्थिति साफ करने कहा था और आगाह भी किया था कि आर्थिक तूफान आने वाला है, जिसकी चपेट में करोड़ों लोग आएंगे। लेकिन उस समय चुनाव प्रचार में व्यस्त नरेन्द्र मोदी ने कांग्रेस पर अफवाह फैलाने का आरोप लगाया। पेट्रोलियम मंत्रालय के अधिकारी रोजाना प्रेस विज्ञप्ति जारी कर बताते कि देश में कोई संकट नहीं है, हमारे पास तेल और गैस का पर्याप्त भंडार है। तो अब मोदी से पूछा जाना चाहिए कि क्या ये भंडार भाजपा नेताओं के गुलछर्रे उड़ाने के काम आ रहा है। नरेन्द्र मोदी ने केरल से लेकर बंगाल तक धुआंधार रैलियां कीं, उनकी हर यात्रा में करोड़ों का पेट्रोल खर्च हुआ होगा। अभी बंगाल में शपथग्रहण समारोह में भाजपा के तमाम दिग्गज, सारे भाजपाई मुख्यमंत्री सब पहुंचे, क्या उनके विमान और हेलीकॉप्टर पानी से चलने लगे हैं। 12 मई को असम में भी भव्य शपथग्रहण होगा, तो क्या खुद मोदी वहां न पहुंचकर वर्चुअली उससे जुड़ेंगे। कोविड में तो ऐसा ही होता था। अगर मोदी न जाएं तो जनता के टैक्स का बहुत सारा पैसा बच जाएगा। रविवार को कर्नाटक और तेलंगाना के बाद नरेन्द्र मोदी सोमवार को सोमनाथ अमृत महोत्सव में पहुंचे, पहले वहां रोड शो किया, फिर 11 तीर्थों के जल से मंदिर में अभिषेक किया।

# तमिलनाडु : मोदीशाही की दुहरी हार !

**राजेंद्र शर्मा**

**तमिलनाडु** के राज्यपाल, आर्लेकर त्रिशंकु विधानसभा के सामने, भाजपा के लिए सुविधा के तर्क का वही खेल खेल रहे थे। लेकिन, भाजपा की तो तमिलनाडु विधानसभा में एक सीट ही आयी है और अन्नाद्रमुक के साथ उसका गठजोड़ भी, सरकार बनाने की किसी दावेदारी से कोसों दूर था। तब टीवीके की सरकार का रास्ता रोकने की कोशिश में केंद्र सरकार का क्या खेल हो सकता था?

तमिलनाडु में आखिरकार, जनतंत्र को पांवों तले रोंदने की कोशिश विफल हो गयी। सिने स्टार विजय के नेतृत्व में, पहली बार चुनाव में उतरी पार्टी, टीवीके की सरकार को 10 मई को, चेन्नै में राज्यपाल, राजेंद्र आर्लेकर के शपथ दिलाने पर, जनतंत्र की परवाह करने वाले लोगों ने अवश्य ही राहत की सांस ली होगी। जैसा कि सभी जानते हैं, 4 मई को हुई मतगणना का एक नतीजा निर्विवाद था–तमिलनाडु की जनता का फैसला विजय के नेतृत्व में सरकार बनाने के पक्ष में था। हालांकि, 234 सदस्यीय विधानसभा में टीवीके की 108 सीटें ही आयी थीं और इस तरह वह पूर्ण बहुमत से दस सीट पीछे रह गयी थी, फिर भी जनता का फैसला साफ तौर पर उसके ही पक्ष में था। उसकी मुख्य प्रतिद्वंद्वी और पिछले दस साल से सरकार चला रही डीएमके की सीटें पिछले चुनाव के मुकाबले आधी से भी कम होकर, 59 पर आ गयी थीं, जबकि उसकी पिछली बार की प्रतिद्वंद्वी, एआईएडीएमके को 47 सीटों पर ही जीत हासिल हुई थी। अदल-बदल कर 59 साल से तमिलनाडु में शासन संभाल रही इन दोनों पार्टियों को मिलकर भी, टीवीके जितनी सीटें हासिल नहीं हुई थीं। बहरहाल, संघ-भाजपा की राजनीति में प्रशिक्षित और मोदी सरकार द्वारा नियुक्त राज्यपाल, आर्लेकर को तमिलनाडु की जनता का यह फैसला मंजूर नहीं हुआ।

चुनाव के नतीजे आने के फौरन बाद, कांग्रेस के 5 विधायकों ने जब विजय के नेतृत्व में सरकार के लिए समर्थन की घोषणा कर दी, इस तरह 113 विधायकों के समर्थन के बल पर उन्होंने राज्यपाल से मुलाकात कर सरकार बनाने का अपना दावा पेश किया था। लेकिन, राज्यपाल ने इसके बावजूद उन्हें सरकार बनाने का न्यौता दिए बिना लौटा दिया कि न सिर्फ विजय बहुमत के आंकड़े के बहुत नजदीक पहुंच चुके थे बल्कि किसी अन्य पार्टी ने सरकार बनाने का दावा पेश ही नहीं किया था। राज्यपाल की दलील थी कि विजय, विधानसभा में पूर्ण बहुमत यानी 118 विधायकों के समर्थन का साक्ष्य, विधायकों द्वारा हस्ताक्षरित पत्र के रूप में जब तक पेश नहीं करेंगे, उन्हें राजभवन से (जिसका नाम अब लोकभवन कर दिया गया है) सरकार बनाने का आमंत्रण नहीं मिलेगा।

जैसा कि राज्यपाल आर्लेकर के इस तरह की शर्त लगाने की वैधता पर छिड़ी बहस में अनेक संविधान तथा कानून के जानकारों ने और यहां तक आम तौर पर मोदी सरकार की राय के साथ चलने वाले वरिष्ठद्द विधिवेत्ता तथा पूर्व-एडवोकेट जनरल, मुकुल रोहतगी तक ने राज्यपाल के ऐसी शर्त लगाने को अनाधिकार चेष्टद्दा कहा था और उसके कदमों को एक कृत्रिम संकट पैदा करने वाला बताया था। बेशक, टीवीके नेता, शुरूआत में कोई 118 विधायकों के समर्थन का दावा नहीं कर रहे थे। लेकिन, भारत के संसदीय इतिहास की जरा सी जानकारी रखने वाला भी यह बता देगा कि सरकार बनाने के लिए राष्ट्रपति/ राज्यपाल से आमंत्रण हासिल करने के लिए, ऐसा पूर्ण बहुमत का समर्थन जरूरी भी नहीं है। वास्तव में पिछले पचास साल के संसदीय इतिहास में ही राज्यों के स्तर पर ही नहीं, केंद्र के स्तर पर भी, अल्पमत सरकारें बनने और पूरे कार्यकाल तक चलने के भी अनेक चर्चित उदाहरण हैं। इनमें 1991 में बनी नरसिंह राव सरकार और 1996 में बनी अटलबिहारी वाजपेयी सरकार के उदाहरण भी शामिल हैं, जबकि बाद वाली सरकार तो वास्तव में तेरह दिन ही चल पायी थी। आर्लेकर की शर्त के हिसाब से तो ये सरकारें बन ही नहीं सकती थीं।




वास्तव में भारत में न तो विभाजित जनादेश वाले चुनाव कोई अनहोनी रहे हैं और न ही अल्पमत सरकारें और ऐसी स्थितियों में राज्यपालों के फैसलों और उनके पीछे केंद्र की भूमिका पर विवाद भी उठते रहे हैं। इसी की पृष्ठद्दभूमि में केंद्र-राज्य संबंधों पर विचार के क्रम में 1988 के सरकारिया आयोग ने तथा फिर 2002 के वेंकटचेलैया आयोग ने और 2010 के पंछी आयोग ने, एक राय से इस पर फैसला दिया था कि पूर्ण बहुमत प्राप्त पार्टी के दावे के अभाव में, सरकार बनाने के लिए आमंत्रित करने के लिए राष्टद्दपति/ राज्यपाल को प्राथमिकता का क्या क्रम अपनाना चाहिए? सबसे पहले मौका अकेले सबसे बड़े चुनाव-पूर्व गठबंधन को मिलना चाहिए। ऐसा दावेदार न होने की सूरत में, स्थिर सरकार बना सकने की दावेदार अकेली सबसे बड़ी पार्टी को मौका दिया जाना चाहिए। चुनाव के बाद बने गठबंधनों का नंबर, उक्त दोनों के बाद आता है क्योंकि मतदाताओं ने उसके आधार पर वोट नहीं दिया होता है। और इतना ही स्पष्टद्द यह भी हो चुका है कि इस तरह नियुक्त किसी भी सरकार के बहुमत का परीक्षण, संबंधित सदन में होना चाहिए न कि राजभवन में किसी तरह की गिनती से या समर्थन को लेकर उसकी निजी संतुष्टि के जरिए। लेकिन, मोदी राज के बारह वर्षों में राज्यपालों की भूमिका को जिस तरह केंद्र सरकार के हाथों में राजनीतिक हथियार बनाया गया है, उसके हिस्से के तौर पर राज्यपालों के रूप में छांट-छांटकर ऐसे संघ-भाजपा नेताओं तथा पूर्व-नौकरशाहों की नियुक्तियां की गयी हैं, जो सहर्ष केंद्र की राजनीति का औजार बनने के लिए तैयार रहते हैं। मोदीशाही ने तो राज्यपालों को फिर से सक्रिय राजनीति में लाकर, चुनाव लड़ाने की अनोखी मिसालें कायम की हैं, जो सत्ताधारी पार्टी और राज्यपाल के पद के अंतर के ही मिटाये जाने के सबूत हैं। कहने की जरूरत नहीं है कि यह न सिर्फ मोदी सरकार की ज्यादा से ज्यादा सत्ता अपने हाथों में केंद्रित करने की हवस को ही दिखाता है बल्कि संघ-भाजपा के बुनियादी संघीय व्यवस्था विरोधी, एकात्मक व्यवस्था-परस्त सोच से भी मेल खाता है।

इसलिए, हैरानी की बात नहीं है कि जहां विपक्ष-शासित राज्यों में मोदी राज के बैठाए राज्यपाल, अपनी संवैधानिक भूमिका को भूलकर, निर्वाचित सरकारों के काम-काज में अड़चनें डालने तथा वास्तव में विपक्षी सरकारों के खिलाफ राजनीतिक अभियान चलाने में ही लगे रहे हैं। वास्तव में पिछले कुछ वर्षों में राज्यपालों के इन विधानसभाओं द्वारा पारित विधेयकों पर बैठे रहने से लेकर, खासतौर पर उच्च शिक्षा संस्थाओं में नियुक्तियों में रोड़े अटकाने के खिलाफ, विपक्षी राज्य सरकारों को बार-बार उच्च न्यायालयों की शरण में जाना पड़ा है और सर्वोच्च न्यायालय तक को हस्तक्षेप करना पड़ा है। ऐसे राज्यपालों के जरिए, उक्त स्थापित व्यवस्था का उल्लंघन कर, सुविधा के तर्क से भाजपा की सरकारें बनवाने की कोशिशें नहीं की गयी होतीं, तो ही हैरानी की बात होती। गोवा, मणिपुर, कर्नाटक और महाराष्ट्र आदि कई राज्यों में, इसी तरह से भाजपा की सरकारें थोपने की कोशिशें की गयी थीं, हालांकि कर्नाटक तथा महाराष्टद्द के मामलों में तब ये कोशिशें ज्यादा कामयाब नहीं रही थीं और बाद में भाजपा को 'ऑपरेशन कमलङ्ख का भी सहारा लेना पड़ा था। गोवा में 2017 में राज्यपाल के पद पर बैठायी गयी भाजपा नेता मृदुला सिन्हा ने 40 सदस्यीय सदन में, 17 विधायकों वाली कांग्रेस के दावे को अनदेखा कर, 13 विधायकों वाली भाजपा को सरकार बनाने के लिए आमंत्रित कर लिया। जाहिर है कि बाद में भाजपा ने तोड़-फोड़ और खरीद-फरोख्त के जरिए, बहुमत का भी जुगाड़ कर लिया। उसी वर्ष मणिपुर में, 18 विधायकों वाली कांग्रेस के दावे के अनदेखा कर, राज्यपाल ने 21 विधायकों वाली भाजपा को सरकार बनाने के लिए आमंत्रित कर लिया और उसे जोड़-तोड़ से बहुमत गढ़ने का मौका दे दिया।

लेकिन, इसके अगले वर्ष कर्नाटक में राज्यपाल, वजूभाई वाला ने 224 सदस्यीय कर्नाटक विधानसभा में, कांग्रेस और जनता दल (सेकुलर) के चुनाव-बाद गठबंधन के बल पर, 115 विधायकों का समर्थन होने का दावा करने बावजूद, 104 विधायकों वाली भाजपा को सरकार बनाने का न्यौता ही नहीं दिया, उसे विधानसभा में बहुमत साबित करने के लिए 15 दिन का समय भी दे दिया। बाद में सुप्रीम कोर्ट ने हस्तक्षेप कर, इस अवधि को घटाकर दो दिन कर दिया ताकि खरीद-फरोख्त के लिए ज्यादा मौका न रहे और येदियुरप्पा को बहुमत हासिल न होने के कारण इस्तीफा देना पड़ा। इसी तरह, भगतसिंह कोशियारी ने 2020 में महाराष्टद्द में देवेंद्र फडनवीस को मुंह अंधेरे मुख्यमंत्री पद की शपथ दिला दी, जबकि विपक्षी महाराष्ट्र विकास अघाड़ी का चुनावोत्तर गठबंधन के रूप में बहुमत का दावा उनके सामने था। यह दूसरी बात है कि बहुमत न जुगाड़ पाने की वजह से तब देवेंद्र फडनवीस को भी इस्तीफा देना पड़ा था।

# मोदी के राष्ट्रहित के आह्वान में भी राजनीति क्यों?

**-: ललित गर्ग:-**

**आज** पूरी दुनिया एक ऐसे दौर से गुजर रही है, जहां युद्ध, आर्थिक अस्थिरता, ऊर्जा संकट और वैश्विक बाजार की अनिश्चितताओं ने मानव सभ्यता को नई चुनौतियों के सामने खड़ा कर दिया है। खाड़ी देशों में लंबे समय से चल रहे संघर्ष और युद्ध की विभीषिका ने वैश्विक अर्थव्यवस्था को गहरे तक प्रभावित किया है। कच्चे तेल की कीमतों में लगातार वृद्धि, आपूर्ति श्रृंखलाओं का बाधित होना, डॉलर के मुकाबले विभिन्न देशों की मुद्राओं का कमजोर होना और अंतरराष्ट्रीय व्यापार में उत्पन्न असंतुलन ने लगभग हर राष्ट्र की आर्थिक व्यवस्था को प्रभावित किया है। भारत भी इन परिस्थितियों से अछूता नहीं रह सकता। भारत अपनी ऊर्जा आवश्यकताओं का बड़ा हिस्सा आयात करता है और सोने का भी विश्व के सबसे बड़े उपभोक्ताओं में से एक है। ऐसी स्थिति में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा देशवासियों से ईंधन के संयमित उपयोग और सोने की खरीद को सीमित करने का आह्वान केवल एक आर्थिक सलाह नहीं, बल्कि राष्ट्रहित में किया गया दूरदर्शी चिंतन है। दुर्भाग्य यह है कि मोदी की मितव्ययिता की अपील पर पूरे देश को एकजुट होकर गंभीरता से विचार करना चाहिए था, उस विषय को भी राजनीतिक विवाद का हथियार बना दिया गया। कुछ विपक्षी दलों ने प्रधानमंत्री की इस अपील को जनता में भय फैलाने वाला कदम बताया, तो कुछ ने इसे सरकार की विफलताओं को छिपाने का प्रयास कहा। जबकि वस्तुतः यह अपील राष्ट्र को भविष्य की संभावित चुनौतियों के प्रति सचेत करने और समय रहते आत्मानुशासन अपनाने का संदेश है। यह राजनीति का विषय नहीं, बल्कि राष्ट्रीय जिम्मेदारी का प्रश्न है। जब विश्व के बड़े-बड़े राष्ट्र आर्थिक संकटों से जूझ रहे हों, तब भारत के प्रधानमंत्री यदि नागरिकों को संयम एवं मितव्ययिता का सूत्र देते हैं तो उसे राजनीतिक चश्मे से नहीं, बल्कि राष्ट्रीय दृष्टि से देखा जाना चाहिए। यह पहला अवसर नहीं है, जब प्रधानमंत्री ने देश की तरक्की को बनाए रखने की सामूहिक चिन्ता करते हुए मितव्ययिता एवं संयम की अपील की हो।



भारत की संस्कृति मूलतः संयम प्रधान रही है। भारतीय जीवन-दर्शन में संयम को केवल व्यक्तिगत गुण नहीं, बल्कि जीवन की सबसे बड़ी शक्ति माना गया है। हमारे ऋषियों, मुनियों और महापुरुषों ने सदैव आवश्यकता और विलासिता के बीच अंतर करना सिखाया। महावीर, बुद्ध, गांधी और विनोबा भावे जैसे महापुरुषों ने त्याग और संयम को ही मानवता की सबसे बड़ी शक्ति बताया। भारतीय संस्कृति कहती है कि जितना आवश्यक हो उतना ही उपभोग करो, क्योंकि असीमित उपभोग अंततः संकट को जन्म देता है। यही कारण है कि भारतीय सभ्यता हजारों वर्षों तक टिकाऊ और संतुलित बनी रही। आज जब पूरी दुनिया उपभोक्तावाद के दुष्परिणाम भुगत रही है, तब भारत की यही संयम आधारित संस्कृति समाधान का मार्ग दिखा सकती है। सोने के प्रति भारतीय समाज का आकर्षण ऐतिहासिक और सांस्कृतिक दोनों स्तरों पर गहरा रहा है। विवाह, पारिवारिक उत्सव, धार्मिक परंपराएं और सामाजिक प्रतिष्ठा में सोने का विशेष स्थान है। लेकिन यह भी एक कठोर सत्य है कि भारत का अधिकांश सोना आयातित होता है। हर वर्ष अरबों डॉलर का विदेशी मुद्रा भंडार सोने के आयात पर खर्च होता है। यह सोना उत्पादन या औद्योगिक विकास में उपयोग होने के बजाय घरों और लॉकरों में बंद होकर निष्क्रिय पड़ा रहता है। ऐसे समय में जब विदेशी मुद्रा भंडार पर दबाव बढ़ रहा हो और रुपये की कीमत लगातार गिर रही हो, तब सोने की खरीद में संयम बरतने की अपील आर्थिक दृष्टि से अत्यंत प्रासंगिक है। यह किसी की परंपराओं के विरोध में नहीं, बल्कि देश की आर्थिक मजबूती के पक्ष में उठाया गया कदम है।

इसी प्रकार ईंधन के उपयोग में संयम भी समय की आवश्यकता है। भारत की ऊर्जा आवश्यकताओं का बड़ा हिस्सा आयातित तेल पर निर्भर है। खाड़ी देशों में युद्ध और अस्थिरता के कारण तेल की कीमतों में लगातार वृद्धि हो रही है। इसका सीधा प्रभाव पेट्रोल, डीजल, परिवहन, उद्योग और महंगाई पर पड़ता है। यदि नागरिक ईंधन के अनावश्यक उपयोग को सीमित करें, सार्वजनिक परिवहन का अधिक उपयोग करें, ऊर्जा बचत को जीवनशैली का हिस्सा बनाएं, तो इससे न केवल देश की अर्थव्यवस्था को राहत मिलेगी, बल्कि पर्यावरण संरक्षण में भी मदद मिलेगी। संयम का अर्थ केवल त्याग नहीं होता, बल्कि दूरदर्शिता और जिम्मेदारी भी होता है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अपील इसी जिम्मेदारी की भावना से प्रेरित प्रतीत होती है। उन्होंने किसी प्रकार की जबरदस्ती या प्रतिबंध की बात नहीं की, बल्कि नागरिकों से स्वैच्छिक सहयोग की अपेक्षा की। यह लोकतांत्रिक नेतृत्व की पहचान है। एक जिम्मेदार प्रधानमंत्री का कर्तव्य केवल संकट आने पर कदम उठाना नहीं होता, बल्कि संकट के संकेतों को पहचानकर समय रहते जनता को तैयार करना भी होता है। आज जब दुनिया के कई देशों में आर्थिक अस्थिरता के कारण भारी महंगाई, बेरोजगारी और सामाजिक तनाव देखने को मिल रहे हैं, तब भारत अपेक्षाकृत स्थिर स्थिति में है। यह केवल संयोग नहीं, बल्कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में पिछले वर्षों में अपनाई गई आर्थिक नीतियों, बुनियादी ढांचे के विस्तार, डिजिटल अर्थव्यवस्था, आत्मनिर्भर भारत अभियान और वैश्विक स्तर पर भारत की मजबूत स्थिति का परिणाम है। यह भी उल्लेखनीय है कि विश्वव्यापी संकटों के बावजूद भारत ने अपने नागरिकों पर अत्यधिक आर्थिक बोझ नहीं पड़ने दिया। महामारी से लेकर युद्धजनित परिस्थितियों तक भारत सरकार ने लगातार राहत योजनाएं चलाईं, गरीबों को मुफ्त राशन उपलब्ध कराया, किसानों और मध्यम वर्ग को विभिन्न प्रकार की सहायता दी तथा अर्थव्यवस्था को स्थिर बनाए रखने के लिए अनेक कदम उठाए। वैश्विक मंदी और युद्ध के वातावरण में भी भारत दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्थाओं में शामिल बना हुआ है। यह प्रधानमंत्री मोदी के कुशल नेतृत्व और दूरदर्शिता का प्रमाण है।

दुर्भाग्यपूर्ण यह है कि देशहित के ऐसे विषयों पर भी कुछ राजनीतिक दल संकीर्ण राजनीति से ऊपर नहीं उठ पा रहे। लोकतंत्र में आलोचना का अधिकार सभी को है, लेकिन हर विषय को राजनीतिक लाभ-हानि के तराजू में तौलना राष्ट्रहित के विरुद्ध है। यदि प्रधानमंत्री जनता से संयम की अपील करते हैं तो विपक्ष को चाहिए कि वह भी जनता को जागरूक करे, न कि भय और भ्रम का वातावरण बनाए। राजनीति तब तक स्वस्थ मानी जाती है जब तक वह राष्ट्रहित से जुड़ी रहे। लेकिन जब राजनीति केवल विरोध के लिए विरोध करने लगे और राष्ट्रीय संकटों को भी अवसर की तरह देखने लगे, तब वह लोकतंत्र को कमजोर करती है। आज आवश्यकता इस बात की है कि पूरा देश एक परिवार की तरह सोचते हुए राष्ट्रीय हित को सर्वोपरि माने। संकट के समय संयम, अनुशासन और सहयोग ही किसी भी राष्ट्र की सबसे बड़ी ताकत होते हैं। भारत ने इतिहास में अनेक बार यह सिद्ध किया है कि जब भी राष्ट्र पर संकट आया, भारतीय समाज ने अद्भुत त्याग और एकता का परिचय दिया। स्वतंत्रता आंदोलन से लेकर युद्धकाल तक, भारतीय जनता ने अपने निजी हितों से ऊपर उठकर राष्ट्रहित को महत्व दिया है। आज फिर वही समय है जब हमें समझना होगा कि अनावश्यक उपभोग, दिखावे की प्रवृत्ति और अंधाधुंध विलासिता अंततः देश की आर्थिक मजबूती को कमजोर करती है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अपील को इसी व्यापक संदर्भ में देखने की आवश्यकता है। यह केवल सोना न खरीदने या ईंधन बचाने का संदेश नहीं, बल्कि आत्मसंयम, आत्मअनुशासन और राष्ट्रीय जिम्मेदारी का संदेश है। भारतीय संस्कृति का मूल स्वर भी यही रहा है कि व्यक्ति अपने आचरण से समाज और राष्ट्र को मजबूत बनाए। यदि हम संयम को जीवन का हिस्सा बना लें तो अनेक आर्थिक, सामाजिक और पर्यावरणीय समस्याओं का समाधान स्वतः संभव हो सकता है। आज दुनिया जिस अनिश्चितता और संकट के दौर से गुजर रही है, उसमें भारत अपेक्षाकृत मजबूत स्थिति में खड़ा है। इसका श्रेय देश की जनता की सामर्थ्य के साथ-साथ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व को भी जाता है। ऐसे समय में आवश्यकता राजनीतिक आरोप-प्रत्यारोप की नहीं, बल्कि राष्ट्रीय एकता और सकारात्मक सोच की है। संयम केवल आर्थिक नीति नहीं, बल्कि राष्ट्रनिर्माण का आधार है। यदि हम इस भावना को समझ सकें, तो न केवल वर्तमान संकटों का सामना कर पाएंगे, बल्कि आने वाली पीढ़ियों के लिए भी एक मजबूत और आत्मनिर्भर भारत का निर्माण कर सकेंगे।

# लंभुआ में भाजपा खेलेगी नया दांव !निषाद समाज की महिला प्रत्याशी पर बड़ा मंथन

**सुलतानपुर। विधानसभा** चुनाव 2027 को लेकर भाजपा ने अभी से सियासी बिसात बिछानी शुरू कर दी है। जिले की चर्चित लंभुआ विधानसभा सीट पर इस बार भाजपा बड़ा सामाजिक और राजनीतिक समीकरण साधने की तैयारी में जुटी है। सूत्रों के मुताबिक पार्टी निषाद समाज की महिला प्रत्याशी को मैदान में उतारने के फॉमूर्ले पर गंभीर मंथन कर रही है।दरअसल,लंभुआ विधानसभा में निषाद वोटरों की संख्या काफी प्रभावशाली मानी जाती है। ऐसे में भाजपा जातीय समीकरण के साथ महिला कार्ड खेलकर आधी आबादी को भी साधने की रणनीति बना रही है। संगठन के भीतर डबल इंजन समीकरण यानी निषाद महिला वोटबैंक को लेकर चर्चा तेज हो गई है।भाजपा संगठन से जुड़े सूत्रों का कहना है कि शीर्ष नेतृत्व महिलाओं की राजनीतिक भागीदारी बढ़ाने पर विशेष जोर दे रहा है। निषाद पार्टी से गठबंधन के बाद अब भाजपा निषाद समाज की महिला चेहरे को आगे कर बड़ा संदेश देने की तैयारी में है।हालांकि अभी किसी नाम की आधिकारिक घोषणा नहीं हुई है,लेकिन दावेदारों में भाजपा नेत्री रेखा निषाद का नाम तेजी से उभर रहा है।




# बेखौफ चोरों ने पांडे सोलर एजेंसी को बनाया निशाना, लाखों का माल किया पार

**सुल्तानपुर-जुड्डुपुर** सहाबागंज बाजार में बीती रात बेखौफ चोरों ने एक बड़ी चोरी की वारदात को अंजाम दिया है।

पांडे सोलर एजेंसी प्रोपराइटर शिवम पांडे पुत्र स्वर्गीय राजेश पांडे निवासी सहाबागंज के दुकान निशाना बनाते हुए चोरों ने लाखों रुपये के कीमती सामान पर हाथ साफ कर दिया।

?शटर तोड़ कर अंदर घुसे चोरों ने लाखों का माल किया साफ।

मिली जानकारी के अनुसार,घटना बीती रात की है जब चोरों ने एजेंसी का ताला तोड़कर या शटर काटकर भीतर प्रवेश किया। सुबह जब एजेंसी मालिक और कर्मचारी दुकान पर पहुँचे,तो बाई तरफ से टूटा हुआ शटर देखकर उनके होश उड़ गए। चोरों ने दुकान में रखे सोलर पैनल,बैटरी, इनवर्टर और अन्य कीमती उपकरणों को पार कर दिया है।?लाखों के नुकसान का अनुमान।पीड़ित व्यापारी के अनुसार,चोरी हुए माल की कीमत लाखों में बताई जा रही है। घटना की सूचना तुरंत डायल 112 को दी गई। सूचना मिलते ही पुलिस टीम ने मौके पर पहुँचकर जांच शुरू कर दी है।

व्यापारियों में आक्रोश।

जुडुपुर सहाबागंज बाजार व्यस्त इलाके में हुई इस बड़ी चोरी से स्थानीय व्यापारियों में असुरक्षा का माहौल है।




# शत्रु संपत्तियों को लेकर बड़ी कार्रवाई की तैयारी अवैध कब्जाधारकों पर कसेगा शिकंजा

**सुलतानपुर। भारतीय** शत्रु संपत्ति अभिरक्षक कार्यालय के पर्यवेक्षक विद्यासागर ने सुलतानपुर पहुंचकर शत्रु संपत्तियों को लेकर बड़ा बयान दिया है। उन्होंने स्पष्ट कहा कि विधिक एवं कानूनी प्रक्रिया के तहत शत्रु संपत्तियों को खाली कराया जाएगा और अवैध कब्जाधारकों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।




तहसील सभागार में आयोजित कार्यक्रम के दौरान विद्यासागर ने दर्जनों नागरिकों के समक्ष शत्रु संपत्तियों से संबंधित विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने बताया कि गृह मंत्रालय, भारत सरकार के निर्देशन में प्रदेशभर में अभियान चलाया जा रहा है, जिसके अंतर्गत वर्षों से कूट रचित दस्तावेजों के सहारे शत्रु संपत्तियों पर कब्जा जमाए लोगों की जांच की जा रही है।

उन्होंने कहा कि नगर क्षेत्र के अलावा जिलेभर में कई शत्रु संपत्तियां विभाग की निगरानी में हैं। ऐसे मामलों में दस्तावेजों की गहन जांच कराई जा रही है और अवैध कब्जा पाए जाने पर बेदखली की कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी।विद्यासागर ने बताया कि आगामी 25 मई को प्रातः 11:00 बजे से शाम 4:00 बजे तक शत्रु संपत्तियों की ऑनलाइन नीलामी प्रक्रिया संपन्न कराई जाएगी।

# चित्रकूट पुलिस के आश्वासन से टूटा सब्र महिलाओं ने घेरा सीएम आवास व सौपा ज्ञापन

- सैकड़ों महिलाओं पहुंचीं सीएम आवास
- गिरफ्तारी की मांग तेज

**अखंड भारत संदेश**



सीएम आवास के बाहर पैम्फलेट लिए हुए एकत्रित महिलाएं

**चित्रकूट।** जिले में लालापुर आश्रम के महंत भरतदास को लेकर शुरू हुआ विवाद अब राजधानी लखनऊ तक पहुंच गया है। कथित अभद्र टिप्पणियों और भाजपा नेताओं के खिलाफ अपमानजनक भाषा प्रयोग के आरोपों में घिरे भरतदास की गिरफ्तारी न होने से नाराज महिलाओं का गुस्सा आखिरकार फूट पड़ा। चित्रकूट पुलिस के लगातार आश्वासनों से परेशान जय बजरंग सेना की राष्ट्रीय अध्यक्ष अर्चना उपाध्याय सैकड़ों महिलाओं के साथ सीधे मुख्यमंत्री आवास पहुंच गईं, जहां जोरदार प्रदर्शन और नारेबाजी की गई। महिलाओं का आरोप था कि कई दिनों से थाने, पुलिस अधिकारियों और प्रशासनिक दफ्तरों के चक्कर काटने के बावजूद केवल आश्वासन मिल रहे हैं, लेकिन कार्रवाई के नाम पर कुछ नहीं हुआ। प्रदर्शनकारी महिलाओं ने ह्लपाखंडी भरतदास को गिरफ्तार करोह्व और ह्लमहिलाओं के सम्मान पर राजनीति बंद करोह्व जैसे नारे लगाते हुए मुख्यमंत्री कार्यालय का घेराव किया। स्थिति को देखते हुए लखनऊ पुलिस ने पहले प्रदर्शनकारियों को रोकने की कोशिश की, लेकिन महिलाओं की पीड़ा सुनने के बाद उन्हें मुख्यमंत्री आवास तक जाने दिया गया, जहां ज्ञापन सौंपकर तत्काल गिरफ्तारी की मांग की गई। प्रदर्शन के दौरान राष्ट्रीय अध्यक्ष ने साफ चेतावनी दी कि यदि जल्द कार्रवाई नहीं हुई तो आंदोलन और उग्र किया जाएगा। इस पूरे घटनाक्रम ने अब चित्रकूट पुलिस की कार्यप्रणाली पर भी सवाल खड़े कर दिए हैं। जिले से शुरू हुआ यह मामला अब राजनीतिक और सामाजिक दबाव का बड़ा मुद्दा बनता जा रहा है, जबकि महिलाओं का कहना है कि जब तक भरतदास जेल नहीं जाएगा, संघर्ष जारी रहेगा।

# प्रधानमंत्री पर टिप्पणी को लेकर भाजपा ने कर्वी में किया प्रदर्शन, सपा सांसद को चौतरफा घेरा

### सार्वजनिक माफी की मांग उठाई

**अखंड भारत संदेश**


प्रदर्शन करते भाजपाई

**चित्रकूट।** कर्वी तहसील मंगलवार को उस समय राजनीतिक गर्मी का केंद्र बन गई, जब भारतीय जनता पार्टी ने महोबा-हमीरपुर से समाजवादी पार्टी सांसद राजेन्द्र लोधी द्वारा प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पर कथित अशोभनीय टिप्पणी के विरोध में विशाल धरना-प्रदर्शन किया। जिला अध्यक्ष के नेतृत्व में भाजपा कार्यकताओं ने जोरदार नारेबाजी करते हुए सपा सांसद से सार्वजनिक माफी की मांग की। प्रदर्शन के दौरान माहौल पूरी तरह राजनीतिक आक्रोश से भरा दिखाई दिया। जिला अध्यक्ष ने कहा कि प्रधानमंत्री के प्रति अपमानजनक भाषा पूरे भाजपा संगठन और कार्यकताओं का अपमान है। चेतावनी दी कि यदि माफी नहीं मांगी गई तो भाजपा कार्यकर्ता ऐसा उग्र आंदोलन करेंगे कि सपा नेताओं का घर से निकलना मुश्किल हो जाएगा। जिला महामंत्री अंजू वर्मा ने कहा कि संवैधानिक पदों पर बैठे लोगों को मयार्दा और भाषा की गरिमा बनाए रखनी चाहिए। वहीं जिला उपाध्यक्ष आलोक पाण्डेय ने सपा प्रमुख अखिलेश यादव से अपने नेताओं की भाषा पर नियंत्रण रखने की अपील करते हुए भविष्य में कड़ा राजनीतिक जवाब देने की चेतावनी दी। प्रदर्शन में विपुल प्रताप सिंह, अश्विनी अवस्थी, अर्पित जायसवाल सहित बड़ी संख्या में भाजपा पदाधिकारी और कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## मानिकपुर में स्थापित होगा 85 मेगावाट का सौर ऊर्जा संयंत्र, 250 करोड़ से बदलेगी तस्वीर

**चित्रकूट।** जनपद अब केवल धार्मिक और सांस्कृतिक पहचान तक सीमित नहीं रहेगा, बल्कि जल्द ही हरित ऊर्जा के नक्शे पर भी अपनी चमक बिखेरता नजर आएगा। तहसील मानिकपुर के ग्राम सकरौहा में अवाडा क्लीन एनर्जी प्रा लि. द्वारा 85 मेगावाट क्षमता का विशाल सौर ऊर्जा संयंत्र स्थापित किए जाने की तैयारी शुरू हो गई है। लगभग 250 करोड़ रुपए की लागत से बनने वाली यह परियोजना न सिर्फ बिजली उत्पादन का नया केंद्र बनेगी, बल्कि स्थानीय युवाओं के लिए रोजगार और निवेश के नए दरवाजे भी खोलेगी। परियोजना के लिए 44.617 हेक्टेयर भूमि प्रस्तावित है, जिसमें करीब 40.050 हेक्टेयर भूमि अनुसूचित जाति के काश्तकारों तथा 4.567 हेक्टेयर भूमि सामान्य एवं पिछड़ा वर्ग के किसानों से क्रय की जाएगी। प्रशासन के अनुसार निर्माण कार्य इसी वर्ष शुरू होने की संभावना है और वर्ष 2027 तक संयंत्र को संचालित करने का लक्ष्य रखा गया है। यह परियोजना प्रदेश की हरित ऊर्जा नीति को मजबूती देने के साथ बढ़ती विद्युत मांग को पूरा करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी। प्रशासन ने परियोजना के समयबद्ध और सुचारु क्रियान्वयन हेतु हर संभव सहयोग देने की प्रतिबद्धता भी जताई है।

# महंत प्रकरण ने बढ़ाई राजनीतिक तपिश विवाद बना जिले में वर्चस्व की जंग

- विवाद ने खोली सत्ता गलियारों की दरारें
- जिले में खिंची ताकत और राजनीतिक रसूख की लकीर

**चित्रकूट।** धर्म, सत्ता और राजनीति के गलियारों में इन दिनों लालापुर आश्रम के महंत भरतदास का नाम किसी तूफान की तरह गूंज रहा है। मामला अब केवल कथित अभद्र टिप्पणी या विरोध प्रदर्शन तक सीमित नहीं रह गया, बल्कि इसने जिले की राजनीति के भीतर वर्षों से दबी खामोश दरारों को भी सतह पर ला खड़ा किया है। भाजपा के पूर्व सांसद की मां के खिलाफ कथित अपमानजनक शब्दों का इस्तेमाल और एक नेत्री पर सोशल मीडिया में कथित आपत्तिजनक टिप्पणी के बाद जिस तरह जिले में आक्रोश भड़का, उसने सियासी तापमान को अचानक उबाल पर ला दिया। मजे की बात यह है कि जिन सत्ता गलियारों में छोटी-छोटी बातों पर राजनीतिक तलवारें म्यान से बाहर आ जाती हैं, वहां इस पूरे प्रकरण पर कई बड़े भाजपाइयों की रहस्यमयी चुप्पी अब आम लोगों को बेचैन कर रही है। चौपालों और गलियों पर एक ही सवाल हवा में तैर रहा है कि क्या यह सिर्फ कानूनी विवाद है या फिर जिले में राजनीतिक वर्चस्व की कोई अदृश्य लड़ाई चल रही है? लोगों को वह घटना भी याद आ रही है, जब कुछ महीने पहले सोशल मीडिया पर एक पूर्व विधायक के खिलाफ टिप्पणी करने वाले एक आम आदमी को चित्रकूट पुलिस ने बिजली की रफ्तार से दबोच लिया था। उस वक्त कानून की धाराएं मानो अश्व पर सवार दिखाई दे रही थीं, लेकिन अब वही कानून बैसाखियों के सहारे चलता नजर आ रहा है। पुलिस का यह तर्क कि मामला सात साल से कम सजा की श्रेणी में आता है, जनता के गले नहीं उतर रहा। लोग पूछ रहे हैं कि क्या कानून की किताबें अब चेहरे और रसूख देखकर खुलती हैं? सूत्रों की मानें तो मामला अब अहंकार, राजनीतिक प्रतिष्ठा और शक्ति प्रदर्शन की लड़ाई में बदल चुका है। सत्ता के गलियारों से मानो एक खामोश चुनौती उछाली जा रही हो- अगर दम है तो गिरफ्तार करके दिखाओ। विरोध करने वाला पक्ष थाने से लेकर एसपी कार्यालय और सीएम योगी आदित्यनाथ के दरबार तक दस्तक दे चुका है। व्यक्तिगत मुलाकातें भी हो चुकी हैं, लेकिन कार्रवाई अब भी धूल फांक रही है। ऐसे में जिले में सवाल लाजिमी है क्या कानून कमजोर पड़ गया है, या फिर किसी अदृश्य राजनीतिक छत्रछाया ने उसे बेबस बना दिया है? और अगर संगठन में सब कुछ ठीक है, तो फिर आखिर ऐसा कौन-सा रसूख है, जिसके सामने पूरे जिले के भाजपाई भी असहाय दिखाई दे रहे हैं?

# जेसीबी गरजी तो खुला आजादी से बंद रास्ता, गांव में गूंजा प्रशासन का डंडा

**अखंड भारत संदेश**


अवैध कब्जा हटवाते हुए मऊ एसडीएम

**मऊ/चित्रकूट।** तहसील के ग्राम पंचायत बरहा कोटरा के मजरा घुरेहटा में गुरुवार को वह दृश्य देखने को मिला, जिसका इंतजार ग्रामीण आजादी के बाद से कर रहे थे। वर्षों से अवैध कब्जे की जकड़ में बंद पड़े चकमार्ग पर जैसे ही जेसीबी गरजी, गांव में उम्मीद और राहत की लहर दौड़ गई। कम्पोजिट विद्यालय घुरेहटा तक पहुंचने के लिए बच्चे, शिक्षक और ग्रामीण लंबे समय से कीचड़, खेतों और असुविधाओं के बीच गुजरने को मजबूर थे, लेकिन शिकायत मिलते ही मऊ एसडीएम राम ऋषि रमन खुद मौके पर पहुंच गए। उनके साथ खंड शिक्षा अधिकारी कृष्ण दत्त पाण्डेय, बीडीओ ओमप्रकाश यादव, लेखपाल संदीप अग्रहरि और ग्राम प्रधान की टीम भी मौजूद रही। प्रशासन ने मौके पर चकमार्ग का चिन्हांकन कराया और जेसीबी से अवैध अतिक्रमण हटवाकर रास्ता खुलवा दिया। रास्ता खुलते ही ग्रामीणों के चेहरों पर वर्षों बाद संतोष दिखाई दिया। ग्रामीणों ने इसे गांव में न्याय की वापसी बताया। एसडीएम राम ऋषि रमन ने साफ चेतावनी दी कि सार्वजनिक भूमि पर कब्जा करने वालों के खिलाफ आगे भी जेसीबी के जरिए सख्त वैधानिक कार्रवाई की जाएगी।

# किसानों के टोकन में तारीख गायब, डीएम ने अफसरों की लगाई क्लास

### गेहूं खरीद केंद्र पर डीएम का छापा

**अखंड भारत संदेश**



गेहूं खरीद केंद्र पर जांच करते डीएम

**चित्रकूट।** गुरुवार को जिलाधिकारी चित्रकूट ने पीसीएफ कृषक सेवा केंद्र खोह स्थित गेहूं खरीद केंद्र का औचक निरीक्षण कर व्यवस्थाओं की हकीकत परखी। निरीक्षण के दौरान केंद्र खुला मिला और जिला खाद्य विपणन अधिकारी सहित केंद्र प्रभारी राजकुमार कुशवाहा मौके पर मौजूद रहे। अब तक 49 किसानों से 129.40 मीट्रिक टन गेहूं खरीदा जा चुका है, लेकिन बड़ी संख्या में किसानों के टोकन पर केंद्र आने की तिथि अंकित न मिलने पर जिलाधिकारी ने नाराजगी जताई। उन्होंने साफ निर्देश दिए कि हर किसान को उसकी तौल की निश्चित तारीख बताई जाए ताकि किसानों को अनावश्यक चक्कर न लगाने पड़ें। निरीक्षण में यह भी सामने आया कि केंद्र पर अभी 882 कुंतल गेहूं अवशेष पड़ा है, जिस पर डीएम ने परिवहन ठेकेदार से समन्वय बनाकर नियमित उठान सुनिश्चित कराने को कहा। साथ ही चेतावनी दी गई कि उतराई, छनाई या सफाई के नाम पर किसानों से गेहूं वसूलने की शिकायत मिली तो केंद्र प्रभारी और हैंडलिंग ठेकेदार के खिलाफ कठोर कार्रवाई तय मानी जाएगी। डीएम के तेवरों के बाद खरीद केंद्रों में हड़कंप का माहौल बना रहा।

## चित्रकूट के वैभव ने अंकों से लिखा इतिहास, 97.20 प्रतिशत से जिले में मचाया धमाल



**चित्रकूट।** जिले में सीबीएसई 12वीं परीक्षा का परिणाम आते ही मऊ क्षेत्र खुशी और गर्व से झूम उठा, जब योगिराज हंडिया बाबा पब्लिक स्कूल के छात्र वैभव निषाद ने 97.20 प्रतिशत अंक प्राप्त कर जिले में पहला स्थान हासिल किया। वैभव की इस शानदार सफलता ने न सिर्फ विद्यालय बल्कि पूरे क्षेत्र का मान बढ़ा दिया। परिणाम घोषित होते ही घर पर बधाई देने वालों का तांता लग गया और परिजनों ने मिठाई बांटकर खुशी का इजहार किया। विद्यालय प्रबंधन ने इसे मेहनत, अनुशासन और नियमित अध्ययन का परिणाम बताते हुए कहा कि वैभव ने अन्य छात्रों के लिए प्रेरणा प्रस्तुत की है। प्रधानाचार्य और शिक्षकों ने छात्र के उज्ज्वल भविष्य की कामना की। वहीं वैभव ने अपनी सफलता का श्रेय माता-पिता और गुरुजनों को दिया। पिता अशोक कुमार और माता सुशीला देवी ने कहा कि लक्ष्य के प्रति समर्पण और निरंतर मेहनत ही बेटे की सफलता का सबसे बड़ा आधार बनी।

# पूर्व माध्यमिक विद्यालय गढ़ीवा में लैंगिक समानता पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

### गुड टच से एसिड अटैक तक

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** जनपद न्यायाधीश एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण चित्रकूट के मार्गदर्शन में बुधवार को पूर्व माध्यमिक विद्यालय गढ़ीवा, कर्वी में आयोजित विधिक साक्षरता एवं जागरूकता कार्यक्रम केवल एक औपचारिक आयोजन नहीं, बल्कि समाज की जड़ मानसिकता पर सीधा प्रहार बनकर उभरा। सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण इला चौधरी ने छात्र-छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि विकसित समाज की असली नींव बच्चे होते हैं और बेटियों को बराबरी का अधिकार देना ही सच्ची प्रगति है। कार्यक्रम में सहायक लीगल एड डिफेंस काउंसिल योगेंद्र सिंह ने संविधान के अनुच्छेद 16, 21।, 24 और 39(म) के माध्यम से लैंगिक समानता के अधिकारों की जानकारी दी, वहीं कुलदीप सिंह ने एसिड अटैक को महिलाओं के खिलाफ सबसे भयावह अपराध बताते हुए भारतीय न्याय संहिता की धाराओं 124 और 125 के प्रावधान समझाए। स्वाती तिवारी ने बच्चों को बताया कि 18 वर्ष से कम आयु के बच्चों को तेजाब बेचना अपराध है और नियम तोड़ने वालों पर दंड तय है। घरेलू हिंसा, दहेज प्रतिषेध, पॉक्सो और पीसीपीएनडीटी कानूनों पर भी विस्तार से चर्चा हुई। कार्यक्रम के अंत में प्रशिक्षु देवांशी ने बच्चों को गुड टच-बैड टच की जानकारी देकर जागरूकता का मजबूत संदेश दिया।



जागरूकता कार्यक्रम में मौजूद बच्चे व अधिकारीगण

## राजापुर में रक्षक ही बने भक्षक? युवक की पिटाई से उठे पुलिसिया आतंक के सवाल

**चित्रकूट।** राजापुर थाना क्षेत्र के भंभेट गांव में डायल 112 पीआरबी पुलिसकर्मियों पर लगे गंभीर आरोपों ने पूरे इलाके में हलचल मचा दी है। जिस पुलिस को परिवार ने घरेलू विवाद शांत कराने के लिए बुलाया था, उसी पर युवक को बेरहमी से पीटने का आरोप लगने से लोगों में गुस्सा और डर दोनों दिखाई दे रहे हैं। बताया कि भंभेट निवासी रज्जू प्रसाद का अपनी पत्नी से विवाद हुआ था, जिसके बाद परिवार ने सहायता के लिए पुलिस को बुलाया। आरोप है कि मौके पर पहुंचे 4-5 पुलिसकर्मी समझौता कराने के बजाय रज्जू को वाहन में बैठाकर ले गए। परिजनों का कहना है कि रास्ते में पुलिसकर्मियों ने उससे 5 हजार रुपये मांगे और पैसे न होने की बात कहने पर बेल्ट व डंडों से उसकी बेरहमी से पिटाई कर दी। परिवार के अनुसार मारपीट इतनी क्रूर थी कि रज्जू का एक हाथ टूट गया और शरीर की चमड़ी तक उधड़ गई। आरोप है कि घायल अवस्था में उसे घर छोड़ दिया गया। मामला तब और गंभीर हो गया जब परिजनों ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भी उचित इलाज और मेडिकल परीक्षण न होने का आरोप लगाया। घटना के बाद क्षेत्र में पुलिस की कार्यशैली को लेकर तीखी चचार्एं शुरू हो गई हैं। वहीं सीओ राजापुर राजकमल ने कहा है कि पूरे मामले की जांच कराई जा रही है और दोषियों पर नियमानुसार कार्रवाई होगी।

# अब हमला किया तो परमाणु बम... ईरान की अमेरिका को खुली धमकी

**ईरान**

**ईरान** ने धमकी दी है कि अगर अमेरिका उसके क्षेत्र पर एक और हमला करता है, तो वह परमाणु सीमा पार कर जाएगा और यूरेनियम संवर्धन को हथियार-योग्य स्तर तक बढ़ा देगा। यह चेतावनी ऐसे समय आई है जब राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के कुछ सहयोगियों ने कहा है कि वह अब ईरान में सैन्य अभियान फिर से शुरू करने पर गंभीरता से विचार कर रहे हैं। ईरान की संसदीय राष्ट्रीय सुरक्षा और विदेश नीति आयोग के प्रवक्ता इब्राहिम रेजाई ने कहा कि तेहरान 90 प्रतिशत शुद्धता तक यूरेनियम का संवर्धन कर सकता है, जो परमाणु हथियारों के लिए उपयुक्त स्तर माना जाता है। रेजाई ने एक्स पर लिखा कि ईरान के पास एक और हमले की स्थिति में 90 प्रतिशत संवर्धन का विकल्प हो सकता है। हम संसद में इसकी समीक्षा करेंगे। यह टिप्पणी ट्रंप द्वारा वाशिंगटन और तेहरान के बीच नाजुक युद्धविराम पर सवाल उठाने के 24 घंटे से भी कम समय बाद आई है, जिसमें उन्होंने कहा था कि ईरान द्वारा महीनों से चल रहे संघर्ष को समाप्त करने के उद्देश्य से अमेरिका समर्थित प्रस्ताव को अस्वीकार करने के बाद युद्धविराम "जीवन रक्षक यंत्र" पर है।

परमाणु गतिरोध ने युद्धविराम को खतरे में डाल दिया है

ईरान का परमाणु कार्यक्रम विवाद का मूल कारण है, विशेष रूप से लगभग 400 किलोग्राम यूरेनियम का भविष्य, जिसे पहले ही 60 प्रतिशत शुद्धता तक संवर्धित किया जा चुका है, जो हथियार-स्तर से थोड़ा ही नीचे है। पिछले जून में ट्रंप ने घोषणा की थी कि 12 दिनों के युद्ध के दौरान अमेरिका और इजराइल के हमलों ने ईरान की परमाणु सुविधाओं को "नष्ट" कर दिया था। लेकिन अमेरिकी खुफिया आकलन से पता चला है कि तेहरान का परमाणु कार्यक्रम तब तक



जीवित रह सकता है जब तक कि अत्यधिक संवर्धित यूरेनियम के भंडार को या तो नष्ट नहीं कर दिया जाता या देश से बाहर नहीं ले जाया जाता। ट्रम्प चाहते हैं कि ईरान संवर्धित यूरेनियम सौंप दे और अपना परमाणु कार्यक्रम छोड़ दे। हालांकि, तेहरान का कहना है कि परमाणु मुद्दों पर बातचीत के बाद के चरणों में ही चर्चा होनी चाहिए और उसने अपने संप्रभु अधिकार माने जाने वाले इस अधिकार को छोड़ने की मांग को खारिज कर दिया है। ईरान ने अमेरिकी नौसैनिक नाकाबंदी समाप्त करने, युद्ध से संबंधित नुकसान के लिए मुआवजे और लेबनान में इजरायल और हिजबुल्लाह से जुड़े सैन्य अभियानों को रोकने की भी मांग की है। दोनों पक्षों के बीच विश्वास का टूटना तब और स्पष्ट हो गया जब ट्रम्प ने अमेरिकी प्रस्ताव पर तेहरान की नवीनतम प्रतिक्रिया की कड़ी आलोचना की। ट्रम्प ने सोमवार को पत्रकारों से कहा कि उन्होंने हमें जो बकवास भेजा है, उसे पढ़ने के बाद मैं इसे अभी का सबसे कमजोर प्रस्ताव कहूंगा। मैंने इसे पूरा पढ़ा भी नहीं।" अमेरिकी प्रस्ताव का उद्देश्य ईरान की परमाणु गतिविधियों सहित अधिक विवादास्पद मुद्दों पर बातचीत शुरू करने से पहले लड़ाई को रोकना था।

## 80 सांसदों ने मांगा इस्तीफा, कुर्सी पर संकट



**ब्रिटेन**

**ब्रिटेन** के प्रधानमंत्री कीर स्टारमर ने मंगलवार को इस्तीफे की मांगों को खारिज करते हुए मंत्रियों से कहा कि वे अपना शासन जारी रखेंगे, हालांकि चुनाव में मिली करारी हार के बाद पिछले 48 घंटों में उनके पद छोड़ने की समय-सीमा तय करने की मांग लगातार बढ़ रही है, जिससे माहौल अस्थिर हो गया है।

अपने मंत्रिमंडल की बैठक में दो साल से भी कम समय से प्रधानमंत्री पद पर रहे स्टारमर ने दोहराया कि हालांकि वे अपनी लेबर पार्टी की सबसे बुरी चुनावी हार में से एक की जिम्मेदारी लेते हैं, लेकिन नेतृत्व के लिए कोई आधिकारिक कदम नहीं उठाया गया है। स्टारमर ने अपने डाउनिंग स्ट्रीट कार्यालय के अनुसार, मंत्रियों से कहा पिछले 48 घंटे सरकार के लिए अस्थिरता भरे रहे हैं और इसका हमारे देश और परिवारों के लिए वास्तविक आर्थिक नुकसान हुआ है। देश हमसे शासन चलाने की उम्मीद करता है। मैं यही कर रहा हूँ और कैबिनेट के तौर पर हमें यही करना चाहिए।

स्टारमर की टिप्पणियों पर ब्रिटिश सरकारी बॉन्ड में मामूली उछाल आया, लेकिन दिन भर वे गिरावट में ही रहे। उनका यह रुख उनकी लेबर पार्टी के कई सदस्यों की भावनाओं के बिल्कुल विपरीत था। कुछ मंत्री सहायकों के सरकार छोड़ने के बाद एक कनिष्ठ मंत्री ने इस्तीफा दे दिया। 80 ??से अधिक लेबर सांसदों ने सार्वजनिक रूप से उनसे इस्तीफे की तारीख तय करने का आग्रह किया है, ताकि पार्टी व्यवस्थित तरीके से एक नए नेता का चयन कर सके। स्टारमर की टिप्पणियों के बाद ब्रिटिश सरकारी बॉन्डों में मामूली उछाल आया, लेकिन दिन भर उनमें गिरावट बनी रही। उनका यह रुख उनकी लेबर पार्टी के कई सदस्यों की भावनाओं के बिल्कुल विपरीत था।

कुछ मंत्री सहायकों के सरकार छोड़ने के बाद एक कनिष्ठ मंत्री ने भी इस्तीफा दे दिया। 80 ??से अधिक लेबर सांसदों ने सार्वजनिक रूप से उनसे इस्तीफे की तारीख तय करने का आग्रह किया है, ताकि पार्टी व्यवस्थित तरीके से एक नए नेता का चयन कर सके। स्टारमर ने सोमवार को ब्रिटेन की कई समस्याओं से निपटने के लिए अधिक साहस और तत्परता से कार्रवाई करने का वादा करके अपनी स्थिति मजबूत करने की कोशिश की थी।

## बड़ा हादसा टला! चेन्नई में फ्लाइट में उड़ान से ठीक पहले तकनीकी खराबी, 280 यात्री सुरक्षित

**चेन्नई**

**चेन्नई** अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर हाइड्रोलिक रिसाव के कारण एतिहाद एयरवेज की एक फ्लाइट, जिसमें लगभग 280 यात्री सवार थे, मंगलवार को अबू धाबी जा रही थी, लेकिन इंजीनियरिंग टीम ने उसे रोक दिया। उड़ान भरने की तैयारी कर रही चेन्नई-अबू धाबी फ्लाइट के यात्रियों को बाद में विमान से उतार दिया गया और एयरबस ए320 (ए6-ईआईटी) विमान को वापस स्टैंड पर लाया गया। एयरलाइन अधिकारियों ने



स्पष्ट किया कि न तो मार्ग परिवर्तन हुआ और न ही आग लगने की कोई घटना हुई। कुछ शुरूआती समाचार रिपोर्टों में बताया गया था कि विमान के उड़ान भरने की तैयारी के दौरान उसके बाएं पंख में आग लग गई थी। उन्होंने यह भी बताया कि दमकल कर्मियों ने तुरंत स्थिति पर काबू पा लिया, जिसके बाद उड़ान रद्द कर दी गई।

एक आधिकारिक बयान में एतिहाद ने कहा कि ए 343 उड़ान का टेक-ऑफ एक "तकनीकी समस्या" के कारण रद्द कर दिया गया था,

हालांकि उसने इसके बारे में कोई विशिष्ट जानकारी नहीं दी। एयरलाइन ने कहा, उड़ान लगभग तीन घंटे देरी से रवाना होने की उम्मीद है।

## कैफे में 4 भारतीय पर्यटक बेहोश, एक की मौत से मचा हड़कंप



**थाईलैंड**

**थाईलैंड** के फुकेत में एक कैफे में रहस्यमय तरीके से बेहोश होने के बाद अस्पताल में भर्ती कराए गए चार पर्यटकों में से एक भारतीय नागरिक की मंगलवार को मौत हो गई। यह जानकारी यहां स्थित भारतीय दूतावास ने दी। नकी मृत्यु के कारणों का तत्काल पता नहीं चल पाया है। दूतावास ने कहा कि वह थाई अधिकारियों के संपर्क में है और 9 मई को फुकेत में चार भारतीय पर्यटकों के बेहोश होने और बाद में इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराए जाने की घटना पर कड़ी नजर रख रहा है। भारतीय दूतावास ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि इनमें से एक युवा भारतीय पर्यटक की मृत्यु पर हम अपनी गहरी संवेदना व्यक्त करते हैं। दूतावास के अधिकारी मृतक के परिवार के संपर्क में हैं और इस दुख की घड़ी में उन्हें हर संभव सहायता प्रदान कर रहे हैं। दूतावास ने आगे कहा कि हम घटना की जांच कर रहे संबंधित थाई अधिकारियों के संपर्क में हैं और अन्य लोगों के स्वास्थ्य की स्थिति पर भी नजर रख रहे हैं।

थाई मीडिया के अनुसार, स्थानीय अधिकारियों ने बताया कि यह घटना शनिवार तड़के काठू जिले के कमला बीच इलाके में हुई। कैफे के सुरक्षाकर्मियों ने बताया कि शुक्रवार रात करीब 11 बजे पांच भारतीय एक साथ कैफे पहुंचे। लगभग 1:54 बजे, उनमें से चार एक-एक करके बेहोश हो गए। बैंकॉक पोस्ट के अनुसार, उन्हें तुरंत अस्पताल ले जाया गया।

शनिवार दोपहर करीब 2 बजे पुलिस को सूचना मिली कि एक व्यक्ति की मौत हो गई है। अखबार ने आगे बताया कि बाकी तीन लोगों की हालत स्थिर है।

## IRGC की सहायता का आरोप, बहरीन ने 3 लोगों को सुनाई आजीवन कारावास की सजा

**अमेरिका**

**अमेरिका,** इजराइल और ईरान के बीच नाजुक युद्धविराम टूटने के नए संकेत दे रहा है, क्योंकि राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने युद्ध समाप्त करने के लिए तेहरान के नवीनतम जवाबी प्रस्ताव को यह कहते हुए खारिज कर दिया कि इसमें ईरान की परमाणु महत्वाकांक्षाओं का समाधान नहीं किया गया है। ट्रम्प ने युद्धविराम को जीवन रक्षक यंत्र पर बताया, जबकि उनके कुछ सहयोगी अब ईरान के खिलाफ सैन्य अभियान फिर से शुरू करने की संभावना पर विचार कर रहे हैं। हालांकि, ट्रम्प के चीन रवाना होने से पहले कोई बड़ा फैसला आने की उम्मीद नहीं है, जहां चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग के साथ बातचीत में ईरान का दबदबा रहने की भी संभावना है।

तनाव के उच्च स्तर पर बने रहने के बीच, ईरान के सर्वोच्च नेता के एक सलाहकार ने ट्रम्प को चेतावनी दी कि वे लड़ाई में मौजूदा विराम को जीत न समझें। इस बीच, ईरान में लगभग पूरी तरह से इंटरनेट बंद 74वें दिन में प्रवेश कर चुका है, निगरानी समूह नेटब्लॉक्स का कहना है कि यह बंद 1,752 घंटे से अधिक समय तक चला है। ईरानी अधिकारियों का कहना है कि युद्ध समाप्त होने के बाद ही इंटरनेट पूरी तरह से बहाल होगा। लेबनान में, स्वास्थ्य मंत्रालय के अनुसार, अप्रैल में युद्धविराम लागू होने के बाद से इजरायली हवाई हमलों और तोपखाने की गोलीबारी में कम से कम 380 लोग मारे गए हैं।

हिज्बुल्लाह नेता नईम कासिम ने जोर



देकर कहा है कि समूह के हथियारों पर इजराइल के साथ कोई बातचीत नहीं होगी। इस संघर्ष से वैश्विक ऊर्जा सुरक्षा को लेकर चिंताएँ भी बढ़ रही हैं। कतर ने तेहरान को चेतावनी दी है कि वह खाड़ी देशों के खिलाफ होर्मुज जलडमरूमध्य का इस्तेमाल दबाव बनाने के लिए न करे, वहीं सऊदी ऊर्जा अधिकारियों ने आगाह किया है कि अगर यह महत्वपूर्ण समुद्री मार्ग जल्द ही नहीं खुलता है तो इस साल तेल बाजार स्थिर नहीं हो पाएंगे।

ईरान युद्ध में अब तक वाशिंगटन को 29 अरब डॉलर का खर्च आया

पेंटागन के अद्यतन अनुमानों के अनुसार, ईरान के खिलाफ अमेरिकी-इजरायली सैन्य अभियान में अब तक वाशिंगटन को 29 अरब डॉलर का खर्च आ चुका है। यह आंकड़ा पिछले महीने के अंत में जारी अनुमानों से 4 अरब डॉलर अधिक है। पेंटागन के नियंत्रक के रूप में कार्यरत जूल्स हर्स्ट ने सांसदों को बताया कि अद्यतन कुल राशि में सैन्य संपत्तियों की मरम्मत और प्रतिस्थापन लागत के साथ-साथ युद्ध प्रयासों से संबंधित चल रहे परिचालन खर्च भी शामिल हैं।

## अमेरिकन मेयर निकली चीन की जासूस, मचा भयंकर बवाल!

**अमेरिका**

**अमेरिका** को एक और तगड़ा झटका लगा क्योंकि अमेरिकी मेयर पर अब चीन के लिए जासूसी करने का आरोप लगा। कैलिफोर्निया की एक मेयर पर चीन के लिए गुप्त तरीके से काम करने का आरोप लगा है। अमेरिकी न्याय विभाग की कारवाई के बाद इस मामले ने अमेरिका की राजनीति और सुरक्षा तंत्र में हलचल मचा दी। आरोप है कि चीन अमेरिकी लोकतांत्रिक संस्थाओं में अपने प्रभाव का जाल बिछाने की कोशिश कर रहा था और इसके लिए स्थानीय नेताओं



तक को इस्तेमाल किया गया। दरअसल दक्षिणी कैलिफोर्निया के आकेडिया शहर की मेयर एललीन बांग ने अचानक इस्तीफा दे दिया। इस्तीफा उस समय आया जब अमेरिकी न्याय विभाग ने खुलासा किया कि उन पर चीन के लिए अवैध विदेशी एजेंट के तौर पर काम करने का आरोप तय किया गया। 58 साल की वांग ने मामले में दोष स्वीकार करने पर सहमति भी जताई।


इस आरोप में उन्हें 10 साल तक की जेल हो सकती है और देखा जाए तो यह अमेरिका के लिए इसलिए भी बड़ा झटका है क्योंकि आज अगर अमेरिका के लिए कोई सबसे बड़ी चुनौती है तो वो चीन ही है। अमेरिकी अधिकारियों के मुताबिक यनिंग माइक सन नाम के एक अन्य व्यक्ति ने चीन के हितों को बढ़ावा देने के लिए काम किया। दोनों पर ही आरोप है कि उन्होंने अमेरिका में रह रहे चीनी मूल के लोगों को प्रभावित करने के लिए प्रोपोगेंडा चलाया। इसलिए उन्होंने यूएस न्यूज सेंटर नाम की वेबसाइट का इस्तेमाल भी किया। जिसे स्थानीय चीनी अमेरिकी समुदाय के समाचार मंच के तौर पर पेश किया जाता है। जून 2021 में चीन के एक अधिकारी ने एनक्रिप्टेड रिचार्ज ग्रुप में पहले से तैयार लेख भेजे। इनमें शिनजियांग मुद्दे पर चीन का पक्ष रखा गया था। लेख में कहा गया था कि शिनजियांग में नरसंहार या जबरन मजदूरी जैसी बातें सिर्फ अफवाह हैं।

आरोप है कि एललीन बांग ने कुछ ही मिनटों में इस आर्टिकल को अपनी वेबसाइट पर पोस्ट कर दिया और लिंक वापस चीनी अधिकारी को भेज दिया गया। जवाब में अधिकारी ने लिखा बहुत तेजी से काम हुआ। धन्यवाद। अमेरिकी न्याय विभाग का कहना है कि यह सिर्फ मीडिया प्रचार का मामला नहीं था।

## हथियार नहीं डालेंगे, इजरायल को नर्क बना देंगे

**इजराइल**

**हिज्बुल्लाह** नेता नईम कासिम ने घोषणा की है कि समूह की सैन्य क्षमताएं पूरी तरह से लेबनान का आंतरिक मामला हैं और इजराइल के साथ चल रहे संघर्ष के दौरान इन्हें सौदेबाजी की मेज पर नहीं रखा जाएगा। अल जजीरा की एक रिपोर्ट के अनुसार, हिज्बुल्लाह प्रमुख ने इजराइली सैन्य दबाव के खिलाफ कड़ा रुख अपनाते हुए कहा कि उनके लड़ाके लंबे समय तक चलने वाले टकराव के लिए तैयार हैं। कासिम ने टेलीविजन पर प्रसारित अपने संबोधन में कहा कि हम मैदान नहीं छोड़ेंगे। हम इजराइल के लिए इसे नरक बना देंगे। समूह के नेता ने लेबनानी



सरकार के साथ भविष्य में सहयोग के लिए एक रूपरेखा प्रस्तुत की, जिसमें पांच प्रमुख उद्देश्यों पर ध्यान केंद्रित किया गया। इन लक्ष्यों में इजराइली आक्रामकता को समाप्त करके लेबनान की संप्रभुता को सुरक्षित करना, कब्जे वाले क्षेत्रों से इजराइली सेनाओं की पूर्ण वापसी सुनिश्चित करना, बंदियों की रिहाई, विस्थापित नागरिकों की दक्षिणी लेबनान में सुगम वापसी और व्यापक पुनर्निर्माण प्रयास शामिल हैं कासिम विदेशी हस्तक्षेप के मुद्दे पर विशेष रूप से दृढ़ थे।

## भारत से खूंखार हथियार लेकर निकला यूएई! वैश्विक कूटनीति में सनसनी

**यूएई**

**इंदिरा** गांधी अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे के रनवे पर एक ऐसी हलचल हुई जिसने वैश्विक कूटनीति के गलियारों में सनसनी मचा दी। दिल्ली एयरपोर्ट की रैंप पर खड़ा था यूएई वायुसेना का महाबली बोइंग 317 ग्लोब मास्टर 3। चार धधकते हुए इंजन, 51 मीटर से ज्यादा चौड़े पंख और 77 टन पेलोड ले जाने की क्षमता रखने वाला यह विमान भारत की धरती पर उतरा। यह कोई सामान्य लैंडिंग नहीं थी। यह लैंडिंग ठीक उस वक्त हुई जब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अपने यूएई दौरे पर निकलने वाले हैं। दरअसल मित्रता की असली परीक्षा संकट के समय होती है। पिछले कुछ हफ्तों में मिडिल ईस्ट का माहौल गमाया हुआ है। ईरान ने यूएई के फुजेरा पेट्रोलियम जोन पर मिसाइल और ड्रोन हमले किए हैं। जिसमें ना केवल संपत्ति का नुकसान हुआ बल्कि तीन भारतीय नागरिकों के घायल होने की खबर भी सामने आई जिसने भारत की चिंता बढ़ा दी। अब यूएई को अपनी डिफेंस इन्वेंटरी को तुरंत रिफिल करने की जरूरत थी और ऐसे समय में उसने दुनिया के किसी और देश की तरफ नहीं बल्कि भारत की तरफ देखा। आधिकारिक पुष्टि भले ही नहीं हो लेकिन रणनीतिक गलियारों में चर्चा है कि दिल्ली में उतरे इस विमान में भारत की ऑर्डिनेंस फैक्ट्री बोट भारत डायनामिक्स और एलएटी द्वारा निर्मित घातक डिफेंस सप्लाई लोड की गई है और यह संदेश साफ दे दिया गया है कि अगर यूएई की सुरक्षा पर आंच आएगी तो भारत हाथ पर हाथ रखे नहीं बैठेगा।



भारत और यूएई दोनों ही 317 ग्लोब मास्टर उड़ाते हैं। भारत के पास 11 और यूएई के पास 18 विमानों का बेड़ा है। एक ही तरह का प्लेटफार्म होने की वजह से दोनों देशों के बीच लॉजिस्टिक और मेंटेनेंस शेयरिंग बेहद आसान हो गई है। जब यूएई का विमान दिल्ली आता है तो हमारे ग्राउंड रूट उसे अपने विमान की तरह हैंडल करते हैं। यही वो इंटर ऑपरेटिबिलिटी है जो भारत और यूएई के स्ट्रेटेजिक डिफेंस पार्टनरशिप का असली आधार है। असली नीव है। अब सबसे बड़ी बात प्रधानमंत्री मोदी अपनी यूरोप यात्रा के दौरान यूएई में रुकेंगे और राष्ट्रपति शेख मोहम्मद बिन जायद अल नाहयान से मुलाकात भी करेंगे। जनवरी 2026 में जो लेटर ऑफ इवेंट साइन हुआ था अब उसे एक पूर्ण रक्षा समझौते में बदलने का वक्त आ गया है। इस पार्टनरशिप के छह प्रमुख स्तंभ है। पहला है मिसाइल और ड्रोन का साझा उत्पादन। अब केवल खरीदफरोख्त नहीं बल्कि मिलकर हथियार बनाए जाएंगे। दूसरा है जॉइंट आरएडी। भविष्य की तकनीक पर दोनों देशों के वैज्ञानिक साथ में काम करेंगे। तीसरा है स्पेशल फोर्सेस ट्रेनिंग। रेगिस्तानी युद्ध और काउंटर टेररिज्म में महारत साझा करेंगे। चौथा है लॉजिस्टिक सपोर्ट। एक दूसरे के बेस और संसाधनों का उपयोग किया जाएगा। पांचवा है साइबर सुरक्षा यानी कि डिजिटल खतरों से मिलकर लड़ना। आतंकवाद पर कड़ा प्रहार। कट्टरपंथ के खिलाफ एक मजबूत मोर्चा बनाया जाएगा। अब दोस्तों इस पूरी कहानी के पीछे एक मास्टरमाइंड भी है भारत के एनएसए अजीत डोबाल। हाल ही में डोभाल साहब ने यूएई और सऊदी अरब की गुप्त यात्राएं की। मकसद साफ था ईरान इजराइल तनाव के बीच भारत के हितों की रक्षा करना और यह सुनिश्चित करना कि पश्चिमी एशिया में भारत का स्ट्रेटेजिक फुटप्रिंट इतना गहरा हो जाए कि कोई भी ताकत हमें नजरअंदाज ना कर सके।

अखंड भारत संदेश
स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक
स्वामी श्री योगी सत्यम् फॉर
योग सत्संग समिति
द्वारा विपिन इण्टरप्राइजेज
1/6C माधव कुंज
कटरा, प्रयागराज से मुद्रित
एवं
क्रियायोग आश्रम एण्ड अनुसंधान संस्थान
झूंसी, प्रयागराज उत्तर प्रदेश
से प्रकाशित

सम्पादक
स्वामी श्री योगी सत्यम्
RNI NO. UPHIN/2001/09025

प्रबन्धक
अनूप मिश्रा

ऑफिस मो.:
9565333000

Email:
akhandbharatsandesh1@gmail.com

सभी विवादो का न्याय क्षेत्र
प्रयागराज होगा